CMYK

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 05°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, गुरुवार 15 जनवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 159 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 25 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भाजपा का 'बहिष्कार' ड्रामा, अब परदेसी ताकतों का कर रही स्वागत: अखिलेश पेज 2



विराट कोहली वनडे रैंकिंग में फिर से बने नंबर एक खेल टाइम्स



भारतीय सेना युद्धभूमि में अडिग, संकट में राष्ट्र का संबल सम्पादकीय



लश्कर के आतंकी की हिंदुओं का गला काटने की धमकी पेज 12

# ईरान को तुरंत छोड़ दें भारतीय नागरिक, जरूरी कागजात साथ रखें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ईरान में पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से जारी हिंसा और विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। भारत सरकार ने ईरान में बदलती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए वहां रह रहे भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी है।

ईरान में ये विरोध प्रदर्शन पिछले महीने के आखिर में तब शुरू हुए थे, जब ईरानी मुद्रा रियाल रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई थी। इसके बाद ये आंदोलन धीरे-धीरे देश के सभी 31 प्रांतों में फैल गया। शुरुआत में आर्थिक मुद्दों को लेकर शुरू हुए ये प्रदर्शन अब राजनीतिक



बदलाव की मांग में बदल चुके हैं। विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी में कहा है कि भारतीय नागरिक उपलब्ध सभी परिवहन साधनों का उपयोग करें, जिनमें कमर्शियल उड़ानें भी शामिल हैं, ताकि वे सुरक्षित रूप से ईरान से बाहर निकल सकें। सरकार ने दोहराया है कि ईरान में रह रहे सभी भारतीय नागरिक और

- **विदेश मंत्रालय ने जारी एडवाइजरी में सतर्क रहने व संवेदनशील इलाकों से दूर रहने की सलाह दी**
- **भारतीय नागरिक उपलब्ध सभी परिवहन साधनों का उपयोग करें, जिनमें कमर्शियल उड़ानें भी शामिल हैं**

पीआईओ पूरी सतर्कता बरतें। उन्हें किसी भी तरह के विरोध-प्रदर्शन या अशांत क्षेत्रों से दूर रहने, स्थानीय हालात पर नजर बनाए रखने और ईरान स्थित भारतीय दूतावास के नियमित संपर्क में रहने की सलाह दी गई है। ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों से कहा गया है कि वे अपने यात्रा और इमिग्रेशन से जुड़े दस्तावेज, जैसे पासपोर्ट और पहचान पत्र, हर समय अपने पास सुरक्षित और तैयार रखें। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह की सहायता या जानकारी के लिए भारतीय नागरिक तेहरान स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क कर सकते हैं। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि जरूरत पड़ने पर भारतीय नागरिकों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले 5 जनवरी को जारी एडवाइजरी में भी भारत सरकार ने अपने नागरिकों से ईरान की गैर-जरूरी यात्रा से बचने का आग्रह किया था।

## दिल्ली धमाका केस: 5 आरोपियों की तीन दिन की NIA रिमांड

**नई दिल्ली।** दिल्ली बम धमाका मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को बड़ी राहत मिली है। पटियाला हाउस कोर्ट ने डा. शाहीन सईद की 3 दिन की कस्टडी एनआईए को मंजूर कर दी है। इससे पहले उन्हें पिछले महीने न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। अदालत ने मुफ्ती इरफान अहमद, जासिर बिलाल वानी, डा. आदिल अहमद और डा. मुजम्मिल शकील की भी तीन दिन की कस्टडी एनआईए को दी है। सभी आरोपियों को 16 जनवरी को कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति मुर्मू व रक्षा मंत्री ने पूर्व सैनिकों को किया सलाम

**नई दिल्ली।** द्रौपदी मुर्मू और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस पर देश के पूर्व सैनिकों के बलिदान और त्याग को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में देश के पूर्व सैनिकों की वीरता, समर्पण और बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनका अटूट साहस हर भारतीय को प्रेरित करता रहता है। उन्होंने कहा कि ऐसे मौके सैनिकों को श्रद्धांजलि देने और उनके प्रति आभार व्यक्त करने के अवसर होते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि पूर्व सैनिक देश के प्रति गहराई से समर्पित हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी एक्स पर हमारे पूर्व सैनिकों और सेवारत कर्मियों के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि कि उनके बलिदान भारत की सीमाओं की जीवित ढाल बनते हैं और देश की रक्षा करते हैं। उन्होंने पूर्व सैनिकों, सेवारत कर्मियों और उनके परिवारों की गरिमा और कल्याण के प्रति पूर्ण एवं अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की। सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस हर साल 14 जनवरी को फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा, ओबीई, भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ की विरासत और उत्कृष्ट सेवा का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। वह 1953 में इसी दिन सेवानिवृत्त हुए थे।

### सूमाया समूह धोखाधड़ी मामले में 35 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय ने बुधवार को सूमाया समूह और अन्य से जुड़े एक मामले में 35.22 करोड़ रुपये मूल्य की चल और अचल संपत्तियों की कुर्की की घोषणा की। इन संपत्तियों में बैंक बैलेंस, डीमैट होल्डिंग्स और म्यूचुअल फंड जैसी चल संपत्तियां तथा दो अचल संपत्तियां शामिल हैं। ईडी ने यह जांच धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शुरू की थी, जो वर्ली पुलिस थाने द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर की गई। प्राथमिकी में सूमाया इंडस्ट्रीज लिमिटेड, उसके प्रमोटर्स और अन्य व्यक्तियों एवं संस्थाओं पर आरोप है कि उन्होंने भविष्य की 'नीड टू फीड' योजना के तहत लाभ दिलाने का झूठा वादा कर लगभग 137 करोड़ रुपये का गबन किया है।

### दिल्ली में भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद के घर लगी आग

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद के यहां स्थित आवास में बुधवार सुबह आग लग गई। श्री प्रसाद राष्ट्रीय राजधानी में मदर टेरेसा क्रिसेंट मार्ग पर कोठी नंबर 21 में रहते हैं। दमकल विभाग के मुताबिक आग घर के एक कमरे में बिस्तर से शुरू हुई। एक अधिकारी ने बताया कि हमें सुबह आठ बजे घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही हमने दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजे। सुबह 8:30 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और स्थानीय पुलिस को भी सूचना दे दी गई है।

# आईपीएसी रेड: TMC की याचिका खारिज

**जांच एजेंसी के वकील एएसजी राजू ने कोर्ट में ऑन रिकॉर्ड कहा: एजेंसी ने पार्टी दफ्तर से कुछ भी जब्त नहीं किया** | **जब सरकार कह रही है, कुछ भी जब्त नहीं हुआ, तो अब मामले में कुछ बचता ही नहीं: कलकत्ता हाईकोर्ट**

कोलकाता, वार्ता

**कलकत्ता हाईकोर्ट** ने आईपीएसी रेड मामले में बुधवार को टीएमसी की याचिका खारिज कर दी। पार्टी ने आरोप लगाया था कि जांच एजेंसी (ईडी) ने 8 जनवरी को आईपीएसी के आईटी हेड प्रतीक जैन के ऑफिस पर रेड मारकर कुछ कागजात जब्त किए थे।

इस पर जांच एजेंसी के वकील एएसजी राजू ने ऑन रिकॉर्ड कहा कि एजेंसी ने पार्टी दफ्तर से कुछ भी जब्त नहीं किया है। कोर्ट ने कहा कि जब ईडी ने कुछ भी जब्त न करने की बात की है, तो अब इस मामले पर सुनवाई के लिए कुछ नहीं बचता है। याचिका को खारिज किया जाता है। सुनवाई के दौरान ईडी की तरफ से पेश एएसजी राजू ने कहा कि अगर कोई रिकॉर्ड जब्त किया गया है तो वह एजेंसी ने नहीं, बल्कि ममता बनर्जी ने किया है। ममता अपने साथ गैरकानूनी तरीके से फाइलें ले गई थीं।



- **कोर्ट ने कहा: इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में पहले ही याचिका लगाई जा चुकी है**



हाईकोर्ट ने ईडी की तरफ से दाखिल याचिका पर सुनवाई भी टाल दी है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में पहले ही याचिका लगाई जा चुकी है। इस पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद सुनवाई होगी। ईडी ने दलील दी कि इस मामले में आई-पीएसी के सह-संस्थापक प्रतीक जैन को खुद याचिका दायर करनी चाहिए थी। टीएमसी (तृणमूल कांग्रेस) के कौन-से अधिकार का उल्लंघन हुआ है? उनका कहना था कि यह रिट याचिका सिर्फ चुनाव, चुनाव और चुनाव की बात करती है, लेकिन कहीं यह नहीं बताती कि किसी अधिकार का हनन कैसे हुआ। वकील ने कहा कि अगर आई-पीएसी ऑफिस से कोई डेटा जब्त किया गया है, तो उसका याचिकाकर्ता से सीधा संबंध कैसे बनता है, यह भी साफ नहीं किया गया है। टीएमसी पार्टी की तरफ से पेश वकील गुरुस्वामी बोले कि हमारी याचिका सिर्फ एक सीमित मुद्दे पर है। पार्टी का निजी राजनीतिक डेटा सुरक्षित रहे। किसी राजनीतिक पार्टी को डराना या दबाव में लेना ठीक नहीं है, खासकर तब जब पार्टी ने यह याचिका इस डर से दायर की कि उसके 6 साल पुराने राजनीतिक सलाहकार (कंसल्टेंट) के दफ्तर से उसका डेटा लिया जा सकता है। गुरुस्वामी बोले कि राज्य चुनाव से कुछ महीने पहले राजनीतिक सलाहकार के ऑफिस पर छापा पड़ना संदेह पैदा करता है। अगर एएसजी राजू यह कह रहे हैं कि ईडी ने कुछ भी जब्त नहीं किया, तो इस बात को रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए और इसी आधार पर याचिका का निपटारा कर दिया जाए। ईडी की तरफ से सरकार का पक्ष रख रहे एएसजी राजू ने कहा कि अगर कोई रिकॉर्ड जब्त किया गया है, तो वह ईडी (ईडी) ने नहीं, बल्कि ममता बनर्जी ने किया है।

# यूपी के 19 शहरों का टेम्परेचर शिमला से कम

## सबसे कम टेम्परेचर 2.1 डिग्री मुजफ्फरनगर का रहा

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में बुधवार को तेज सर्दी का असर रहा। राज्य के 19 शहरों का मिनिमम टेम्परेचर शिमला (6.6 डिग्री सेल्सियस) से कम रहा। सबसे कम टेम्परेचर 2.1 डिग्री सेल्सियस मुजफ्फरनगर का रहा। मेरठ-सम्भल समेत 25 जिलों में घना कोहरा छाया है। बिजनौर में बस पलटने से 38 यात्री घायल हुए हैं।

हरियाणा में बुधवार को सीवियर कोल्डवेव का ऑरेंज अलर्ट रहा। 14 जिलों में तेज सर्दी का ऑरेंज अलर्ट है। बाकी जिलों में घना कोहरा और कोल्ड डे की स्थिति रहेगी। पिछले 24 घंटों में हरियाणा का अधिकतम टेम्परेचर 3.8 डिग्री सेल्सियस गिरा है। करनाल में तापमान 10.0 डिग्री सेल्सियस रहा। राजस्थान के 5 जिलों में सर्दी का येलो अलर्ट है। शुक्रवार से प्रदेश का मौसम साफ रहेगा। कोल्डवेव से भी राहत मिलेगी। मंगलवार को राज्य में अधिकतम तापमान 27.0 डिग्री सेल्सियस पहुंचा। गंगानगर, हनुमानगढ़ को छोड़कर



- **मेरठ-सम्भल समेत 25 जिलों में घना कोहरा छाया**

बाकी जिलों में अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस-27डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। बिहार के 18 जिलों में मिनिमम टेम्परेचर 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। सबसे कम भागलपुर के सबौर में 5.9 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तराखंड में पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में झरने जम गए हैं। तापमान भी माइनस 16 डिग्री सेल्सियस है।

### कश्मीर में शीतलहर का प्रकोप बढ़ा, शोपियां सबसे ठंडा रहा

**श्रीनगर।** कश्मीर में पिछली रात ज्यादातर जगहों पर न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज की गई और शोपियां घाटी -7.5 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे ठंडा इलाका रहा। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में न्यूनतम तापमान -7.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पूरा इलाका भीषण ठंड की चपेट में रहा, जबकि कुपवाड़ा और पहलगाम में न्यूनतम तापमान क्रमश: -6.2 डिग्री सेल्सियस और -6.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान -3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सोनमर्ग में न्यूनतम तापमान -2.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

### दिल्ली-एनसीआर में ठिठुरन बढ़ी, जनजीवन प्रभावित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी और इसके आसपास के इलाकों में बुधवार सुबह भीषण शीतलहर और अचानक छाए घने कोहरे के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दिल्ली में न्यूनतम तापमान 3. 8 डिग्री रहने के साथ भीषण शीतलहर का प्रकोप जारी है। सुबह के समय दिल्ली-एनसीआर में कोहरे की घनी चादर छाई रही। कोहरे के कारण दृश्यता में कमी देखी गई। दिल्ली एयरपोर्ट ने कम दृश्यता को लेकर परामर्श जारी किया और यात्रियों को उड़ान की जानकारी के लिए अपनी एयरलाइन कंपनियों से संपर्क करने की सलाह दी, हालांकि विमानों का संचालन सामान्य रहा।

# नशे में थे जुबीन गर्ग, लाइफ जैकेट पहनने से कर दिया था इन्कार

**सिंगापुर।** मशहूर सिंगर जुबीन गर्ग की मौत का मामला अभी भी सुलझा नहीं है। अब इस मामले में एक बड़ी जानकारी सामने आई है। सिंगर की मौत सिंगापुर में हुई थी।

अब सिंगापुर की एक अदालत को मुख्य जांच अधिकारी की ओर से बुधवार को बताया गया कि जुबीन गर्ग पिछले सितम्बर में लाजरस द्वीप के पास अत्यधिक नशे में थे और लाइफ जैकेट पहनने से इन्कार करने के बाद डूब गए थे। मुख्य जांच अधिकारी ने अदालत को जांच की शुरुआत में बताया कि गायक ने पहले लाइफ जैकेट पहनी

- **सिंगापुर की अदालत में जांच अधिकारी का दावा**

थी, लेकिन बाद में उसे उतार दिया और फिर उन्हें दी गई दूसरी लाइफ जैकेट पहनने से भी इन्कार कर दिया। उस समय जुबीन गर्ग अत्यधिक नशे में थे और कई गवाहों ने उन्हें नौका की ओर वापस तैरने की कोशिश करते देखा। जब वे बेहोश हो गए और उनका चेहरा पानी में डूब गया। गर्ग को तुरंत नौका पर वापस लाया गया और उन्हें सीपीआर दिया गया, लेकिन उसी दिन बाद में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

# थोक मुद्रास्फीति की दर दिसम्बर में बढ़कर 0.83 प्रतिशत रही

**नई दिल्ली।** विनिर्मित उत्पादों के दाम बढ़ने से दिसम्बर 2025 में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 0.83 प्रतिशत पर पहुंच गई। सितम्बर 2025 के बाद तीन महीने में पहली बार थोक महंगाई की दर शून्य से ऊपर रही है। इससे पहले नवम्बर में यह शून्य से 0.32 प्रतिशत नीचे थी। वहीं दिसम्बर 2024 में यह 2.57 प्रतिशत रही थी। खाद्य पदार्थों की थोक महंगाई दर गत दिसम्बर में शून्य रही। यह नवम्बर में शून्य से 2.6 प्रतिशत नीचे रही थी।

दिसम्बर में सालाना आधार पर आलू, प्याज और दालों की कीमतों में भारी गिरावट देखी गई। प्याज 54.4 प्रतिशत, आलू 38.21 प्रतिशत और दालें 13.88 प्रतिशत सस्ती हुई।



- **सालाना आधार पर आलू, प्याज और दालों की कीमतों में भारी गिरावट देखी गई**

सब्जियों के दाम भी 3.5 प्रतिशत घटे। वहीं, दूध के दाम 3.23 फीसदी और अंडे, मांस और मछलियों के 1.14 प्रतिशत बढ़े।

# अमेरिका को पछाड़ दूसरा सबसे बड़ा सोलर बाजार बनेगा भारत

मुंबई, वार्ता

**भारत का सौर** ऊर्जा क्षमता निर्माण बाजार 2026 में छह प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का सबसे बड़ा सोलर बाजार बन जाएगा। वैश्विक जिंस बाजार अनुसंधान फर्म ब्लूमबर्गएनईएफ (बीएनईएफ) की बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई ।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की सौर ऊर्जा क्षमता निर्माण की वर्तमान गति से 2030 तक पांच लाख मेगावाट की स्वच्छ ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य लगता है लेकिन 2024 में नीलाम कई परियोजनाओं को अब भी बिजली के खरीदारों का इंतजार है, जो लक्ष्य की राह में एक जोखिम है। इसमें सौर ऊर्जा मॉड्यूल की उत्पादन क्षमता घरेलू मांग से अधिक हो चुकी है। इसके साथ ही इनके निर्माण में कुछ कच्चे माल और हिस्से पुर्जों



के लिए आयात निर्भरता बनी हुई है। बीएनईएफ की ओर से मीडिया को उपलब्ध कराई गई इस रिपोर्ट के सारांश में कहा गया है कि इस वर्ष चीन की धीमी गति पड़ेगी और इससे पहली बार वैश्विक सोलर निर्माण में कुल मिला कर कमी होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी सौर निर्माण बाजार में तेज गिरावट दिख रही है और 2026 में भारत

- **बीएनईएफ ने एक रिपोर्ट में दी जानकारी**
- **भारत की सौर ऊर्जा क्षमता निर्माण की वर्तमान गति से 2030 तक पांच लाख मेगावाट की स्वच्छ ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य**

दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोलर बाजार बनने के लिए तैयार है। अमेरिका में गिरावट के बीच सौर ऊर्जा इंस्टॉलेशन (स्थापना) में नाम मात्र की वृद्धि जारी है। बीएनईएफ के अनुमान के अनुसार भारत में सौर बिजली क्षमता निर्माण छह प्रतिशत की वृद्धि के साथ 50,000 मेगावाट से थोड़ा अधिक रहेगा। देश में अधिकांश नई क्षमता बड़ी परियोजनाओं के माध्यम बनेगी। इसके अलावा सरकारी सब्सिडी से आवासीय रूफटॉप सौर प्रणाली को बढ़ावा मिल रहा है। अमेरिका में जनकल्याण योजनाओं पर सब्सिडी की कटौती वाले 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट' के कारण इस साल वहां सौर बिजली स्थापना में 14 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। इस विधेयक के अंतर्गत अमेरिका में नए वर्ष में शुरू होने वाली परियोजनाओं को कम लाभ के लिए विदेशी संस्था से संबंधित नियमों का पालन करना होगा, जिससे परियोजना विकास करने वाली कंपनियों के लिए एक और बाधा पैदा होगी। इससे अमेरिका सौर ऊर्जा क्षमता निर्माण में भारत से पीछे आ जाएगा, जबकि वह 2019 से लगातार दूसरे स्थान पर था। चीन वार्षिक वृद्धि में अपेक्षित गिरावट के बावजूद, काफी बड़े अंतर से दुनिया का सबसे बड़ा सोलर बाजार बना हुआ है।

# पूर्व सैनिक राष्ट्रीय चेतना के जीवंत स्तंभ और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों के शौर्य, बलिदान और समर्पित सेवा को नमन करते हुए उन्हें राष्ट्रीय चेतना के जीवंत स्तंभ तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बताया है। श्री सिंह ने10 वें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिक दिवस समारोह में हिस्सा लिया।

इस मौके पर रैलियां, पुष्पांजलि अर्पण समारोह, शिकायत निवारण काउंटर तथा सहायता एवं सुविधा डेस्क लगाए गए। मुख्य समारोह दिल्ली छावनी के मानेकशॉ सेंटर में हुआ जिसमें दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से लगभग 2500 पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। रक्षा मंत्री ने

- **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिक दिवस समारोह में लिया हिस्सा**

अपने संबोधन में पूर्व सैनिकों के शौर्य, बलिदान और समर्पित सेवा को नमन करते हुए उन्हें राष्ट्रीय चेतना के जीवंत स्तंभ तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बताया। उन्होंने पूर्व सैनिकों से युवाओं का मार्गदर्शन करने, अग्निवीरों और युवा सैनिकों को सही दिशा देने, आपात स्थितियों में नागरिक प्रशासन का सहयोग करने, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने का आह्वान किया।

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### प्रयागराज में चार लड़कों की तालाब में डूबने से मौत

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में दो सगे भाई समेत चार लड़कों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मंगलवार शाम को चारों तालाब के पास खेल रहे थे। उसके बाद काफी देर तक घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने तलाश की। लेकिन कुछ पता नहीं चला। बुधवार सुबह चारों के शव तालाब में तैरते हुए नजर आए। हादसा पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के सल्लाहपुर के पास कुसुआ गांव में हुआ है। मृतकों में तीन नाबालिग और एक 19 वर्षीय लड़का है। पुलिस ने कहा कि मृतकों की शिनाख्त 19 साल के करन पुत्र राजेश, 10 साल के प्रियांशु पुत्र संजीव और दो सगे भाई 10 साल का प्रिस और 13 साल के प्रतीक के रूप में हुई है। पुलिस ने चारों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रो के अनुसार वे कल शाम खेलते खेलते तालाब की तरफ गए और उसके बाद चारों तालाब में नहाने लगे, जिसके बाद वो सभी एक साथ गहरे पानी में चले गए और डूब जाने के बाद सभी की मौत हो गई। चारों की मौत के बाद परिवार में मातम का माहौल है।

### श्रद्धालुओं ने लगाई संगम घाटों पर आस्था की डुबकी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के संगम की रेती पर आयोजित हो रहे माघ मेले के दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति के पहले संगम तट पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। एकादशी के पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम के विभिन्न घाटों पर आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। एकादशी के पर्व पर सुबह 6:00 तक 9:30 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगा ली है। मेला पुलिस अधीक्षक नीरज पांडेय के मुता. बिक मकर संक्रांति पर्व दो दिन स्नान की परंपरा रही है।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शीतलहर ने बरपाया कहर

## वेस्ट यूपी के कई जिलों में तापमान और अधिक गिरा, लोग थर्राये

शाह टाइम्स ब्यूरो



**मुजफ्फरनगर प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा जहां न्यूनतम तापमान गिरकर 2.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड का सिलसिला जारी है। राजधानी लखनऊ में बुधवार को इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी सुबह दर्ज की। शहर में न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो चार जनवरी को दर्ज छह डिग्री सेल्सियस के पिछले न्यूनतम स्तर से 0.4 डिग्री कम है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तापमान और अधिक गिर गया। मुजफ्फरनगर प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा, जहां न्यूनतम तापमान गिरकर 2.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह सामान्य से 3.5 डिग्री कम है और बीते दो वर्षों में दर्ज किया गया सबसे कम तापमान है। मेरठ में न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री (सामान्य से 3.4 डिग्री कम), बरेली में तीन डिग्री, कानपुर शहर में चार डिग्री और हरदोई में 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि रात के तापमान में गिरावट के कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शीतलहर और पाला पड़ने की स्थिति बनी हुई है, हालांकि दिन में मौसम अपेक्षाकृत सुहावना रहने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार बुधवार और गुरुवार को भी प्रदेश के कई हिस्सों में शीतलहर का असर बना रहेगा। लखनऊ में आज अधिकतम तापमान लगभग 21 डिग्री और न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद हवाओं की दिशा उत्तर-पश्चिमी हो गई है, जिससे बीते 48 घंटों में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में दिन और रात के तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। इसके कारण पश्चिमी प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान चार डिग्री से नीचे चला गया, जिससे मेरठ, मुजफ्फरनगर और बरेली में शीतलहर की स्थिति बनी। आगामी 48 घंटों में मौसम में कोई बड़ा बदलाव होने का कोई नहीं अनुमान नहीं है। आगरा, अलीगढ़, मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद और रोहिलखंड मंडल के कुछ हिस्सों में शीतलहर और पाले का असर जारी रह सकता है।

# युवा शक्ति ही सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण करेगी: जनरल द्विवेदी

नई दिल्ली, वार्ता



सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों से अनुशासन तथा समर्पण के साथ देश सेवा का आह्वान करते हुए कहा है कि युवा शक्ति ही सशक्त, आत्मनिर्भर और विक. सित भारत का निर्माण करेगी।

जनरल द्विवेदी ने बुधवार को यहां दिल्ली छावनी में एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा किया। कैडेटों को संबोधित करते हुए उन्होंने उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के कथन का हवाला दिया और युवाओं को 'नए भारत का चेहरा' बताया। उन्होंने कहा कि युवा देश की सबसे सशक्त जनसांख्यिकी शक्ति हैं, जो अनुशासन, उद्देश्य और प्रतिबद्धता के माध्यम से राष्ट्रीय परिवर्तन का नेतृत्व करने में सक्षम हैं। सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कैडेटों के योगदान को भारत की दृढ़ता का प्रतीक बताया। इस अभियान के दौरान देशभर में 75,000 से अधिक एनसीसी कैडेट ने नागरिक सुरक्षा, अस्पताल प्रबंधन, राहत सामग्री वितरण और सामुदायिक सेवा में स्वेच्छा से योगदान दिया। आधुनिक. ीकरण पर जोर देते हुए उन्होंने कैडेट प्रशिक्षण में शामिल नए उपायों की सराहना की, जिनमें ड्रोन प्रशिक्षण की शुरुआत, पुणीत सागर अभियान, एक भारत श्रेष्ठ भारत, एक पेड़ मां के नाम, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और स्वच्छ भारत अभियान जैसे राष्ट्रीय अभियानों में भागीदारी शामिल है। उन्होंने बताया कि युवा आपदा मित्र योजना के तहत 28 राज्यों के 315 जिलों में 94,400 कैडेट्स को आपदा तैयारी का प्रशिक्षण दिया गया है। इसके अतिरिक्त 35,000 से अधिक कैडेट ने देशभर में सेना की इकाइयों और सैन्य अस्पतालों के साथ प्रशिक्षण हासिल किया है। जनरल द्विवेदी ने कहा कि एनसीसी सशस्त्र बलों में प्रवेश का एक महत्वपूर्ण माध्यम बना हुआ है और इस वर्ष 150 से अधिक कैडेट का सैन्य प्रशिक्षण अकादमियों में चयन हुआ है।

# संभल फायरिंग में उत्तर प्रदेश सरकार का झूठ उजागर हुआ: भाकपा

लखनऊ, वार्ता

**सीओ अनुज, कोतवाल सहित 20 पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश को मुद्दा बनाया**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) ने बुधवार को कहा कि संभल में 24 नवम्बर 2024 को हुई हिंसा में अदालत ने तत्कालीन सीओ अनुज चौधरी, कोतवाल सहित 20 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है, जिससे प्रदेश सरकार का झूठ उजागर हुआ है।

पार्ट के कार्यकारी राज्य सचिव ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि कोर्ट के फैसले से यह पुख्ता हुआ है कि संभल हिसा राज्य प्रायोजित थी। संभल की शाही जामा मस्जिद को 'हरिहर मंदिर' बताकर विवाद खघ करने के प्रकरण में पांच मुस्लिम युवक मारे गए थे। सभी को गोली लगी थी, लेकिन पुलिस ने खुद की गोली से मौतें होने से इनकार किया था। राज्य सरकार ने भी पुलिस की बात को ही दोहराया था। उल्टे आरोप प्रदर्शनकारियों पर ही मढ़ दिया गया था कि उन्हीं की ओर से चलाई गई गोली से मौतें हुईं। पुलिस जांच में पुलिसकर्मियों को क्लीन चिट दी गई थी। कुशवाहा ने कहा कि संभल की सीजेएम कोर्ट द्वारा एक मृतक लघ्के के पिता की याचिका पर सुनवाई के बाद मंगलवार को दिए फैसले से स्पष्ट हो गया कि पुलिस और सरकार द्वारा स्थापित किए गए आख्यान में सच को छुपाया गया। मामले की जांच के लिए सरकार द्वारा गठित न्यायिक आयोग ने भी झूठ नहीं पकघ। कोर्ट ने आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू करने का आदेश दिया है। लेकिन संभल पुलिस अधीक्षक का यह कथन की उच्चतर न्यायालय में इस फैसले के खिलाफ अपील होने तक एफआईआर नहीं दर्ज की जाएगी, न्यायपालिका की अवहेलना है।

## 2025 में भारतीय रुपया एशिया की सबसे कमजोर करेंसी साबित हुआ: कांग्रेस

# पीएम मोदी ने बर्बाद कर दी देश की अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली।



**चीनी युआन का प्रदर्शन भारतीय रुपये के मुकाबले बेहतर रहा है, डॉलर के मुकाबले रुपये की रिकॉर्ड गिरावट दर्ज**

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए कहा है कि उनकी गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था बर्बाद हो गई है और यही वजह है कि 2025 में भारतीय रुपया एशिया की सबसे कमजोर करेंसी साबित हुआ है।

कांग्रेस ने कहा कि एशिया की बाकी करेंसी के मुकाबले रुपया सबसे ज्यादा गिरा है, जबकि चीनी युआन का प्रदर्शन भारतीय रुपये के मुकाबले बेहतर रहा है। पार्टी का कहना है कि डॉलर के मुकाबले रुपये की रिकॉर्ड गिरावट न सिर्फ अर्थव्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि यह हमारी साख का भी सवाल बन गया है। पार्टी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया एक्स पेज पर बुधवार को एक पोस्ट में कहा कि एशिया में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली करेंसी बना रुपया और 2025 में रुपये ने एशिया के देशों की बाकी करेंसी के मुकाबले सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की है। जहां डॉलर के मुकाबले रुपया 6.03 प्रतिशत कमजोर हुआ, वहीं चीनी युआन ने बेहतर प्रदर्शन किया है। पार्टी ने कहा कि रुपये में ऐसी रिकॉर्ड गिरावट- न सिर्फ हमारी अर्थव्यवस्था बल्कि भारत की साख पर भी सवाल खड़े कर रही है। पार्टी ने प्रधानमंत्री को घेरते हुए कहा कि श्री मोदी देश को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने देशवासियों को मकर संक्रांति, पोंगल, सुग्गी हब्बा, माघी, भोगली बिहू, खिचड़ी, पौष, उत्तरायण और मकरविलक्कु पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सबकी खुशहाली की कामना की है। खड़गे ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक संदेश में कहा कि जीवंत फसल परंपराओं को एकजुट होकर मनाने के इस पर्व पर कामना है कि वातावरण कृतज्ञता, आनंद और एकता से भरा हो। इस पर्व पर हम सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। मकर संक्रांति, पोंगल, सुग्गी हब्बा, माघी, भोगली बिहू, खिचड़ी, पौष पर्व, उत्तरायण और मकरविलक्कु के उत्सव सभी के लिए असीम खुशियां, अच्छा स्वास्थ्य और स्थाई समृद्धि लेकर आएं। गांधी ने कहा कि मकर संक्रांति, पोंगल, सुग्गी हब्बा, माघी, भोगली बिहू, खिचड़ी, पौष पर्व, उत्तरायण और मकरविलक्कु की शुभकामनाएं।

### भाजपा का 'बहिष्कार' ड्रामा, अब परदेसी ताकतों का कर रही स्वागत: अखिलेश यादव



**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा और उसके संगी-साथी स्वदेशी का नारा लगाते-लगाते अब परदेसी हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग कल तक चीन से आयात और चीनी सामान के बहिष्कार की बातें कर रहे थे, वही आज खुलेआम उसका स्वागत कर रहे हैं। बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा के वैचारिक उस्ताद पड़ोसी देश से एकदलीय व्यवस्था का 'मास्टर क्लास' ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस स्तर तक अब मुलाक. ात पहुंच गई है, उससे साफ है कि इसकी तैयारी कई वर्षों से चल रही थी। ऐसे में बहिष्कार का यह सारा ड्रामा केवल समर्थकों की आंखों में धूल झोंकने के लिए किया गया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा समर्थक, जो चीनी सामान के बहिष्कार के लिए घर-घर जाकर प्रचार कर रहे थे। आज खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।



**सेंसेक्स** 83382.71
**निफ्टी** 25665.60



**सोना रु.** 138450
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 254620
प्रति किलो



# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच गिरावट में बंद हुए प्रमुख सूचकांक

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को उतार-चढ़ाव देखा गया और प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 244.98 अंक (0.29 प्रतिशत) गिरकर 83,382.71 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 66.70 अंक यानी 0.26 प्रतिशत उतरकर 25,665.60 अंक पर रहा। यह दोनों सूचकांकों का 07 नवम्बर 2025 के बाद का निचला स्तर है। इससे पहले शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में उतार-चढ़ाव रहा। बीच कारोबार में सेंसेक्स ऊपर 83,809.98 अंक और नीचे 83,185.20 अंक तक गया। दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने लिवाली की। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.12 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.67 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटी, ऑटो, एफएमसीजी, फार्मा, रियलटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों की कंपनियों पर दबाव अधिक रहा। वहीं धातु और सार्वजनिक बैंकिंग सेक्टरों में जबरदस्त तेजी देखी गई। तेल एवं गैस, स्वास्थ्य और वित्तीय क्षेत्रों की कंपनियों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स और टीसीएस का शेयर दो प्रतिशत से अधिक टूटा। मारुति सुजुकी, सनफार्मा, हिंदुस्तान यूनीलिवर, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूटे। एलएंडटी, इंडिगो, टाइटन, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारती एयरटेल के शेयर भी लाल निशान में रहे। टाटा स्टील में साढ़े तीन प्रतिशत से अधिक तेजी दर्ज की गई। एनटीपीसी का शेयर भी करीब सवा तीन प्रतिशत और एक्सिस बैंक का लगभग तीन प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट, इटरनल और बीईएल के शेयर एक फीसदी से ज्यादा चढ़े। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर भी हरे निशान में बंद हुआ।

# चांदी तीन दिन में 34 हजार रुपये बढ़ी, सोना 1.42 लाख रुपये के ऑल टाइम हाई पर

मुंबई। सोने-चांदी के दाम 14 जनवरी को लगातार तीसरे दिन ऑल टाइम हाई पर हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी की कीमत 14,145 रुपये बढ़कर 2,77,175 रुपये हो गई है। कल इसने 2,63,032 रुपये का ऑल टाइम हाई बनाया था। तीन दिन में चांदी 34 हजार रुपये से ज्यादा महंगी हो चुकी है। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,868 रुपये बढ़कर 1,42,152 रुपये के ऑल टाइम हाई पर ओपन हुआ है। कल इसकी कीमत 1,40,482 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बान्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। पिछले साल यानी 2025 में सोने की कीमत 57,033 रुपये बढ़ी है। 31 दिसम्बर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपये का था, जो 31 दिसम्बर 2025 को 1,33,195 रुपये हो गया। चांदी का भाव भी इस दौरान 1,44,403 रुपये बढ़ा। 31 दिसम्बर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपये थी, जो इस साल के आखिरी दिन 2,30,420 रुपये प्रति किलो हो गई। अमेरिका के ब्याज दर घटाने से डॉलर कमजोर हुआ और सोने की होल्डिंग कास्ट कम हुई, इससे लोग खरीदने लगे। रूस-यूक्रेन जंग और दुनिया में तनाव बढ़ने से निवेशक सोने को सबसे सुरक्षित निवेश मानकर खरीद रहे हैं।

# चावल नरम, गेहूं, चीनी के दाम बढ़े दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुत्रावार को चावल के औसत भाव गिर गए। गेहूं और चीनी की कीमतों में तेजी रही। वहीं, दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 50 रुपये घटकर 3,814 रुपये प्रति क्विटंल रह गई। गेहूं 22 रुपये महंगा हुआ और 2,885 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गया। आटे की कीमत भी 16 रुपये बढ़ गई। दाल.दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। चना दाल औसतन 27 रुपये और तुअर दाल तीन रुपये प्रति क्विटंल सस्ती हुई। वहीं, उड़द दाल की कीमत 24 रुपये और मसूर दाल की 16 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विटंल महंगी हुई।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 21 रिंगिट की गिरावट के साथ 4,043 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.63 प्रतिशत चढ़कर 50.53 डॉलर प्रति सैकड़ा पाउंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 73 रुपये और सोया तेल की 14 रुपये प्रति क्विटंल गिर गई। मूंगफली तेल के दाम 104 रुपये और सूरजमुखी तेल के 83 रुपये बढ़े। वनस्पति में 67 रुपये और पाम ऑयल में 51 रुपये प्रति क्विटंल का उछाल आया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव लगभग गत दिवस के अवसर पर टिके रहे। चीनी भी आठ रुपये प्रति क्विटंल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे : दाल.दलहन : दाल चना 7767.81 रुपये, मसूर काली 8169.67 रुपये, मूंग दाल 10117.83 रुपये, उड़द दाल 10441.82 रुपये, तुअर दाल 10613.64 रुपये प्रति क्विटंल।

अनाज : द्धभाव प्रति क्विटंलऋ गेहूं दड़ा 2885.38 रुपये और चावल 3813.60 रुपये प्रति क्विटंल। आटा द्धगेहूंऋ 3325.26 रुपये प्रति क्विटंल।

चीनी.गुड़ : चीनी एस 4310.57 रुपये और गुड़ 5010.59 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए।

# पाटिल ने नमामि गंगा मिशन के तहत की डॉल्फिन बचाव एम्बुलेंस की शुरुआत

**नई दिल्ली।** जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा है कि सरकार नदियों को केवल जलमार्ग के रूप में नहीं, बल्कि जीवन-सहायक पारिस्थितिकी के रूप में संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है और नदी स्वास्थ्य का सच्चा सूचक जलीय जैव विविधता का फलना-फूलना है।

पाटिल ने बुधवार को उत्तराखंड के देहरादून में भारतीय वन्यजीव संस्थान में नमामि गंगा मिशन के तहत कई महत्वपूर्ण पहलों का उद्घाटन किया। उन्होंने गंगा नदी में जैव विविधता संरक्षण के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन परियोजना के परिणामों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि भारत अब न केवल अपनी नदियों को साफ करने बल्कि उनकी जैव विविधता, जलीय जीवन और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं कि आने वाली पीढ़ियां को एक स्वस्थ, संतुलित और जीवनदाई नदी प्रणाली विरासत में मिले। केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान डॉल्फिन रेस्क्यू एम्बुलेंस का उद्घाटन भी किया और कहा कि इससे डॉल्फिन संरक्षण के लिए जारी प्रयासों को और मजबूती मिलेगी। यह एम्बुलेंस गंगा डॉल्फिनों के लिए शीघ्र, संवेदनशील और वैज्ञानिक रूप से सुसज्जित जीवन रक्षक सहायता प्रदान करेगी। डॉल्फिन नदी के स्वास्थ्य का एक संवेदनशील संकेतक है और एम्बुलेंस डॉल्फिन संरक्षण और बचाव का एक बड़ा प्रयास है। पाटिल ने इस दौरान वर्ल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के शोधकर्ताओं और एमएससी छात्रों से भी बातचीत की। नमामि गंगा कार्यक्रम के तत्वावधान में संस्थान ने मीठे जल के संरक्षण में दो वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरू किया है। इसमें छात्रों को विज्ञान, क्षेत्र कार्य और नीतिगत अध्ययनों के माध्यम से भारत की नदियों, आर्द्रभूमि और मीठे जल के पारिस्थितिकी तंत्र को समझने और संरक्षित करने का प्रशिक्षण दिया जाता है।

### भाजपा ने केरल सरकार पर 'हिंदू विरोधी' होने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने बुधवार को केरल की वामपंथी सरकार पर 'हिंदू विरोधी होने का आरोप लगाया। यह आरोप केरल के राजस्व अधिकारियों द्वारा तिरुनावाया में आगामी 'महा माघ' उत्सव के लिए एक अस्थाई पुल के निर्माण को रोकने का आदेश जारी करने के बाद लगाया गया है। पूनावाला ने कहा कि उत्सव के लिए आवश्यक पुल के काम को रोकना इस आयोजन को जानबूझकर बाधित करने की एक कोशिश है।

### भाजपा ने राहुल के अस्मिता के आरोप को तथ्यों से परे बताया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तमिल आवाज दबाने के आरोप को सिरे से नकारते हुए इसे तथ्यहीन और बेबुनियाद करार दिया। भाजपा प्रवक्ता गुरु प्रकाश पासवान ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांधी के बयान को शर्मनाक बताते हुए इसे तर्कहीन और वास्तविकता से परे कहा। पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 11 वर्षों में तमिल भाषा, संस्कृति और अस्मिता के प्रति जिस स्तर की संवेदनशीलता और सम्मान दिखाया है, वैसा भारत के इतिहास में पहले कभी देखने को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यह पहली बार हुआ है जब तमिल भाषा और तमिल संस्कृति को न केवल देश के भीतर, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी गौरव और सम्मान के साथ प्रस्तुत किया गया है। पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक मंचों पर तमिल भाषा, तमिल साहित्य और तमिल विरासत की पहचान को सशक्त रूप से आगे बढ़ाया है।

# सरकार ने शुरू कर दी है अरावली ग्रीन वॉल परियोजना: भूपेंद्र यादव

नई दिल्ली, वार्ता



**इस पहल के तहत अरावली क्षेत्र में बेकार भूमि की पहचान की गई**

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा है कि सरकार ने संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम (यूएनसीसीडी) सम्मेलन के तहत भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए अरावली ग्रीन वॉल परियोजना शुरू की है। यादव ने बुधवार को यहां कहा कि इस पहल के तहत, अरावली क्षेत्र में बेकार भूमि की पहचान की गई है।

इस काम में 29 अरावली जिलों के प्रभागीय वन अधिकारी शुष्क और अर्ध-शुष्क परिस्थितियों के अनुकूल देशी प्रजातियों के वृक्षारोपण परियोजना को कार्यान्वित कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को एक पोस्ट में कहा कि आज दिल्ली में संकला फाउंडेशन द्वारा आयोजित अरावली परिदृश्य के पारिस्थितिक पुनर्स्थापन पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर संकला फाउंडेशन द्वारा बनाई गई 'इको-रिस्टोरेशन ऑफ द अरावली लैंडस्केप' रिपोर्ट का विमोचन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हम 'अरावली ग्रीन वाल' प्रोजेक्ट पर पूरी संकल्पशक्ति से काम कर रहे हैं। अरावली ग्रीन वॉल परियोजना के तहत क्षेत्र में 64.5 लाख हेक्टेयर बेकार भूमि की पहचान की गई है, जिनमें से गुजरात, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में 27 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में हरितकरण का कार्य शुरू किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अरावली की 97 वर्ग किलोमीटर राजस्व भूमि हरियाणा में नौरंगपुर से नूंह तक फैली है और यह बेकार हो चुकी है, जिसकी वनीकरण के लिए पहचान की गई है और बेहतर सुरक्षा प्रबंधन के लिए इसे हरियाणा सरकार ने संरक्षित वन भी घोषित कर दिया है। यादव ने इसे अरावली की रक्षा और संवर्धन के लिए आजादी के बाद का एक प्रमुख नीतिगत हस्तक्षेप बताया और कहा कि मोदी के दृष्टिकोण और हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के सक्रिय समर्थन से यह संभव हुआ है। इस क्षेत्र के पारिस्थितिकी और ऐतिहा. सिक महत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अरावली देश की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला है और इसने हजारों वर्षों से मानव सभ्यता को आश्रय दिया है।

CMYK

# सीएम ने खटीमा को दिया हाईटेक बस स्टेशन का तोहफा

■ मुख्यमंत्री ने खटीमा में किया 33 करोड़ 36 लाख 49 हजार की 9 विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को खटीमा में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए 33 करोड़ 36 लाख 49 हजार की 9 विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। जिसमें जिला विकास प्राधिकरण द्वारा 11 करोड़ 27 लाख 50 हजार की धनराशि से नवनिर्मित हाईटेक महाराणा प्रताप बस स्टेशन भी शामिल है।मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि नानकमत्ता में बाला जी मंदिर के सौंदर्यीकरण किया जाएगा। नानकमत्ता विधानसभा के अंतर्गत ब्राह्मदेव मंदिर लोहिया पुल खटीमा में सौंदर्यीकरण व पुन:निर्माण कार्य किया जाएगा। नानकमत्ता विधानसभा के अंतर्गत देवभूमि धर्मशाला में कक्ष, हॉल एवं सौंदर्यीकरण कार्य किया जाएगा। नानकमत्ता विधानसभा के अंतर्गत सोनूखरी – किशनपुर – बरकीडांडी – कैथुला – टुकड़ी मार्ग का हॉटमिक्स सड़क का कार्य किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने हाईटेक महाराणा प्रताप बस स्टेशन, नगर पालिका के वार्ड नंबर 7 व 8 में 48.45 लाख की धनराशि से निर्मित पेयजल नलकूप, ओवर हेड टेंक, पाईप लाईन कार्यों, विधानसभा क्षेत्र नानकमत्ता के अंतर्गत 490.21 लाख की धनराशि से राजस्व निरीक्षक व उपनिरीक्षक के आवासीय भवनों व 359.91 लाख की लागत से उपनिरीक्षकों के कार्यालय भवनों, खटीमा में ग्राम मझोला में झील से लेकर पॉलिगंज की ओर 225.62 लाख की लागत से नाला निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा खटीमा क्षेत्र में 499.65 लाख की लागत से 300 नग हेंडपम्प स्थापना कार्य, 29.65 लाख की लागत से खटीमा के नवनिर्मित बस अड्डे में महाराणा प्रताप द्वार निर्माण, 24.50 लाख की लागत से खटीमा में हाईटेक शौचालय निर्माण एवं 95 लाख की लागत से थारू इंटर कॉलेज खटीमा का पुन:निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, विधायक शिव अरोरा, नगर पालिका अध्यक्ष खटीमा रमेश चंद्र जोशी, नगर पंचायत अध्यक्ष नानकमत्ता प्रेम सिंह टूरना, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, फरजाना बेगम, मंजीत सिंह, जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, महामंत्री रमेश जोशी, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### 11 करोड़ से अधिक की लागत से निर्मित हाईटेक बस स्टैंड का शुभारंभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि मकर संक्रांति और घुघुतिया पर्व के पावन अवसर पर 11 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित हाईटेक बस स्टैंड का शुभारंभ हो रहा है, जो पूरे क्षेत्र के लिए हर्ष का विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा उन्होंने स्वयं कई बार बस स्टैंड की स्थापना के लिए प्रयास किए थे और इसकी घोषणा भी की थी। जिसका कार्य आज धरातल में उतर गया है। मुख्यमंत्री ने कहा नवनिर्मित बस स्टैंड क्षेत्र की परिवहन व्यवस्था को और अधिक सुगम और सुव्यवस्थित बनाएगा साथ ही स्थानीय व्यापार, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर सृजित कर क्षेत्र के विकास को भी गति प्रदान करेगा।

### कहा, खटीमा उनका घर और सभी खटीमावासी उनके परिवार के सदस्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य विकास और समृद्धि के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। शहरों से लेकर सुदूर पर्वतीय गाँवों तक सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत बन रहा है। समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सरकार संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खटीमा उनका घर है और सभी खटीमावासी उनके परिवार के सदस्य हैं। मुख्यमंत्री ने कहा उन्होंने खटीमा से ही जनसेवा की यात्रा आरंभ की थी। क्षेत्र की प्रत्येक गली और गाँव उनके दिल के बेहद करीब है। खटीमा की माटी और यहाँ के लोगों से उन्हें ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है, उसी के बल पर वो प्रदेश के विकास के लिए कार्य कर पा रहे हैं।

### राज्य सरकार, खटीमा के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत : धामी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार, खटीमा के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। खटीमा क्षेत्र में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए गदरपुर–खटीमा बाईपास और नौसर में पुल का निर्माण, पूरे क्षेत्र में सड़कों के व्यापक नेटवर्क का विकास भी सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा खटीमा में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना करने के साथ ही चकरपुर में राष्ट्रीय स्तर के आधुनिक खेल स्टेडियम का निर्माण भी कराया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा खटीमा में आधुनिक आईटीआई और पॉलीटेक्निक कॉलेज तथा 100 बेड के नए अस्पताल परिसर का निर्माण कर बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया गया है। विद्यार्थियों के लिए साथी केंद्र एवं औद्योगिक विकास को गति देने लिए सिडकुल की स्थापना भी की गई है। उन्होंने कहा कि हम खटीमा और टनकपुर के बीच एक भव्य सैन्य स्मारक भी बनाने जा रहे हैं, जिस पर जल्द ही कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

### सरकार पंतनगर में कर रही अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हवाई अड्डे के निर्माण

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पंतनगर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हवाई अड्डे के निर्माण पर कार्य कर रही हैं। जिस पर शीघ्र ही कार्य प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने कहा राजकीय महाविद्यालय खटीमा में एमकॉम और एमएससी की कक्षाएं शुरू कराई गई हैं, जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में एकलव्य विद्यालय का संचालन भी प्रारंभ किया गया है। राज्य सरकार ने जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना का निर्माण पुन: प्रारंभ कर पूरे तराई क्षेत्र की पेयजल और सिंचाई की समस्या का समाधान करने की दिशा में कार्य किया है। वहीं, क्षेत्र के लोगों को उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एम्स के सेटेलाइट सेंटर की स्थापना करने के साथ–साथ खुरपिया में इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी के माध्यम से इस पूरे क्षेत्र के विकास को गति देने का प्रयास भी किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री क्षेत्र व प्रदेश के सर्वागींण विकास के लिए कटिबद्ध : अजय भट्ट

सांसद अजय भट्ट एवं पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा ने नवनिर्मित बस अड्डे के लोकार्पण पर सभी क्षेत्रवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह बस अड्डा निर्माण मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का ड्रीम प्रोजेक्ट था। उन्होंने नवनिर्मित हाईटेक बस अड्डे का का नाम महाराणा प्रताप रखने पर मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के कार्यों व निर्णयों को देश के अन्य राज्य भी अनुसरण कर रहे हैं, यह हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री क्षेत्र व प्रदेश के सर्वागींण विकास के लिए कटिबद्ध है।

## नीति आयोग की निर्यात तैयारी सूचकांक 2024 में उत्तराखंड अव्वल

**देहरादून।** नीति आयोग द्वारा जारी निर्यात तैयारी सूचकांक 2024 में उत्तराखंड ने छोटे राज्यों की श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर देशभर में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। यह उपलब्धि राज्य की निर्यातोन्मुख नीतियों, बेहतर कारोबारी माहौल और सुदृढ़ बुनियादी ढांचे का परिणाम मानी जा रही है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस उपलब्धि पर प्रदेशवा. सियों को बधाई देते हुए कहा कि नीति आयोग के निर्यात तैयारी सूचकांक 2024 में छोटे राज्यों की श्रेणी में उत्तराखंड का शीर्ष स्थान प्राप्त करना राज्य के लिए गर्व का विषय है। यह हमारी सरकार की उद्योग समर्थक नीतियों, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और निर्यात को बढ़ावा देने की सतत कोशिशों का परिणाम है। हमारा लक्ष्य है कि उत्तराखंड के प्रत्येक जिले के विशिष्ट उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई जाए, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ें और राज्य की अर्थव्यवस्था और सशक्त हो।नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, निर्यात आर्थिक विकास का प्रमुख इंजन है। इससे न केवल विदेशी मुद्रा अर्जित होती है, बल्कि वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भागीदारी बढ़ती है और व्यापार घाटे को कम करने में मदद मिलती है।

## मुख्य सचिव ने क्षमता से कम छात्रों के प्रशिक्षण पर जताई नाराजगी



■ मुख्य सचिव ने देहरादून जनपद में कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग के अंतर्गत स्किल हब सहसपुर का किया दौरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने बुधवार को देहरादून जनपद में कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग के अंतर्गत स्किल हब सहसपुर का दौरा किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में चलाए जा रहे पाठ्यक्रमों की विस्तार से जानकारी ली एवं प्रशिक्षण पा रहे छात्र–छात्राओं से बातचीत की।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में प्रदेश के सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के छात्र छात्राओं को भ्रमण कराया जाए। मुख्य सचिव ने क्षमता से कम छात्रों के प्रशिक्षण पर नाराजगी जताई।उन्होंने निर्देश दिए कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को एक माह में पूर्ण क्षमता का उपयोग किया जाए।

मुख्य सचिव ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में संचालित कोर्स को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने की बात भी कही। उन्होंने विदेशी भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के साथ ही सम्बन्धित देश का लिविंग और वर्किंग कल्चर की जानकारी भी प्रशिक्षुओं को उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में प्रशिक्षण पा रहे छात्र – छात्राओं से बातचीत कर उनके अनुभवों और भावी योजनाओं पर चर्चा की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

निदेशक कौशल विकास एवं सेवायोजन श्री संजय कुमार ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य के देहरादून जनपद में कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग द्वारा स्किल हब सहसपुर की स्थापना की गयी है। रिकल हब सहसपुर में राज्य के युवाओं को देश में आईटी०आई० उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार से जोड़ने के उददेश्य से उच्च स्तर का तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करने एवं विदेश रोजगार से जोडने के लिये आवश्यक विदेशी भाषा का प्रशिक्षण प्रदान करते हुये विभिन्न आरएएप के माध्यम से विदेश में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जा गो है। स्किल हब सहसपुर के अंतर्गत सेन्टर ऑफ ऐक्सीलेस एवं विदेश रोजगार प्रकोष्ठ है। वर्तमान में विदेश रोजगार प्रकोष्ठ द्वारा मुख्यत नर्सिंग, केयर गिवर एव आतिथ्य के क्षेत्र में जापान एवं जर्मनी में राज्य के युवाओं को सेवायोजित किये जाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर डीएम सविन बंसल, निदेशक संजय कुमार, संयुक्त निदेशक अनिल सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## उत्तराखंड बनेगा देश का 'नेचुरल हीलिंग डेस्टिनेशन:धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**उत्तरकाशी।** शीतकालीन चारधाम यात्रा एवं पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा स्थानीय लोगों को वर्षभर रोजगार से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के तहत तीन दिवसीय विंटर टूरिज्म कॉनक्लेव का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुभारंभ किया।

कॉनक्लेव में एसोसिएशन ऑफ डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स ऑफ इंडिया के सहयोग से देश के विभिन्न राज्यों से आए 50 टूर ऑपरेटर्स ने प्रतिभाग किया। इसके अतिरिक्त राज्य स्तर से 50 तथा स्थानीय स्तर से भी 50 टूर ऑपरेटर्स ने कॉनक्लेव में भाग लिया। कार्यक्रम में होटल एसोसिएशन उत्तरकाशी एवं बड़कोट, ट्रैकिंग संगठन उत्तरकाशी और सांकरी के पंजीकृत प्रतिनिधियों की भी सक्रिय सहभागिता रही। निम में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से शीतकालीन पर्यटन की संभावनाओं पर मंथन किया गया तथा उत्तराखंड को वर्षभर पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित करने पर जोर दिया गया। तीन दिवसीय विंटर टूरिज्म कॉन्क्लेव के तहत मां गंगा का शीतकालीन प्रवास मुखबा एवं मां यमुना का खरसाली तथा सांकरी में केदारकांठा ट्रैक बेस केम्प का देश भर के टूर ऑपरेटर भ्रमण करेंगे तथा शीतकालीन टूरिज्म को बढ़ावा देंगे।



■ कहा – शीतकालीन पर्यटन सम्मेलन औपचारिकता नहीं,उत्तराखंड को 12 महीने का टूरिज्म स्टेट बनाने का साझा प्रयास ,पर्यटन से पहाड़ों में रुकेगा पलायन, चारधाम के अलावा वेलनेस व एडवेंचर टूरिज्म की अपार संभावनाएं,विंटर टूरिज्म कॉनक्लेव में सीएम ने कहा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विंटर टूरिज्म कान्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि शीतकालीन पर्यटन सम्मेलन केवल एक औपचारिक संवाद नहीं,बल्कि उत्तराखंड के पर्यटन को नई दिशा देने का एक साझा प्रयास है। उन्होंने टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेंट्स, होटल व्यवसायियों, होम–स्टे संचालकों, टैक्सी एवं ट्रांसपोर्ट यूनियन के प्रतिनिधियों, एडवेंचर टूरिज्म से जुड़े लोगों का स्वागत और उत्साहवर्धन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश के बड़े शहर प्रदूषण, बढ़ते तापमान, ट्रैफिक और तनाव से जूझ रहे हैं। ऐसे में उत्तराखंड देश का एक "नेचुरल हीलिंग डेस्टिनेशन" बन सकता है और सरकार इसी दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड अब केवल चारधाम यात्रा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वेलनेस, नेचर, एडवेंचर, कल्चर, योग, मेडिटेशन और सस्टेनेबल टूरिज्म का प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री ने टूर ऑपरेटर्स की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ट्रेंड बनाना और किसी डेस्टिनेशन को ब्रांड बनाना आप सभी के हाथ में है।

उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि उत्तराखंड को केवल 4 या 6 महीने का नहीं, बल्कि 12 महीने का टूरिज्म स्टेट बनाया जाए। इस अवसर पर गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान,पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल,दर्जा राज्य मंत्री रामसुंदर नौटियाल,जगत सिंह चौहान,प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा डॉ. स्वराज विद्वान,प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, गढ़वाल समन्वयक किशोर भट्ट ,जिलाध्यक्ष भाजपा नागेंद्र चौहान,पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण,डीएम प्रशान्त आर्य,एसपी कमलेश उपाध्याय,सीडीओ जयभारत सिंह,रजिस्ट्रार निम विशाल रंजन,जिला पर्यटन विकास अधिकारी केके जोशी सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### परमिशन,कनेक्टिविटी, इंफ्रास्ट्रक्चर और मार्केटिंग में सरकार देगी हरसंभव सहयोग

मुख्यमंत्री ने टूरिज्म से जुड़े सभी हितधारकों से संवाद करते हुए कहा कि चाहे परमिशन हो, कनेक्टिविटी, इंफ्रास्ट्रक्चर या मार्केटिंग सपोर्टख्रसरकार हर स्तर पर सहयोग के लिए तैयार है। इसके साथ ही पर्यटन विभाग के माध्यम से सिंगल विंडो सिस्टम, डिजिटल अप्रूवल और निवेशकों के लिए फास्ट–ट्रैक सपोर्ट को और मजबूत किया जा रहा है।

## भूमि विवादों के निस्तारण के लिए एक माह का विशेष अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में भूमि संबंधी विवादों के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव आनंद बर्धन एवं पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ को निर्देशित किया है कि सभी जनपदों में लंबित भूमि विवादों के समाधान हेतु व्यापक एवं सघन अभियान चलाया जाए तथा समस्त विवादित मामलों का निस्तारण एक माह की समय–सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि इस अभियान के अंत तक भूमि विवादों से जुड़े लंबित मामलों को शून्य स्तर तक लाया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमि विवाद आम नागरिकों की समस्याओं से सीधे जुड़े होते हैं और इनके कारण कानून–व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

इसलिए सरकार की प्राथमिकता है कि ऐसे विवादों का त्वरित, पारदर्शी और न्यायसंगत समाधान हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान संवेदनशील मामलों पर विशेष ध्यान दिया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार इस अभियान की प्रगति की समीक्षा मुख्य सचिव द्वारा प्रत्येक सप्ताह की जाएगी, ताकि तय समय–सीमा में लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित हो सके। समीक्षा के आधार पर आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कदम भी उठाए जाएंगे।

## विकास मार्ग पर आगे बढ़ना चाहता है प्रदेश:भट्ट

■ प्रदेश के विकास में विपक्ष अटका रहा रोडे, विवादों को जिंदा रख 27 की संभावनाएं तलाश रही है कांग्रेस



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने सभी पक्षों से आग्रह किया है कि प्रदेश अब विकास के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहता है, लिहाजा कानूनी प्रक्रिया को समय दिए जाने की जरूरत है।

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि जनता को सरकार पर भरोसा है, लेकिन विपक्ष विवादों को 2027 तक जिंदा रख उसमें चुनावी उम्मीदें ढूंढ रहा है।

प्रेस को जारी बयान मे उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्येक मुद्दे नकारात्मक राजनीति करती है, चाहे वह कितना ही संवेदनशील और गंभीर मसला है। किसान की आत्महत्या के प्रकरण को ही देखें तो सभी दुखी हैं और सरकार उसपर जिम्मेदारी से सख्त कार्रवाई कर रही है। शुरुआती तौर पर जो भी लापरवाही के कसूरवार हैं उन्हें निलंबित किया गया है। मामले मे एसआईटी गठित की गई है और मुख्यमंत्री धामी द्वारा शीघ्र दोषियों को कानूनी शिकंजे कसने के निर्देश दिए हैं। बावजूद इसके विपक्ष के नेता इस पूरी घटना पर भी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए असंवेदशील और गैरजिम्मेदारी बयान दे रहे हैं। यह जरूर है कि स्थानीय स्तर कर गड़बड़ी हुई होंगी, जिसकी जांच और कठोर कार्रवाई के निर्देश सीएम ने दिए हैं। लेकिन विपक्ष द्वारा मौत पर राजनीति करना और समूची पुलिस प्रशासनिक व्यवस्था के प्रति अविश्वास का माहौल बनाने की को. शिश उचित नहीं है।

इसी तरह अंकिता प्रकरण में भी सीबीआई जांच की घोषणा के बाद भी कांग्रेस नेता जनभावना से अलग इस मुद्दे पर बयानबाजी कर रहे हैं। क्योंकि पीड़ित परिवार की इच्छा अनुसार शीर्ष जांच एजेंसी की भूमिका आने के बाद, विपक्ष के लिए इस मुद्दे पर कुछ नहीं शेष है। लिहाजा वे अपने असली उद्देश्य, 2027 तक इसे राजनीतिक मुद्दा बनाएं रखने में जुट गए है। आज ऐसे तमाम लोग ही अधिक सक्रिय है जो आगामी विधानसभा चुनावों में अपनी संभावनाएं तलाश रहे हैं। जबकि सच यह है कि प्रदेश की जनता को पहले ही इस विषय पर, धामी सरकार पर भरोसा था और अब सीबीआई की घोषणा से परिवार भी संतुष्ट है। इसीलिए हताश निराश कांग्रेस, इस मुद्दे के साथ, काशीपुर और अल्मोड़ा की घटनाओं पर गैरजिम्मेदार राजनी. ति कर रही है।

उन्होंने आग्रह किया कि अभी 2027 में समय है, लिहाजा जनभावना अनुसार राज्य में विकास कार्यों में सभी को सहयोग देना चाहिए। अब तक का रिकॉर्ड हमारी सरकार का जीरो टॉलरेंस का है, लिहाजा वर्तमान घटनाओं को लेकर कानूनी प्रक्रिया को समय दिए जाने की जरूरत है।

## राज्यपाल ने दी 'थल सेना दिवस' की बधाइ

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने थल सेना दिवस के अवसर पर प्रदेशवा. सियों को शुभकामनाएं देते हुए भारतीय सेना के शौर्य, अनुशासन और राष्ट्रनिष्ठा को नमन किया।उन्होंने कहा कि भारत की सुरक्षा, सम्मान और आत्मगौरव की रक्षा में लगे हमारे सैनिकों का योगदान अतुलनीय है। अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहकर जिन्होंने राष्ट्र के लिए सर्वस्व न्यौछावर किया, उन वीरों के प्रति सम्पूर्ण राष्ट्र कृतज्ञता के भाव से नतमस्तक है। सैनिकों और उनके परिवारों का त्याग भारत की शक्ति और संकल्प का आधार है।राज्यपाल ने कहा कि भारतीय सेना ने केवल युद्धभूमि में ही नहीं, बल्कि शांति, आपदा और संकट के समय भी मानवता की सेवा कर देशवा. सियों का विश्वास सुदृढ़ किया है।

## घुघुती त्यौहार: कौवों की कांव-कांव में बसती कुमाऊं की सदियों पुरानी लोककथा

■ बागेश्वर से नैनीताल तक संस्कृति का अंकनआ संगम

**अफजल हुसैन फौजी**

**एंकर.** उत्तराखंड की लोकसंस्कृति में घुघुती त्यौहार को विशेष स्थान प्राप्त है. इसे कुमाऊं संस्कृति का सबसे बड़ा और अनोखा पर्व माना जाता है, जो मकर संक्रांति के अगले दिन बड़े हर्षोल्लास और परंपरागत उल्लास के साथ मनाया जाता है. इस पर्व की शुरुआत बागेश्वर से मानी जाती है, जहां आज भी इसकी झलक सबसे जीवंत रूप में देखने को मिलती है. समय के साथ यह परंपरा अल्मोड़ा, नैनीताल, हल्द्वानी सहित पूरे कुमाऊं अंचल में फैल गई है. घुघुती त्यौहार केवल एक पर्व नहीं, बल्कि लोककथा, संगीत, आस्था और मिठास का संगम है. इस दिन विशेष रूप से 'घुघुती' नामक पारंपरिक पकवान बनाया जाता है, जो आटे और गुड़ को मिलाकर कुमाऊं शैली में तैयार की जाती है. इन घुघुति को तेल में तलकर लंबी माला के रूप में पिरोया जाता है, जिसे बच्चे गले में पहनते हैं.



### घुघुति त्यौहार से जुड़ी है लोककथा

घुघुती पर्व के पीछे एक बेहद भावुक लोककथा जुड़ी है. मान्यता है कि चंद वंश के राजा कल्याणचंद नि:संतान थे, उन्होंने बागनाथ मंदिर में तप और दान–पुण्य किया, जिसके फलस्वरूप उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई, जिसका नाम निर्भयचंद रखा गया और वही आगे चलकर 'घुघुतिया' कहलाए. राजमहल के एक मंत्री ने षड्यंत्र रचकर राजकुमार को मारने की को. शिश की और उसे जंगल ले गया. राजकुमार के रोने की आवाज सुनकर कौवों ने मंत्री पर हमला कर दिया. एक कौवे ने राजकुमार के गले से घुघुती की माला निकालकर राजम. हल के द्वार पर टांग दी, जिससे रानी ने अपने पुत्र को पहचान लिया और जंगल जाकर उसे सुरक्षित घर ले आई. इसके बाद मंत्री को कठोर दंड दिया गया. इसी घटना के बाद मकर संक्रांति के अगले दिन कौवों को बुलाने और उन्हें घुघुती खिलाने की परंपरा शुरू हुई.

### इस तरह मनाया जाता है त्यौहार

सुबह–सुबह बच्चे घुघुती की माला पहनकर पारंपरिक गीत गाते हैं, और कौवे को बुलाते हैं, काले कौवा काले, घुघुती माला खाले. साथ ही कौवे को पूड़ी, प्रसाद अर्पित किया जाता है. कुमाऊं के बागेश्वर में इस दिन सूर्य को जल अर्पित करने की भी विशेष परंपरा है. घुघुती त्यौहार आज भी कुमाऊं की लोकआस्था, प्रकृति प्रेम और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक बना हुआ है

**डॉ. ललित तिवारी ( प्रोफेसर, डीएसबी परिसर नैनीताल )**

## 85वें ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स चौंपियनशिप के हाफ मैराथन में भागीरथी ने जीता गोल्ड मेडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली जिला की होनहार धाविका भागीरथी ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश और जनपद का नाम रोशन किया है। कर्नाटक मेंगलोर में आयोजित 85वें ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स चौंपियनशिप 2025ख्र26 के अंतर्गत हाफ मैराथन दौड़ में चमोली जिले के वाण गांव की भागीरथी ने स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि पिथौरागढ़ की माया ने रजत पदक जीतकर उत्तराखंड का नाम रोशन किया ।

कर्नाटक के मेंगलोर में 12 से 16 जनवरी तक आयोजित हो रहे इन खेलों के तहत आज बुधवार को हाफ मैराथन (21 किलोमीटर) का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। कड़े मुकाबले के बीच 24 वर्षीय भागीरथी बिष्ट ने 1 घंटा 21 मिनट में दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में उत्तराखंड के खिलाड़ियों का दबदबा साफ नजर आया। जनपद चमोली और देवाल क्षेत्र में भी खुशी का माहौल है।



भागीरथी बिष्ट के कोच हिमाचल प्रदेश के सिरमौर निवासी एवं अंत. रराष्ट्रीय मैराथन धावक सुनील शर्मा ने बताया कि भागीरथी ने हाफ मैराथन में शानदार रणनीति और धैर्य का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने बताया कि भागीरथी इससे पूर्व ईरान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय हाफ मैराथन में भी प्रतिभाग कर चुकी हैं। इसके अलावा वह देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित कई मैराथन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी हैं।

फ्लाइंग गर्ल के नाम से पहचानी जाने वाली भागीरथी बिष्ट वर्तमान में उत्तराखंड के पौड़ी जनपद स्थित रासी स्टेडियम में कड़ी मेहनत और नियमित अभ्यास कर रही हैं। उनका सपना है कि एक दिन ओलंपिक खेलों में मैराथन दौड़ में भारत के लिए पदक जीतकर देश का नाम विश्व पटल पर रोशन करें।

# शीतकालीन पर्यटन आत्मनिर्भर उत्तराखंड की मजबूत नींव: सीएम

## बोले-उत्तराखंड के लिए पर्यटन बिजनेस नहीं रोजगार का पूरा इंजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**उत्तरकाशी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकशी स्थिति नेहरू पर्वतारोहण संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय विंटर टूरिज्म कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया है।

उन्होंने शीतकालीन पर्यटन को जन आंदोलन बनाने और उत्तराखंड को समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि शीतकालीन पर्यटन आत्मनिर्भर उत्तराखंड की मजबूत नींव है। बुधवार को नेहरू पर्वतारोहण संस्थान उत्तरकाशी में आयोजित विंटर टूरिज्म कॉनक्लेव कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड के लिए पर्यटन बिजनेस नहीं बल्कि रोजगार का पूरा इंजन है। यहां वेलनेस टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म, फिल्म शूटिंग और वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में भी उत्तराखंड नई पहचान बना रहा है। उन्होंने बताया कि शीतकालीन यात्रा की शुरुआत का उद्देश्य प्रदेश में बारहों महीने पर्यटन की निरंतरता सुनिश्चित करना है। गढ़वाल और कुमाऊं में एक-एक स्पिरिचुअल इकोनॉमिक ज़ोन की स्थापना की योजना भी इसी दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि स्वाभिमान का उत्सव होने के साथ-साथ विकास भी-विरासत भी की सोच को साकार करता है। सीएम ने कहा कि यह विंटर टूरिज्म कॉनक्लेव उत्तराखंड की आस्था, संस्कृति, परंपरा और हमारी विरासत और लोक कलाओं को प्रस्तुत करने का एक उत्कृष्ट मंच





सिद्ध होगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शीतकालीन यात्रा के आह्वान से राज्य के सभी पर्यटन क्षेत्रों में शीतकालीन पर्यटन को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। युवा ट्रेकिंग गाइड, होम-स्टे, होटल एवं पर्यटन से जुड़े अन्य कार्यों के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रहे हैं और इन क्षेत्रों में पलायन में कमी आई है। उन्होंने कहा कि शीतकालीन पर्यटन से लोक कलाकारों, हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजनों और स्थानीय उत्पादों को नया बाजार मिलेगा। कॉनक्लेव में एसोसिएशन ऑफ डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स ऑफ इंडिया के सहयोग से देश के विभिन्न राज्यों से आए 50 टूर ऑपरेटर्स ने प्रतिभाग किया। इसके अतिरिक्त राज्य स्तर से 50 तथा स्थानीय स्तर से भी 50 टूर ऑपरेटर्स ने कॉनक्लेव में भाग लिया। कार्यक्रम में होटल एसोसिएशन उत्तरकाशी एवं बड़कोट, ट्रैकिंग संगठन उत्तरकाशी और सांकरी के पंजीकृत प्रतिनिधियों की भी सक्रिय सहभागिता रही। निम में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से शीतकालीन पर्यटन की संभावनाओं पर मंथन किया गया तथा उत्तराखंड को वर्षभर पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित करने पर जोर दिया गया। तीन दिवसीय विंटर टूरिज्म कॉन्क्लेव के तहत मां गंगा का शीतकालीन प्रवास मुखबा एवं मां यमुना का खरसाली तथा सांकरी में केदारकांठा ट्रैक बेस केम्प का देश भर के टूर ऑपरेटर भ्रमण करेंगे तथा शीतकालीन टूरिज्म को बढ़ावा देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश के बड़े शहर प्रदूषण, बढ़ते तापमान, ट्रैफिक और तनाव से जूझ रहे हैं। ऐसे में उत्तराखंड देश का एक नेचुरल हीलिंग डेस्टिनेशन बन सकता है और सरकार इसी दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड अब केवल चारधाम यात्रा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वेलनेस, नेचर, एडवेंचर, कल्चर, योग, मेडिटेशन और सस्टेनेबल टूरिज्म का प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने टूर ऑपरेटर्स की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ट्रेंड बनाना और किसी डेस्टिनेशन को ब्रांड बनाना आप सभी के हाथ में है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि उत्तराखंड को केवल 4 या 6 महीने का नहीं, बल्कि 12 महीने का टूरिज्म स्टेट बनाया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की शीतकालीन पर्यटन नीति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पहाड़ खाली न रहें, होटल बंद न हों, टैक्सियां खड़ी न रहें, होमस्टे सूने न रहें और युवाओं को रोजगार के लिए पलायन न करना पड़े। जब 12 महीने पर्यटन सक्रिय रहेगा तो प्रदेश की आर्थिक स्थिति में भी व्यापक सुधार होगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय संस्कृति का संरक्षण और गांव के अंतिम व्यक्ति को पर्यटन से जोड़ना ही सरकार का रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म मॉडल है। उन्होंने सभी टूर ऑपरेटर्स से आग्रह किया कि वे अपने पर्यटन पैकेज में उत्तरकाशी, हर्षिल, मुखबा, नेलांग, चमोली, औली, मुनस्यारी, पिथौरागढ़, चम्पावत, टिहरी, पौड़ी, रुद्रप्रयाग एवं सीमांत गांवों को शामिल करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप पैकेज बनाइए, सरकार आपके साथ खड़ी है। उन्होंने टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेंट्स, होटल व्यवसायियों, होम-स्टे संचालकों, टैक्सी एवं ट्रांसपोर्ट यूनियन के प्रतिनिधियों, एडवेंचर टूरिज्म से जुड़े लोगों का स्वागत और उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल, भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चौहान, विधायक सुरेश चौहान, दर्जा राज्य मंत्री रामसुंदर नौटियाल, जगत सिंह चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा डा. स्वराज विद्वान, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, गढ़वाल समन्वयक किशोर भट्ट, पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण, जिलाधिकारी प्रशांत आर्य, पुलिस अधीक्षक कमलेश उपाध्याय, मुख्य विकास अधिकारी जय भारत सिंह, नेहरू पर्वतारोहण संस्थान के उप प्रधानाचार्य डा. संतोष कुमार, होटल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह मटूडा, जिला पर्यटन अधिकारी केके जोशी समेत देश भर से आए एडवेंचर, टूर ऑपरेटर, टैक्सी एवं ट्रांसपोर्ट से जुड़े व्यवसाय, होटल रिजॉर्ट, होम स्टे से जुड़े शिमिल थे।

# सीएचसी में जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कोटद्वार।** बीरोंखाल न्याय पंचायत नौगांव में जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार बहुउद्देश्यीय शिविर में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर मिली शिकायतों पर त्वरित और कड़ा रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने देर सायं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीरोंखाल का औचक निरीक्षण किया। शिविर समाप्त होते ही जिलाधिकारी सीधे अस्पताल पहुंचीं और मौका निरीक्षण करते हुए वहां की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को परखा तथा अधिकारियों व चिकित्सकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने महिला व पुरुष जनरल वार्ड, ओपीडी, डिलीवरी वार्ड, दवाई स्टोर, ऑक्सीजन सप्लाई, एक्सरे यूनिट सहित अस्पताल के सभी प्रमुख कक्षों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने वार्डों में साफ-सफाई, बेड की उपलब्धता और मरीजों की सुविधाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि अस्पताल की व्यवस्थाएं हर समय चुस्त-दुरुस्त रहनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में सभी वार्डों को अनिवार्य रूप से जनरेटर से जोड़ा जाए, ताकि उपचार कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने ओपीडी कक्ष का निरीक्षण कर प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या, उपचार व्यवस्था और स्टाफ की उपस्थिति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने औषधि भंडार का निरीक्षण करते हुए कहा कि मरीजों के लिए अस्पताल में आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाएं। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में दवाइयों का स्टॉक संतोषजनक पाया गया, हालांकि जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि भविष्य में किसी भी प्रकार की कमी न हो, इसके लिए समय रहते दवाइयों की डिमांड भेजी जाए। डिलीवरी वार्ड का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने साफ-सफाई पर विशेष जोर दिया। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि जिन गर्भवती महिलाओं की संभावित डिलीवरी तिथि नजदीक है, उनसे पहले से संपर्क कर उन्हें समय पर अस्पताल में भर्ती कराया जाए। साथ ही ऐसे सभी मामलों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि शुक्रवार से अल्ट्रासाउंड सेवाएँ उपलब्ध करायी जाएँगी। इसके लिए थलीसैंण से एक स्त्री रोग विशेषज्ञ को प्रतिनियुक्त किया गया है। निरीक्षण के दौरान एक्स-रे मशीन का संचालन बंद पाए जाने पर जिलाधिकारी ने चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि मशीन को शीघ्र दुरुस्त कराने हेतु आवश्यक धनराशि का आकलन कर तत्काल रिपोर्ट जिलाधिकारी कार्यालय को भेजी जाय। उन्होंने स्पष्ट किया कि मरम्मत के लिए जितनी भी धनराशि की आवश्यकता होगी, उसकी तत्काल व्यवस्था की जाएगी, ताकि मरीजों को जांच के लिए बाहर न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को अपने ही क्षेत्र में बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिए कि समय-समय पर अस्पताल का निरीक्षण करते रहें। जिलाधिकारी ने डायग्नोस्टिक सेवाओं पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि सीएचसी स्तर पर उपलब्ध सभी प्रकार की जांचें यहीं करायी जाएं और किसी भी मरीज को सामान्य जांचों के लिए अन्यत्र रेफर न किया जाए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्देश्य ही यह है कि क्षेत्रीय लोगों को अपने स्तर पर संपूर्ण और भरोसेमंद जांच एवं उपचार सुविधाएँ मिल सकें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कृष्णा त्रिपाठी, चिकित्साधिकारी डा. शैलेन्द्र रावत सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

# चिन्यालीसौड़ क्षेत्र में धर्म परिवर्तन की चर्चाएं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**


**उत्तरकाशी।** नगर पालिका क्षेत्र चिन्यालीसौड़ में कुछ परिवारों द्वारा हिन्दू धर्म से ईसाई धर्म अपनाने के मामलों को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। नागणी, सुलीठांग, चिन्यालीसौड़ और शक्ति पुरम कालोनी सहित आसपास के क्षेत्रों में ऐसे कुछ परिवारों के धर्म परिवर्तन की चर्चाओं का बाजार गर्म है। स्थानीय धर्मशास्त्रियों और सामाजिक संगठनों ने इसे क्षेत्र की सामाजिक व सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ते हुए चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि यह क्षेत्र देवी-देवताओं की आस्था से जुड़ा रहा है, जहाँ लंबे समय से धार्मिक परंपराओं का पालन किया जाता रहा है। इस विषय पर पंडित आचार्य दिनेश प्रसाद जोशी ने कहा कि जिन परिवारों की पीढ़ियाँ लंबे समय से सनातन धर्म की परंपराओं का पालन करती आई हैं, उनके धर्म परिवर्तन के कारणों को समझना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस पर समाज स्तर पर संवाद होना चाहिए। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड कार्यवाहक चंद्रपाल सिंह राणा ने कहा कि परिस्थितिवश धर्म परिवर्तन करने वाले लोगों को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में ऐसे मामलों को लेकर शासन-प्रशासन को स्थिति की समीक्षा करनी चाहिए। हालांकि, कुछ लोगों का मानना है कि धर्म परिवर्तन व्यक्तिगत आस्था और संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा विषय है, जिसे सामाजिक सौहार्द बनाए रखते हुए देखा जाना चाहिए। फिलहाल प्रशासन की ओर से इस विषय पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# टीबी को हराना है तो छोड़ना होगा तंबाकू का साथ

## स्वास्थ्य विभाग ने बनाई नई रणनीति

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नई टिहरी।** टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने और राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार



कल्याण विभाग ने एक नई पहल की है। बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में बालाजी सेवा संस्थान और वाइटल स्ट्रैटेजीज नई दिल्ली के तकनीकी सहयोग से एनटीसीपी (राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम) और एनटीईपी (राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम) की एक संयुक्त क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण गतिविधि का मुख्य उद्देश्य टीबी के उपचार के साथ-साथ तंबाकू छोड़ने के उपायों को प्रभावी ढंग से एकीकृत करना है, ताकि रोगियों के उपचार परिणामों में सुधार लाया जा सके और मृत्यु दर को कम किया जा सके। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित जिला क्षय रोग अधिकारी डा. जितेंद्र भंडारी, सीपीएम डा. हेमंत खर्कवाल और सीपीओ योगेश कुमार ने विषय की गंभीरता पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि टीबी उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल करने के लिए तंबाकू नियंत्रण को उपचार प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा बनाना अब समय की मांग है। उन्होंने आगाह किया कि धूम्रपान और तंबाकू का सेवन करने वाले व्यक्तियों में टीबी संक्रमण का खतरा सामान्य लोगों की तुलना में कहीं अधिक होता है। साथ ही, टीबी से होने वाली मौतों में भी तंबाकू का सेवन एक प्रमुख कारण बनकर उभर रहा है। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि रोगी केंद्रित दृष्टिकोण और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से ही इस चुनौती से निपटा जा सकता है और स्थायी सकारात्मक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में बालाजी सेवा संस्थान के कार्यकारी निदेशक अवधेश कुमार ने तंबाकू नियंत्रण के क्षेत्र में संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। वहीं, डा. नीना ने कार्यशाला में तंबाकू उपयोगकर्ताओं को दिए गए परामर्श से संबंधित आंकड़ों का विश्लेषण प्रस्तुत किया। चिकित्सा अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देते हुए डा. सोनम गुप्ता और डा. श्रेया कौल ने ब्रीफ एडवाइस प्रोटोकॉल की विस्तृत व्याख्या की, जिससे स्वास्थ्य कर्मी मरीजों को तंबाकू छोड़ने के लिए बेहतर ढंग से प्रेरित कर सकें। अजीत जस्सर ने बताया कि चूंकि तंबाकू सेवन टीबी के लिए एक प्रमुख जोखिम कारक है, इसलिए एनटीईपी के प्लेटफार्म का रणनीतिक उपयोग कर न केवल टीबी रोगियों बल्कि पूरे समुदाय के स्वास्थ्य स्तर में सुधार लाया जा सकता है।

# मोहित का चयन

**श्रीनगर।** गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के पहलवान मोहित कुमार नौटियाल ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में 61 किग्रा भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। बीएसएम कालेज रुड़की के छात्र मोहित नौटियाल के इस प्रदर्शन को विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह और कुलसचिव प्रो. राकेश डोडी ने पहलवान मोहित, टीम मैनेजर डा. मोहित बिष्ट सहित पूरी टीम को बधाई दी है। विश्वविद्यालय खेल बोर्ड और खेल विभाग के अधिकारियों ने भी इसे विवि के खेल इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

# गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी के गंगा घाटों में मकर संक्रांति पर्व पर कड़ाके की ठंड के बावजूद गंगा स्नान के लिए देव डोलियों के साथ श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कड़ाके की ठंड पर आस्था भारी पड़ी और हजारों श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त में गंगा भागीरथी में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। दर्जनों देव डोलियों की मौजूदगी में ढोल-नगाड़ों की आवाज और मां गंगा के जयकारों के उद्घोष से पूरी काशी नगरी गुंजायमान रही। बुधवार तडाके चार बजे से उत्तरकाशी के पौराणिक मणिकर्णिका घाट, लक्षेश्वर, शंकर मठ, नाकुरी, देवीधार, गंगोरी अस्सी गंगा तट समेत आदि स्नान घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। स्नान पर्व



पर बाडाहाट क्षेत्र के आराध्य कंडार देवता, बाडागड्डी क्षेत्र के आराध्य हरिमहाराज, खंडद्वारी माता, कैलापीर, नाग देवता, घंडियाल देवता, बाल कंडार, नागणी देवी, रनाड़ी के कचडू देवता, डुंडा की रिंगाली देवी, सहित धनारी क्षेत्र नागराजा, त्रिपुरा माता, चंदणनाग, टिहरी से राजराजेश्वरी की डोली, वासुकी नाग, हुणिया वीर, समेत अन्य देवताओं की डोलियां व निशाण आदि दर्जनों देवी-देवताओं की डोलियां, ढोल बाजे के साथ हजारों श्रद्धालु उत्तरकाशी पहुंचे और गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। वहीं जिले के यमुना घाटी पौराणिक स्थल गंगा-यमुना और केदार गंगा के संगम तट गंगनानी कुंड में भी सुबह से दूर दराज पहुंचे श्रद्धालुओं द्वारा डुबकी लगाई जा रही है।

# मकर संक्रांति पर बांटी खिचड़ी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नई टिहरी।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को मकर संक्रांति का पावन पर्व पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ मनाया। इस अवसर पर संगठन की ओर से कोटी कालोनी बोटिंग प्वाइंट और नगर पंचायत गजा क्षेत्र में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों और खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सूर्य देव, मां भागीरथी और भगवान घंटाकर्ण की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। कोटी कालोनी स्थित बोटिंग प्वाइंट पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने सूर्य देव और जीवनदायिनी मां भागीरथी गंगा का दुग्धाभिषेक कर पूजन किया। वहीं, गजा नगर पंचायत में सूर्य देव और स्थानीय आराध्य भगवान घंटाकर्ण



की पूजा के बाद तिल और काली दाल से बनी खिचड़ी का भोग लगाया गया और इसे प्रसाद स्वरूप आम जनमानस में वितरित किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष यशपाल सजवाण ने उपस्थित जनसमूह को मकर संक्रांति के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यह पर्व सूर्य देव के मकर राशि में प्रवेश करने का सूचक है। कार्यक्रम में विभाग संगठन मंत्री गौरव, प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद डोभाल, विहिप जिला सहमंत्री रवि रावत, बजरंग दल जिला संयोजक गौरव रावत, जिला प्रचार प्रमुख दिनेश खाती, धर्म प्रसार प्रमुख विनोद चौहान, जिला सह संयोजक रवि कुमार, गजेंद्र खाती, प्रखंड उपाध्यक्ष अंकित भट्ट, जिला पंचायत सदस्य ताजवीर खाती, व्यापार मंडल अध्यक्ष नीरज सुकृति और पवन शाह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कांग्रेस अध्यक्ष पर एफआईआर दर्ज करने पर आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**श्रीनगर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पर एफआईआर दर्ज किए जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध दर्ज किया। विरोध स्वरूप बुधवार को कांग्रेसियों ने स्थानीय गोला पार्क में प्रदर्शन करते हुए नारेबाज़ी की गई। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य के पति द्वारा बिहार से 20-25 हजार रुपये में लड़की मिलने संबंधी दिए गए बयान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कड़ा रोष व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य का पुतला भी दहन किया। कांग्रेसियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा से जुड़े लोगों द्वारा फर्जी एफआईआर दर्ज कराई गई। नगर अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल ने कहा कि मंत्री रेखा आर्य के पति के आपत्तिजनक बयान के बावजूद सरकार मौन है, जबकि सरकार की शह पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई। कांग्रेस नेता जगदीश भट ने कहा कि गणेश गोदियाल ने केवल मंत्री रेखा आर्य के पति के बयान को दोहराया था, इसके बावजूद उनके विरुद्ध कार्रवाई की गई, जो लोकतंत्र पर हमला है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार पर महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए और कहा कि इस तरह के बयान समाज में महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाते हैं। उन्होंने मांग की कि मंत्री के पति के बयान पर कड़ी कार्रवाई की जाए और महिला सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार स्पष्ट रुख अपनाए। इस मौके पर पार्षद सूरज नेगी, सुधांशु नौडियाल, शिवकांत कंडारी समेत अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### ग्रेट रिपब्लिक डे सेल 16 जनवरी से होगी शुरू

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**देहरादून।** अमेज़न इंडिया की बहुप्रतीक्षित ग्रेट रिपब्लिक डे सेल 2026, 16 जनवरी की रात 12रू00 बजे से शुरू होगी। इस शॉपिंग इवेंट में स्मार्टफोन, फैशन, ब्यूटी, होम एंड किचन, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, बड़े घरेलू उपकरण, ग्रॉसरी, रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुएं और कई अन्य श्रेणियों में नए लॉन्च और आकर्षक ऑफर्स एक साथ पेश किए जाएंगे। ग्राहक एप्पल, सैमसंग, वनप्लस, सोनी, एजी, स्केचर्स, लॉरियल पेरिस, आईक्यूओओ, शाओमी, क्युबो, टीसीएल, एचपी और बोट सहित कई प्रमुख ब्रांड्स के उत्पाद खरीद सकेंगे। इसके अलावा, ग्राहक ट्रेंडिंग डील्स, 8 पीएम डील्स, टॉप 77 रिपब्लिक डील्स और टॉप 100 डील्स जैसे क्यूरेटेड डील फॉर्मैट्स के माध्यम से भी खरीदारी कर सकते हैं। इस ग्रेट रिपब्लिक डे सेल के दौरान पोंगल, मकर संक्रांति, माघ बिहू और उत्तरायण जैसे त्योहारों के लिए विशेष रूप से चुनी गई पेशकशें भी उपलब्ध होंगी, जिनमें टॉप ब्रांड्स के फेस्टिव जरूरी सामान और गिफ्टिंग फेवरेट्स शामिल हैं, ताकि ग्राहकों की खरीदारी और भी आसान और खास बन सके।

### जिलाधिकारी ने तहसील का किया निरीक्षण

**कोटद्वार।** पौड़ी जनपद की जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने बीरोंखाल क्षेत्र का दौरा कर तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बेदीखाल पंपिंग पेयजल योजना का निरीक्षण किया और पंपिंग हाउस, मोटर क्षमता, पाइपलाइन नेटवर्क, जल आपूर्ति और विद्युत स्थिति की जांच की। जल गुणवत्ता मानकों के अनुरूप परीक्षण कराने के निर्देश भी दिए गए। योजना के 31 जनवरी तक टेस्टिंग फेज को पूर्ण करने का आदेश दिया गया, जिससे 37 गांवों को निर्बाध पेयजल आपूर्ति मिलेगी। इसके बाद जिलाधिकारी ने बीरोंखाल तहसील का निरीक्षण किया और अधिकारियों को गांवों में भ्रमण कर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व कार्यों, जैसे दाखिल-खारिज प्रकरणों और ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी उपयोग पर भी जोर दिया। साथ ही सरकारी भूमि पर अतिक्रमण और जंगली जानवरों की सक्रियता पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

### तू है बांद जौनसार की गीत पर झूमे दर्शक

**कोटद्वार।** शंकरदत्त जोशी गेंद मेला समिति की ओर से मवाकोट में चल रहे गेंद मेले के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। वालीबाल प्रतियोगिता राइजिंग सन पब्लिक स्कूल और इंटर कालेज मोटाढांक अपने वर्गों में विजेता रहे। इस मौके पर जीतू पहाड़ी एवं साथी कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर समां बांधा। संदीप छिलबट ने भी अपने हास्य व्यंग्य से लोगों को खूब गुदगुदाया। गेंद मेले के दूसरे दिन का उद्घाटन मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष सुमन कोटनाला और विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह रावत ने किया। वॉलीबाल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले खेले गए।बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में राइजिंग सन पब्लिक स्कूल ने नवयुग पब्लिक स्कूल की टीम को हराया। बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में इंटर कालेज मोटाढाक ने डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल को हराया। निर्णायक की भूमिका अनीता बिष्ट, अंकित खंतवाल, विवेकानंद, स्कोरर की भूमिका धीरेंद्र कंडारी ने निभाई। मैच का आंखों देखा हाल हर्षवर्द्धन बिंजोला ने सुनाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत पुष्कर भारद्वाज की ओर से प्रस्तुत गणेश वंदना से हुई। इस मौके पर लोक गायक जीतू पहाड़ी और लोक गायिका ज्योति मौर्य ने तू है बांद जौनसार की..., हाय तेरी रुमाला, हाथ म तू खेलू कृष्ण गोविंदा जी..., राम देही का होटल..., ओ भिना कख जाणा द्वारहटा..., चल छोरी... आदि गीतों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर मेला समिति के अध्यक्ष कुलदीप रावत, पितृशरण जोशी, राजेंद्र खैरवाल, दीपक सिंह रावत, आरपी पंत, नवीन केष्टवाल आदि मौजूद रहे। मंच का संचालन शशिबाला केष्टवाल व शकुंतला बुड़ाकोटी ने किया।

### कूड़े के विरोध में 27 दिनों से धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**उत्तरकाशी।** बुधवार को उत्तरकशी पौराणिक माघ मेला बाराहाट कू थौलू के उद्घाटन करने पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विरोध में उत्तरकाशी के सामाजिक कार्यकर्ता गोपीनाथ रावत ने नारेबाजी की है। बाद में पुलिस ने धराना स्थल से सामाजिक कार्यकर्ता गोपीनाथ सिंह रावत को उठा कर ले गया। हालांकि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम संपन्न होने के बाद छोड़ दिया और गोपीनाथ रावत पुनः धरने पर बैठ गये है। बता दें कि नगरपालिका परिषद बाडाहाट उत्तरकाशी के तांबाखानी सुरंग के पास लगें कूडे के ढेर को हटाने को लेकर पिछले 27 दिनों से धरने पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता गोपीनाथ सिंह रावत उत्तरकाशी पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विरोध में जमकर नारेबाजी किया। सामाजिक कार्यकर्ता गोपीनाथ सिंह रावत का कहना है कि जब से शहर में कूडे को लेकर धरना किया है तब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तरकाशी दूसरे बार आ गया है लेकिन कूड़े की कोई ठोस रणनीति नहीं बनाई गई जा रहीं। उन्होंने कहा कि मां गंगा के उद्गम क्षेत्र में कूड़े का ढेर लगा है, नेशनल हाईवे पर अवैध डंपिंग जोन बना दिया गया है। हम मेला उद्घाटन का विरोध नहीं कर रहे, हम गंदगी और सरकारी उदासीनता का विरोध कर रहे हैं। जब तक उत्तरकाशी को कूड़ा मुक्त नहीं किया जाता, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। धरने पर विनोद ब्रह्मचारी, राम सिंह, संतोष सेमवाल, आशीष सौन्दाल, जय शाही आदि मौजूद रहे।

# टीएचडीसी ने अलकनंदा नदी को ही बना दिया डंपिंग जोन

## विष्णुगाड जल विद्युत परियोजना ने सभी नियम कानूनों को ताख़ पर रखकर दिया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पीपलकोटी/चमोली।** टीएचडीसी की विष्णुगाड पीपलकोटी परियोजना में कंपनी द्वारा सभी नियमों को ताक पर रख कर परियोजना निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिससे पतित पावनी अलकनंदा नदी का पानी दूषित होने के साथ ही एक बड़ी आपदा को न्योता दिया जा रहा है। टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कार्पोरेशन द्वारा विष्णुगाड जल विद्युत परियोजना पीपलकोटी 444 मेगावाट का निर्माण कार्य किया जा रहा है। कंपनी ने परियोजना निर्माण ने निकलने वाले मकिंग (मिट्टी) को डंपिंग के लिए छोटी काशी हाट गांव को विस्थापित किया गया था। लेकिन आधा-अधूरी विस्थापन के खिलाफ ग्रामीणों द्वारा कानूनी लड़ाई लड़ी गई और अब



हाईकोर्ट ने हाट गांव में मंकिग पर रोक लगाई गई है। जिसके चलते टीएचडीसी के पास कहीं भी डंपिंग जोन नहीं है, तब कंपनी द्वारा सभी नियम कानूनों को ताक पर रख कर नदी नालों के साथ अब पतित पावनी अलकनंदा नदी को ही डंपिंग जोन बना दिया है।

कंपनी द्वारा बिरही में अलकनंदा नदी के किनारे मंकिग डाली जा रही है। जो भविष्य में बड़ी आपदा को न्योता दे रही है।

जिसमें परियोजना प्रभावितों में कंपनी के खिलाफ आक्रोश बना हुआ है। पूर्व में भी कंपनी द्वारा एनजीटी के सभी नियमों को धता बताकर सड़क निर्माण कार्य में निकलने लगी मिट्टी को अलकनंदा नदी में प्रवाहित किया गया। तब एनजीटी द्वारा टीएचडीसी पर लगभग 42 लाख का जुर्माना लगाया गया। बावजूद कंपनी ने इससे सबक नहीं लिया गया। और अब अलकनंदा नदी के किनारे डंपिंग जोन बना दिया है। जो भविष्य में पर्यावरणीय नुकसान के साथ विनाशकारी आपदा ला सकती है। वहीं पूर्व ग्राम प्रधान छोटी काशी हाट राजेन्द्र हटवाल ने आरोप लगाया कि टीएचडीसी परियोजना द्वारा सभी नियम कानून को ताक में रखकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परियोजना लगातार राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के नियमों की धज्जियां उड़ा रही है और प्रशासन मौन बैठा हुआ है। ग्राम सभा हाट के निकट छमगाढ गदरे में जो कि बरसाती नाला है बरसात में बहुत पानी आता है परियोजना प्रबंधन ने बीच नाले में आरसीसी दीवार लगाकर लाखों टन सुरंग का मलबा डंप किया है, वहीं आजतक लाखों टन बरसात मलबा अलकनंदा नदी में बह चुका है और थोड़ी बरसात आएगी फिर मलबा बहेगा , नदियों में कैमिकल युक्त मलबा और पानी जाने के कारण नदियों का पारिस्थितिक तंत्र विलुप्त होने के कगार पर है। 2023 में क्षेत्र में बहुत अत्यधिक अतिवृष्टि होने की कारण पौराणिक शिव मंदिर बह गया था, ध्यान रहे कि अलकनंदा गंगा नदी की सबसे बड़ी सहायक नदी है और गंगा बेसिन अंतर्गत आती है ऐसे में एनजीटी भी मूक दर्शक बन कर खड़ी है। इस संवेदनशील मुद्दे पर एनजीटी को परियोजना पर शख्त कार्यवाही कर तत्काल रोक लगानी चाहिए।

# युवा खेलों को टाइम पास नहीं, करियर के रूप में लें: बंसल

## राज्यसभा सांसद ने देहरादून मे सांसद चौंपियनशिप ट्रॉफी का किया शुभारंभ

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून। राजधानी देहरादून के परेड ग्राउंड के बहुउद्देश्य हॉल में सांसद चौंपियनशिप ट्रॉफी का जोशीला आगाज हुआ।इस प्रतियोगिता में जिले की विभिन्न विधानसभा के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।ट्रॉफी का अनावरण,खेलो का ध्वजारोहण और मशाल को प्रज्ज्वलित करके प्रतियोगिता का शुभारंभ राज्यसभा सांसद डा. नरेश बंसल ने किया।

उन्होंने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया और उन्हें जीत की बधाई दी। प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में शामिल होने के लिए करीब 350 खिलाड़ी आए हैं।

डा. नरेश बंसल ने कहा कि युवा खेलों को टाइम पास के रूप में नहीं बल्कि करियर के रूप में अपनाएं ।



अगर वें 100 फीसदी अनुशासन और समर्पण खेल को देंगे तो उन्हें चौंपियन बनने से कोई रोक नहीं सकता।

डा. नरेश बंसल ने बताया कि देहरादून में 23 दिसंबर से खेल महाकुंभ प्रतियोगिता शुरू हो गई थी। सर्वप्रथम न्याय पंचायत स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित हुई, जिसमें जीतने वाले खिलाड़ी विधानसभा स्तर पर मुकाबला करने पहुंचे। विधानसभा में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सांसद चौंपियनशिप ट्राफी के लिए चयनित हुए। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए राजपुर रोड, रायपुर, सहसपुर, देहरादून कैंट, मसूरी, डोईवाला, धर्मपुर, विकासनगर, चकराता और ऋषिकेश विधानसभा से खिलाड़ी आए हैं। डा. नरेश बंसल ने कहा कि सांसद चौंपियनशिप ट्रॉफी में विभिन्न खेल स्पर्धाएं रखी गई हैं, जिनमें आधुनिक खेलों के साथ परंप. रागत खेलों को भी शामिल किया गया है।अंडर-14 एवं अंडर-19 बालक-बालिका फुटबॉल और बैडमिंटन प्रतियोगिता होंगी। एथलेटिक्स में अंडर-14 एवं अंडर-19 बालक-बालिका शामिल होंगी। अंडर-14 बालक-बालिका की कबड्डी, वॉलीबाल, पिट्ठू, खोखो, रस्साकसी, गोली-कंचा, मुर्गा झपट प्रतियोगिता होगी। जबकि अंडर-19 बालक-बालिका में कबड्डी, वॉलीबाल, पिट्ठू, खोखो, रस्साकसी, गोली-कंचा और मुर्गा झपट शामिल है।डा. नरेश बंसल ने कहा कि सांसद ट्रॉफी जीतने वाली टीम को नगद पुरस्कार राशि मिलेगी।

डा. नरेश बंसल ने कहा कि भाजपा सरकार ने खिलाड़ियों के हित के लिए नीतिगत फैसले किए जिनके बाद देश व राज्य में खेलों को लेकर माहौल बदला और एक खेल संस्कृति विकसित होनी शुरू हुई। उन्होंने कहा कि इस चौंपियनशिप के बाद प्रदेश स्तर के विजेता सरकारी नौकरियों में चार प्रतिशत आरक्षण के हकदार होंगे। इस अवसर पर युवा कल्याण अधिकारी प्रमोद पाण्डे ,जिला क्रीड़ा अधिकारी रविन्द्र भण्डारी, आदि संबंधित अधिकारीण,कोच व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति व घुघुतिया त्यार पर्व सामाजिक एकता का प्रतीक: जोशी

**कुर्मांचल परिषद के सदस्यों ने कैबिनेट मंत्री को दी शुभकामनाएं**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से बुधवार को उनके शासकीय आवास पर मकर संक्रांति एवं घुघुतिया त्यार (उत्तरायणी पर्व) के अवसर पर कुर्मांचल परिषद के पदाधिकारियों ने भेंट की। इस दौरान परिषद के पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री को घुघुति की माला पहनाकर मकर संक्रांति, घुघुतिया त्यार एवं उत्तरायणी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्रीके जोशी ने सभी को मकर संक्रांति एवं उत्तरायणी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे पर्व समाज में आपसी भाईचारे, सौहार्द और लोक संस्कृति को सशक्त करने का कार्य करते हैं।इस अवसर कैबिनेट मंत्री जोशी की धर्मपत्नी निर्मला जोशी, गोविन्द पांडे, कमल राज्वार, बबिता सला. ेनी, हंसा राणा, हेमा परिहार सहित कई लोग उपस्थित रहे।



## जोशी ने दी 'थल सेना दिवस' की बधाई

**देहरादून।** प्रदेश के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने थल सेना दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की सुरक्षा, सम्मान और आत्मगौरव की रक्षा में लगे हमारे सैनिकों का योगदान अतुलनीय है। अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहकर जिन्होंने राष्ट्र के लिए सर्वस्व न्यौछावर किया, उन वीरों के प्रति सम्पूर्ण राष्ट्र कृतज्ञता के भाव से नतमस्तक है। सैनिकों और उनके परिवारों का त्याग भारत की शक्ति और संकल्प का आधार है।

# राज्यपाल से की डीजीपी ने शिष्टाचार मुलाकात

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को लोक भवन में पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड दीपम सेठ ने शिष्टाचार भेंट की।



भेंट के दौरान पुलिस महानिदेशक ने राज्यपाल को राज्य में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था के सम्बंध में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही आधुनिक तकनीक आधारित पुलिसिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग, साइबर सुरक्षा तथा आगामी कुंभ मेले की तैयारियों के संबंध में भी चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त डीजीपी द्वारा पुलिस प्रशिक्षण के सुदृढ़ीकरण, एसडीआरएफ की क्षमता वृद्धि, आपदा प्रबंधन, त्वरित आपातकाल. ीन प्रतिक्रिया व्यवस्था एवं जन-सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण पहलों की भी जानकारी दी गई। राज्यपाल द्वारा राज्य में पुलिस व्यवस्था को तकनीक-सक्षम, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाए जाने तथा आगामी कुंभ एवं अन्य बड़े आयोजनों के दृष्टिगत प्रबन्ध बनाए रखने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

# दून पुलिस ने लापता हुए तीन बच्चों को यूपी के बागपत से किया बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर गंभीर दून पुलिस ने कैंट क्षेत्र से लापता हुए तीन नाबालिग बच्चों को तत्परता दिखाते हुए उत्तर प्रदेश के बागपत से सकुशल बरामद कर लिया है।

गत 9 जनवरी को कैंट थाने में सूचना दी गई थी कि 17, 16 और 13 वर्ष के तीन दोस्त घर से खेलने के बहाने निकले थे और वापस नहीं लौटे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी देहरादून के निर्देश पर पुलिस की टीमें गठित की गईं। तफ्तीश के दौरान पुलिस को पता चला कि बच्चे ट्रेन से हरिद्वार घूमने गए थे। हरिद्वार से वापस देहरादून आने के चक्कर में वे गलती से दूसरी बस में बैठ गए और बागपत (यूपी) पहुँच गए। सीसीटीवी फुटेज और सटीक इनपुट की मदद से पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों बच्चों को बागपत से बरामद कर लिया।पुलिस ने बच्चों को सुरक्षित देहरादून लाकर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## मासूमों की बहादुरी ,आग की लपटों से घिरी महिला की बचाई जान

**देहरादून।** राजधानी के दो जांबाज बच्चों ने अपनी सूझबूझ और अदम्य साहस से एक महिला को जिंदा जलने से बचा लिया। इस बहादुरी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून ने दोनों बच्चों को पुलिस कार्यालय बुलाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बीती 21 दिसंबर की रात करीब 10 बजे डालनवाला के मोहिनी रोड स्थित एक ऑफिस के बाहर एक महिला बैठी थी। पास ही जल रहे दीये से अचानक महिला की जैकेट में आग लग गई। देखते ही देखते आग फैलने लगी, जिससे महिला बुरी तरह घबरा गई।उसी समय वहां से गुजर रहे दो भाइयोंख्र प्रणवत सिंह (15 वर्ष) और दिवजोत सिंह (10 वर्ष)ख्र ने शोर मचाने के बजाय तुरंत बुद्धिमत्ता दिखाई। बच्चों ने अपनी जान की परवाह किए बिना तत्काल महिला के कपड़ों में लगी आग को बुझाया। बच्चों की इस त्वरित सक्रियता के कारण महिला की जान बच सकी।

## एक नजर .......

### गिरीश नैथानी के निधन के कारण बैठक स्थगित

**देहरादून।** राज्य निगम कर्मचारी महासंघ ने वन विकास निगम के प्रदेश अध्यक्ष गिरीश नैथानी का आकस्मिक निधन पर गहरा दुख जताया है। प्रदेश अध्यक्ष सूर्यप्रकाश राणाकोटि ने कहा कि नैथानी का नंबर इस प्रकार असमय चले जाना न केवल उनके परिवारजनों के लिए, बल्कि सम्पूर्ण संगठन, कर्मचारियों एवं सहयोगियों के लिए एक गहन आघात है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। राज्य निगम कर्मचारी महासंघ कार्यसमिति की बैठक 15 जनवरी को होने वाली बैठक को स्थगित कर दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष सूर्यप्रकाश राणाकोटि ने पूर्व में जारी बैठक सूचना के क्रम में बताया कि अत्यन्त शोकपूर्ण परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए यह निर्णय लिया गया।

### आयुर्वेद के नज़रिए से बादाम है बेहद लाभकारी

**देहरादून।** मकर संक्रांति पूरे भारत में लंबे दिनों, ताजी फसल और नई ऊर्जा के आने का प्रतीक है। पोंगल, लोहड़ी, उत्तरायण और माघ बिहू जैसे अलग-अलग रूपों में मनाया जाने वाला यह त्योहार खुशहाली, आभार और नई शुरुआत का प्रतीक है। जैसे-जैसे परिवार पारंपरिक पकवान और मिठाइयाँ बनाने के लिए एक साथ आते हैं, यह मौसम कैलिफोर्निया बादाम को शामिल करके उत्सव और सेहतमंद पोषण के बीच संतुलन बनाने का मौका देता है। प्रोटीन, स्वस्थ वसा और एंटीऑक्सीडेंट्स के अनोखे मिश्रण के साथ, बादाम ताकत बढ़ाने, प्रतिरक्षा प्रणाली का समर्थन करने और लंबे समय तक ऊर्जा प्रदान करने में सहायक हैं। उनका पोषक तत्वों से भरपूर प्रोफाइल उन्हें उत्सव के भोजन में स्वाभाविक रूप से शामिल करता है, जिससे स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेते हुए समग्र स्वास्थ्य का संतुलन बनाए रखा जा सकता है। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ0 मधुमिता कृष्णन ने कहा कि आयुर्वेद के नजरिए से बादाम को खाना बेहद लाभकारी माना जाता है।

### गीता सत्संग कार्यक्रम में शामिल हुए जोशी

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मकर संक्रांति के पावन अवसर पर तिलक रोड स्थित श्री तुलसी प्रतिष्ठान ट्रस्ट में आयोजित गीता सत्संग कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने पूज्य गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज का अंगवस्त्र भेंट कर देहरादून आगमन पर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि गीता मानव जीवन को सही दिशा देने वाला महान ग्रंथ है, जो कर्म, धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति जैसे पर्व हमें आत्मचिंतन, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा से जुड़ने का संदेश देते हैं। इस अवसर पर आचार्य बिपिन जोशी भी उपस्थित रहे।



# संस्कृति, विकास व विरासत के साथ आगे बढ़ रहा उत्तराखंड : धामी

**लखनऊ में उत्तरायणी कौथिग में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून/ लखनऊ।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लखनऊ, उत्तर प्रदेश में पर्वतीय महापरिषद द्वारा आयोजित उत्तरायणी कौथिग में शामिल हुए द्य

मुख्यमंत्री ने पर्वतीय महापरिषद, लखनऊ द्वारा आयोजित उत्तरायणी कौथिग के शुभारम्भ अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उत्तरायणी, मकर संक्रांति एवं घुघुतिया पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे माताओं-बहनों, वरिष्ठजनों एवं युवाओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि उत्तरायणी केवल लोकपर्व नहीं, बल्कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान और जड़ों से जुड़ाव का सशक्त प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ में आयोजित यह कौथिग उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की साझा सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का अद्भुत मंच है। लोकगीत, लोकनृत्य, लोकभूषा, हस्तशिल्प एवं कुटीर उद्योगों की झलक न केवल हमारी परंपराओं को जीवित रखती है, बल्कि स्थानीय शिल्पकारों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करती है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' संकल्प को धरातल पर उतारने का सशक्त उदाहरण बताया।



मुख्यमंत्री धामी ने पर्वतीय महापरिषद के 25 वर्षों के सांस्कृतिक, सामाजिक और सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ने उत्तर प्रदेश में रह रहे हजारों उत्तराखंडवासियों को एक सूत्र में बांधकर उनकी भाषा, संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने का उल्लेखनीय कार्य किया है।

# मकर संक्रांति पर आंचल दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों का स्टॉल लगाया

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून।मकर संक्रांति के अवसर पर गांधी पार्क के मुख्य द्वार पर दुग्ध संघ देहरादून एवं यूसीडीएफ हल्द्वानी नैनीताल द्वारा आंचल दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों का स्टॉल लगाया गया। दुग्ध संघ ने दूध जलेबी एवं आंचल मिठाइयों का निशुल्क वितरण किया , जिसमें आम जनमानस को आंचल के उत्पादों की गुणवत्ता की जानकारी भी दी गई। आंचल दूध एवं दुग्ध उत्पादों का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया ।इस अवसर पर दुग्ध संघ के अध्यक्ष भूमि सिंह , प्रधान प्रबंधक अजीत कुमार सिंह ,यूसीडीएफ के प्रबंधक ऑपरेशन जीएस मौर्य, डेरी विकास विभाग के मिल्क इंस्पेक्टर एकेसिंह एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।




# बेटे के आतंक से मां ने छोड़ा था घर, डीएम ने आरोपी को किया जिला बदर

**6 महीने के लिए जिले से निष्कासित**

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। जनपद में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और महिलाओं की सुरक्षा के लिए जिलाधिकारी सविन बंसल ने कड़ा रुख अपनाया है। मोहल्लेवासियों के लिए दहशत का पर्याय बने आदतन अपराधी दिव्यकांत लखेड़ा को डीएम ने गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत 6 माह के लिए जिला बदर कर दिया है।

मां और मोहल्लेवासी थे परेशान ऋषि विहार (माजरी माफी) निवासी दिव्यकांत लखेड़ा के खिलाफ उसकी अपनी वृद्ध माता ने मारपीट की शिकायत की थी। आरा. ेपी के डर से बुजुर्ग मां को घर तक छोड़ना पड़ा था। इतना ही नहीं, आरोपी मोहल्ले की महिलाओं पर अभद्र टिप्पणियां करता था और असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर घर में नशे का अड्डा चला रहा था। जनसुनवाई के दौरान परेशान मोहल्लेवासियों ने डीएम से गुहार लगाई थी। जिलाधिकारी ने आरोपी को 'गुंडा' घोषित करते हुए नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस को उसे 24 घंटे के भीतर जिले की सीमा से बाहर करने के निर्देश दिए हैं। अगले 6 माह तक आरोपी देहरादून की सीमा में प्रवेश नहीं कर सकेगा।बिना अनुमति प्रवेश करने पर 3 साल तक की जेल हो सकती है।आरोपी को जिले से बाहर अपने निवास का पता पुलिस को देना अनिवार्य होगा।

# देवभूमि की संस्कृति के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं : सीएम

**कंडार देवता और हरि महाराज के डोली के सानिध्य माघ मेले का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ**

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकशी का पौराणिक माघ मेला (बाड़ाहाट कू थौलू) में पहुंच कर बाराहाट क्षेत्र के आराध्य कंडार देवता और बाड़ागड्डी क्षेत्र के हरि महाराज की डोली के सानिध्य में रेवन काट कर विधिवत रूप से सात दिवसीय मेले का शुभारंभ किया है।

बुधवार को जनपद के रामल. ीला मैदान में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मुझे पौराणिक माघ मेला के शुभारंभ करने का सौभाग्य मिला यह बाबा काशी विश्वनाथ की धरती में लोक आस्था का महाकुंभ है। उन्होंने कहा मकर संक्रांति से सूर्य उत्तरायण होने से शुभ कार्य का आगमन होता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी को मकर संक्रांति और माघ मेले की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पौराणिक मेला जनपद की विशिष्ट धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का संवाहक है। माघ मेला में भाग लेने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण लोक देवताओं की डोलियों और धार्मिक प्रतीकों के साथ उत्तरकाशी पहुँचे। भागीरथी नदी में पर्व स्नान करने के बाद कंडार देवता व हरि महाराज सहित अनेक देवडोलियों के साथ स्थानीय ग्रामीणों ने बाड़ाहाट (उत्तरकाशी नगर का पुरातन क्षेत्र) स्थित चमाला की चौंरी पर पहुँचकर डोलीनृत्य व रासो-तांदी नृत्य कर बाड़ाहाट के थौलू (मेला) की अनूठी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं की छटा बिखेरी। अपराह्न में रामलीला मैदान में कंडार देवता व हरि महाराज की आगवानी में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर माघ मेला का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मेला पांडाल में घण्डियाल देवता, खंडद्वारी देवी, राज-राजेश्वरी देवी, त्रिपुर सुंदरी,नाग देवता व दक्षिण काली सहित अनेक देवडोलियों व धार्मिक प्रतीकों की भी उपस्थिति रही। उद्घाटन समारोह में त्रृषिराम शिक्षण संस्थान की छात्राओं ने स्वागत गान एवं नृत्य प्रस्तुत किया। उत्तरकाशी जनपद अपनी एक आध्यात्मिक पहचान बना रहा है। वहीं विकास के पथ पर भी अग्रसर है।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सरकार की नीतियां सिर्फ फाइलों तक सीमित नहीं है सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित है और विकास भी सुनिश्चित हो रहा है एवं पर्यटन के क्षेत्र में आजीविका के नए अवसर बनाए जा रहे हैं।



# अनन्या ने बड़े रेजोल्यूशन्स की जगह सरल आदतों को अपनाया

**देहरादून।** अनन्या पांडे 2026 में कदम रखते हुए खुद को रियल बनाए रख रही हैं। एक नए इंस्टाग्राम रील में अभिनेत्री आईने के सामने खड़े होकर नए साल के संकल्पों से जुड़ी परिचित दबाव पर खुद से बात करती नजर आती हैं। समय कितनी तेजी से निकल जाता है और "न्यू ईयर, न्यू मी"की सोच के साथ आने वाली चिंता को स्वीकार करते हुए, अनन्या एक ज्यादा संतुलित रास्ता चुनती हैं-असंभव मानकों के पीछे भागने के बजाय छोटे और टिकाऊ आदतों पर ध्यान देती हैं। बेहतर नींद, पर्याप्त पानी पीना और नियमित व्यायाम जैसे कदमों के जरिये उनका संदेश परफेक्शन नहीं, बल्कि स्थिरता पर केंद्रित है। वह अपनी सुबह की दिनचर्या का एक आसान लेकिन अहम हिस्सा भी साझा करती हैं।

# गोरखा समाज को 'घुसपैठिया' कहने से भड़का आक्रोश

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। सोशल मीडिया पर भारतीय गोरखाओं के खिलाफ की जा रही आपत्तिजनक और विवादास्पद टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने आक्रोशित गोरखा समाज के प्रतिनिधिमंडल के साथ बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, देहरादून को एक शिकायती पत्र के माध्यम से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

गोरखा समाज के प्रति. निधियों का कहना है कि उत्तराखंड में गोरखा समुदाय राज्य निर्माण से पहले से ही सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रसेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है। सेना, अर्धसैनिक बलों और सीमाई सुरक्षा में गोरखा समाज का ऐतिहासिक योगदान रहा है। इसके बावजूद सोशल मीडिया पर गोरखा समाज को "घुसपैठिया" और "विदेशी" कहे जाने से समाज की भावनाएं आहत हुई हैं और इससे सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचने की आशंका है।

हाल ही में सोशल मीडिया मंचों पर कोटी-कनासर, चकराता क्षेत्र के पूर्व प्रधान राहुल पुन सहित समस्त भारतीय गोरखाओं को विद. ेशी बताए जाने के आरोप सामने आए हैं, जिससे क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बन गया है। समाज के लोगों का कहना है कि किसी भी भारतीय नागरिक को विदेशी कहना संविधान प्रदत्त समानता और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। इस मामले में दी गई शिकायत में मांग की गई है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और क्षेत्र में शांति एवं भाईचारा बना रहे।

शिकायतकर्ताओं में पूर्व अध्यक्ष महानगर देहरादून लालचंद शर्मा, प्रदेश महामंत्री गोदावरी थापली, प्रदेश प्रवक्ता दीप बोहरा, पूर्व प्रधान कोटि कनासर राहुल पुन, पदम छेत्री, मनोज थापा, पदम बिष्ट, हरि बहादुर, राजवीर छेत्री, विकास थापा, धर्मपाल राणा, सहित अनेक सामाजिक प्रतिनिधि व स्थानीय नागरिक शामिल हैं।

# सैनिक कभी पूर्व नहीं होता, वह अंतिम सांस तक है राष्ट्र रक्षक : राज्यपाल

**राज्यपाल ने 'सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस' पर पूर्व सैनिकों के योगदान को किया याद**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने उत्तराखण्ड सब एरिया द्वारा सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस (वेटरन्स डे) के अवसर पर शौर्य स्थल में आयोजित कार्यक्रम में वीर शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर राज्यपाल ने वीर नारियों और भूतपूर्व सैनिकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया और उनकी देश सेवा और समर्पण के लिए उनका आभार व्यक्त किया। राज्यपाल ने उपस्थित भूतपूर्व, सेवारत सैनिकों और वीर नारियों से मुलाकात भी की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि पूर्व सैनिकों ने पूरे जीवन भर राष्ट्र सर्वोपरि के जिस मंत्र को जिया है, वह पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि एक सैनिक अपनी अंतिम सांस तक सैनिक ही रहता है और वह समाज को अनुशासन, प्रतिबद्धता और एकता का पाठ पढ़ाते हैं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उपस्थित 'वीर नारियों' का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शहीदों के परिवारों और उनके आश्रितों की देखभाल करना हमारा परम कर्तव्य और जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पूर्व सैनिक के भीतर नेतृत्व क्षमता, समर्पण, अनुशासन और उत्कृष्ट कार्य करने का जज्बा समाहित होता है, जो उन्हें समाज के लिए एक आदर्श लीडर बनाता है। वे न केवल सेना में बल्कि नागरिक जीवन में भी अनुशासन और लोक कल्याण की भावना से ओत-प्रोत होकर राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान दे सकते हैं। हमारे पूर्व सैनिक प्रदेश में जारी विभिन्न आर्थिक क्रांतियों, जैसे हनी क्रांति, अरोमा क्रांति, मिलेट क्रांति, होमस्टे और स्वयं सहायता समूहों के सुदृढ़ीकरण में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं।




कार्यक्रम में सैन्य कल्याण मंत्री श्री गणेश जोशी, जीओसी उत्तराखण्ड सब एरिया मेजर जनरल एम. पी.एस गिल, सहित देहरादून स्टेशन के सेवारत अधिकारी, जेस. ीओ और अन्य रैंक के अधिकारी, भूतपूर्व सैनिक और उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

# कांस्टेबल के घर में चोरी

## चारों अभियुक्त गिरफ्तार

■ लाखों रूपए का सामान व नकदी बरामद

सैफ सलमानी शाह टाइम्स

**हरिद्वार।** कांस्टेबल के घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को थाना सिडकुल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घर का ताला तोड़कर घुसे चोरों ने एलईडी टीवी, वाशिंग मशीन, लेपटॉप व नकदी सहित लाखों रूपए का सामान चोरी कर लिया था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने करीब पौने दो लाख रूपए का सामान बरामद किया है। वारदात में शामिल दो आरोपियों के खिलाफ पौड़ी गढ़वाल और बिजनौर में कई मुकद्मे दर्ज हैं। 12 जनवरी को पुलिस में कांस्टेबल के पद पर तैनात महेंद्र कुमार पुत्र मोहनलाल निवासी बद्री विशाल पुरम कालोनी गुसाई एनक्लेव नवोदय नगर ने तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ घर का ताला तोड़कर घरेलू सामान टीवी, वाशिंग मशीन, लैपटॉप, इनवर्टर, बैटरी व नकदी चोरी करने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकद्मा दर्ज करने के बाद खुलासे में जुटी पुलिस टीम ने 14 जनवरी को मुखबिर खास की सूचना पर हर्षिता कालोनी से 4 संदिग्धों कुशल पाल पुत्र ठाकर सिंह, राकेश पुत्र ठकरा सिंह, भोले पुत्र ठकरा सिंह व पवन पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम सदादपुर थाना बढ़ापुर जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश को दबोचकर उनके कब्जे से चोरी किया सामान व 86 हजार रूपए की नकदी बरामद कर ली। गिरफ्तार किए गए आरोपी राकेश व भोले के खिलाफ पौड़ी गढ़वाल और बिजनौर में कई मुकद्मे दर्ज हैं। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नितेश शर्मा, एसएसआई देवेंद्र तोमर, एसआई बबलू चौहान, हेड कांस्टेबल जितेंद्र मलिक, संजय, देशराज, कांस्टेबल गजेंद्र, कुलदीप, कुलदीप डिमरी, हरि सिंह, रिपेन्द्र शामिल रहे।



# मकर संक्रांति पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मकर संक्रांति स्नान सकुशल संपन्न हो गया। मकर संक्रांति पर बने विशेष ज्योतिषीय संयोग का लाभ उठाने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचे और हरकी पैड़ी सहित विभिन्न घाटों पर गंगा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। स्नान के पश्चात श्रद्धालुओं ने सूर्य को अर्ध्य दिया और दान पुण्य किया। भारी संख्या में श्रद्धालु मनसा देवी, चंडी देवी आदि पौराणिक मंदिरों में दर्शन के लिए भी पहुंचे और दर्शन पूजन कर परिवार के लिए मंगलकामना की। स्नान को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन की और से मेला क्षेत्र को 8 जोन ओर 22 सेक्टरों में विभाजित कर सुरक्षा और यातायात के प्रबंध किए गए थे। जाम की समस्या से बचने के लिए रूट डायवर्जन भी किया गया। भारी वाहनों का मेला क्षेत्र में प्रवेश प्रतिबंधित करने से यातायात सुगम रहा। स्नान के लिए उमड़ी भारी भीड़ की वजह से बाजारों में भी रौनक रही। जिससे मंदी का सामना कर रहे व्यापारियों ने अच्छा व्यापार किया। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।



# शताब्दी समारोह की तैयारियों को मिला संगठित, सुरक्षित और सांस्कृतिक स्वरूप

■ नो कार्ड नो एंट्री लागू

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** राजा दक्ष की नगरी कनखल स्थित वैरागी द्वीप पर आयोजित होने जा रहे अखिल विश्व गायत्री परिवार के ऐतिहासिक शताब्दी समारोह की तैयारियाँ अब पूर्णतः सुव्यवस्थित, तकनीकी रूप से सुरक्षित एवं वैचारिक रूप से सुदृढ़ रूप में सामने आ चुकी हैं, जिसके क्रम में शताब्दी समारोह के दलनायक डॉ. चिन्मय पंड्या एवं हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, जौलीग्रांट के प्रमुख डॉ. विजय ध स्माना के कर-कमलों से सांस्कृतिक विभाग, महिला प्रकोष्ठ, केंद्रीय जोनल कार्यालय, विद्युत विभाग, समूह चर्चा-संकल्प कार्यालय, उद्यान विभाग, संगीत विभाग, पंजीयन कार्यालय तथा अस्थायी अस्पताल सहित अनेक महत्वपूर्ण व्यवस्थागत इकाइयों का विधिवत अनावरण किया गया। आयोजन की सुरक्षा व सुव्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गेट नंबर-1 पर बारकोड आधारित डिजिटल पंजीयन कार्यालय शुरू किया गया है, जो आधार ऑथेंटिकेशन से जुड़ा होगा तथा "नो कॉर्ड नो एंट्री" नियम सख्ती से लागू रहेगा। शांतिकुंज की केंद्रीय टीम द्वारा देशभर को पूर्वी, पश्चिमी, एनसीआर सहित 13 जोनों में विभाजित किया गया है, जिसके अंतर्गत विभिन्न राज्यों से आने वाले कार्यकर्ता केंद्रीय जोनल कार्यालय के माध्यम से संपर्क, समन्वय व मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। सांस्कृतिक विभाग में आदिवासी सम्मेलन, विभिन्न जनजातियों की झलक, राज्यवार प्रस्तुतियाँ एवं प्रस्तावित ज्योति कलश रैली की झांकियों की रूपरेखा तैयार की गई है, जबकि संगीत विभाग का उद्घाटन शंखनाद, विविध वाद्य यंत्रों एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया गया। संगठनात्मक सुदृढ़ता हेतु समूह चर्चा एवं संकल्प कार्यालय में 40 टीमों का गठन किया गया है। वहीं शताब्दी समारोह के लिए बनाए गए अस्थायी अस्पताल में 16 बेड, 10 चिकित्सक, 4 एंबुलेंस व 20 से अधिक सहयोगी स्टाफ के साथ 24 घंटे चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध रहेंगी। इस अवसर पर हरिद्वार के सीएमओ डॉ. आर.के. सिंह, शांतिकुंज व्यवस्थापक योगेन्द्र गिरि, जन्मशताब्दी समारोह कोर टीम के सदस्य गौरीशंकर सैनी, वीरेन्द्र तिवारी, श्याम बिहारी दुबे, उदय किशोर मिश्रा, चिकित्सालय प्रभारी डॉ. मंजू चोपदार सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।



# वेस्ट टू वंडर पार्क का कार्य प्रगति पर

## निगम को शासन से 13 अपशिष्ट संग्रहण वाहन प्राप्त हुए

सैफ सलमानी शाह टाइम्स

**हरिद्वार।** दिनांक 14 जनवरी को नगर आयुक्त, नगर निगम द्वारा भगत सिंह चौक के निकट स्थित नगर निगम के ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की गहन समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान यह अवगत कराया गया कि निगम क्षेत्र अंतर्गत घर-घर ठोस अपशिष्ट संग्रहण का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। कई वार्डों की संकरी गलियों में संग्रहण वाहन नहीं जा पाने की स्थिति में वहां से एकत्रित ठोस अपशिष्ट को भगत सिंह चौक स्थित ट्रांसफर स्टेशन पर लाकर सुव्यवस्थित एवं वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन किया जाता है। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए ट्रांसफर स्टेशन को और अधिक व्यवस्थित किया जा रहा है। निगम द्वारा विभिन्न वार्डों में चिन्हित गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट्स को निरंतर कम करने की कार्यवाही की जा रही है जिससे शहर में अनियंत्रित ठोस अपशिष्ट जमा होने की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। इस दौरान यह भी जानकारी दी गई कि आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग प्राप्त करने के उद्देश्य से भगत सिंह चौक के समीप स्थित ट्रांसफर स्टेशन के निकट वेस्ट टू वंडर पार्क विकसित किए जाने की कार्यवाही भी गतिमान है। निगम द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु नियोजित कार्य योजना के अंतर्गत निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। निगम को शासन से 13 नए ठोस अपशिष्ट संग्रहण टिपर वाहन प्राप्त हुए हैं जिनके माध्यम से सभी वार्डों में घर-घर ठोस अपशिष्ट संग्रहण को शत-प्रतिशत करने का लक्ष्य निध ारित किया गया है। इन वाहनों के संचालन से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। इसके अतिरिक्त भगत सिंह चौक स्थित ट्रांसफर स्टेशन परिसर में शीघ्र ही वृक्षारोपण किए जाने की कार्यवाही भी प्रारंभ की जा रही है। निगम द्वारा यहां कर्मचारियों की तैनाती की गई है जिनके द्वारा ट्रांसफर स्टेशन पर आने-जाने वाले वाहनों की निगरानी की जा रही है तथा बाहरी एवं अनधिकृत वाहनों को रोका जा रहा है। आयुक्त नंदन कुमार द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि निगम द्वारा उक्त स्थल पर भविष्य में पूर्णतः मशीनरी युक्त स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन विकसित किए जाने हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है। निगम द्वारा आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग प्राप्त करने के उद्देश्य से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में निरंतर योजनाबद्ध एवं प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं जिससे जनपद को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित नगरी के रूप में विकसित किया जा सके।

# वीरों के त्याग एवं बलिदान को स्मरण रखने वाला राष्ट्र ही सशक्त बनता है : रावत

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने दायाँ नहर किनारा, बिजली घर संख्या-6 के निकट, रुड़की में वीर क्षत्रिय सम्राट पृथ्वीराज चौहान की भव्य प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया। इस अवसर पर रावत ने कहा कि भारतीय इतिहास में क्षत्रिय परंपरा का योगदान राष्ट्ररक्षा, स्वाभिमान और बलिदान से जुड़ा रहा है। सम्राट पृथ्वीराज चौहान जैसे महापुरुषों ने किसी एक वर्ग के लिए नहीं, बल्कि समस्त समाज और मातृभूमि के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके आदर्शों, त्याग और वीर चरित्रों से प्रेरणा लेने से होती है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाली पीढ़ियों को भारत के वीरों और महापुरुषों के जीवन से परिचित कराना आवश्यक है ताकि उनमें राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यबोध तथा सामाजिक एकता की भावना विकसित हो। नई शिक्षा नीति इस दिशा में सकारात्मक भूमिका निभा रही है। अंत में उन्होंने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान जी की यह प्रतिमा साहस, राष्ट्रभक्ति और प्रेरणा का स्थायी प्रतीक बनेगी। कार्यक्रम में रानीपुर विधायक आदेश चौहान, रुड़की मेयर अनीता अग्रवाल, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप सिंह तंवर, कार्यक्रम अध्यक्ष यशवंत सिंह चौहान, कार्यक्रम संचालक अरविंद राजपूत, राज्यमंत्री डॉ. जयपाल सिंह चौहान, पूर्व मेयर यशपाल राणा, वरिष्ठ भाजपा नेता मयंक गुप्ता, प्रणय प्रताप सिंह, ललित मोहन अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# लाखों की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

## थाना रानीपुर व ज्वालापुर में दर्ज हैं कई मुकदमे

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली रानीपुर में वर्ष 2024 में दिनांक 08.03.2024 को वादी प्रमोद पुत्र फूल सिंह, निवासी बी-ब्लॉक, टिहरी विस्थापित कॉलोनी की तहरीर पर जमीन बेचने के नाम पर 14 लाख रुपये की धोखाधड़ी, घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी के संबंध में धारा 420, 120बी, 452, 323, 504, 506, 354 भादवि पंजीकृत किया गया था। जांच में आरोपी का शातिर आपराधिक इतिहास सामने आया, जिसके विरुद्ध थाना ज्वालापुर में भी धोखाधड़ी के अभियोग दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त आरोपी के खिलाफ न्यायालय में धारा 138 एनआई एक्ट (चेक बाउंस) का वाद विचाराधीन था, जिसमें वह लंबे समय से फरार चल रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के क्रम में कोतवाली रानीपुर पुलिस ने धारा 138 एनआई एक्ट में न्यायालय से वारंट प्राप्त कर लगातार सुरागरसी-पतारसी के बाद दिनांक 13.01.2026 को मुखबिर की सूचना पर आरोपी को उसके निवास स्थान, नेशनल सर्विस सेंटर के निकट शनिदेव मंदिर, पीएसी रोड, टिहरी विस्थापित कॉलोनी से गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक शांति कुमार, वरिष्ठ उप निरीक्षक नितिन चौहान, उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह पाल, कांस्टेबल सुमित जुयाल व कांस्टेबल रविंद्र बिष्ट शामिल रहे।



# स्वामी मोहनानंद गिरी बने निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर

## युवा वर्ग का सन्यास परंपरा में आना सनानत संस्कृति के लिए शुभ लक्षण : श्रीमहंत रविंद्रपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री मां इच्छापूर्णि काली मंदिर ट्रस्ट के महंत स्वामी मोहनानंद गिरी महाराज को श्री पंचायती अखाड़ा निरंजनी के महामंडलेश्वर की पदवी प्रदान की गयी। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज के संयोजन में गुघाल रोड़ पाण्डेवाला ज्वालापुर स्थित श्री जी बैंकेट हॉल में आयोजित भव्य पट्टाभिषेक समारोह में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज, निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी महाराज के संयोजन में सभी तेरह अखाड़ों के संतों ने वैदिक परंपरा अनुसार चादर विधि और पुष्प वर्षा कर महंत स्वामी मोहनानंद गिरी का अखाड़े के महामंडलेश्वर पद पर अभिषेक किया। महामंडलेश्वर स्वामी मोहनानंद गिरी को आशीर्वाद प्रदान करते हुए अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि युवा वर्ग का सन्यास परंपरा में आना सनानत संस्कृति के लिए शुभ लक्षण है। निरंजनी अखाड़े के नवनियुक्त महामंडलेश्वर स्वामी मोहनानंद गिरी महाराज युवा और विद्वान संत हैं और अखाड़े की उन्नति के साथ युवा वर्ग को सनानत धर्म संस्कृति के प्रति जागरूक और प्रेरित करने का कार्य करेंगे। निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी महाराज एवं भारत माता मंदिर के महंत महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी महाराज ने कहा कि सनातन संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है। महामंडलेश्वर स्वामी मोहनानंद गिरी महाराज समाज में सनातन धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार में योगदान देंगे। नवनियुक्त महामंडलेश्वर मोहनानंद गिरी महाराज ने कहा कि अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज के सानिध्य में अखाड़े की परंपराओं को आगे बढ़ाने के साथ समाज में सनातन धर्म और अध्यात्म के प्रचार-प्रसार में योगदान करेंगे। इस अवसर पर महंत प्रकाश पुरी, महंत वैराग्यानंद, महंत सतीश वन, स्वामी अवंतिकानंद ब्रह्मचारी, स्वामी ऋषिश्वरानंद, गुरू मां अंजना देवी, महामंडलेश्वर स्वामी सरितानंद पुरी, स्वामी अनंतानंद गिरी, स्वामी चिदविलासानंद, स्वामी सहजानंद पुरी, स्वामी दिवाकर महाराज, महंत राज गिरी, स्वामी आनन्द वन, स्वामी रविपुरी डा.विशाल गर्ग, राजेश रस्तोगी, अमित सैनी, विश्वास सक्सेना सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



# गुरु गोबिंद सिंह का संपूर्ण जीवन मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोतः आचार्य बालकृष्ण

## पतंजलि विवि में मनाया गया प्रकाश पर्व एवं लोहड़ी उत्सव

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री गुरु गोबिंद सिंह चेयर के तत्वावधान में पतंजलि विश्वविद्यालय परिसर में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व एवं लोहड़ी उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति आचार्य बालकृष्ण, प्रति-कुलपति प्रो. मयंक कुमार अग्रवाल, अधिष्ठाता, मानविकी एवं प्राच्य विद्या संकाय डॉ. साध्वी देवप्रिया एवं अधिष्ठाता, शोध एवं शिक्षण डॉ. ऋत्विक सहाय द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह का जीवन 'संत-सिपाही' की परंपरा का प्रतीक है। उनकी शिक्षाएँ संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत हैं, जो अन्याय के विरुद्ध निर्भय होकर खड़े होने तथा राष्ट्रप्रेम व चरित्र निर्माण का संदेश देती हैं। कार्यक्रम में श्री गुरु गोबिंद सिंह चेयर के प्रोफेसर डॉ. जीत सिंह संधू ने गुरु गोबिंद सिंह की ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने वंचित समाज को आत्मसम्मान और साहस प्रदान कर उन्हें 'सिंह' बनाया। खालसा पंथ की स्थापना एक युगांतरकारी घटना है, जो सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम में अधिष्ठाता, विज्ञान संकाय एवं परीक्षा नियंत्रक प्रो. अरविंद कुमार सिंह, अधिष्ठाता, प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान संकाय डॉ. तोरण सिंह, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण डॉ. विनय कुमार शर्मा सहित अनेक शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। चेयर की समन्वयक डॉ. निवेदिता शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात पारंपरिक लोहड़ी प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन चेयर की सहायक समन्वयक डॉ. गुरनीत कौर द्वारा किया गया।



# मकर संक्रांति पर निर्मल अखाड़े में अखंड पाठ व शबद कीर्तन का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मकर संक्रांति के अवसर पर कनखल स्थित श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल में अखंड पाठ व शबद कीर्तन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं को खिचड़ी और हलुवे का प्रसाद वितरित किया गया। श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए अखाड़े के अध्यक्ष श्रीमहंत ज्ञानदेव सिंह महाराज ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व जीवन में सकारात्मक ऊर्जा लाता है और आत्मचिंतन की प्रेरणा देता हे। सभी को संतों के सानिध्य में आत्मज्ञान प्राप्त कर सूर्य की तरह स्वयं को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करना चाहिए। कोठारी महंत जसविन्दर सिंह महाराज ने कहा कि भारत में मनाए जाने वाले समस्त पर्व समाज को संदेश देते हैं। मकर संक्रांति आत्मिक जागृति का पर्व है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति को सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश कर उत्तरायण होते हैं। सूर्य देव के उत्तरायण होने से खरमास के बाद शुभ काल आरंभ होता है। धार्मिक दृष्टि से यह समय आत्मशुद्धि और पुण्य अर्जन के लिए अत्यन्त श्रेष्ठ है। कोठारी महंत जसविन्दर सिंह महाराज ने कहा कि मकर संक्रांति पर गंगा स्नान का भी विशेष महत्व है। गंगा स्नान के बाद सूर्य आराधना और दान पुण्य करने से विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर महंत खेम सिंह, महंत निर्भय सिंह, स्वामी केशवानन्द, संत गगन सिंह लुधियाना वाले, संत जसबीर सिंह, महंत गुरमीत सिंह, महंत रंजय सिंह, संत सुखमन सिंह, संत बीर सिंह, संत जसकरण सिंह, महंत गुरपाल सिंह, महंत हरि सिंह, संत रवि सिंह, समाजसेवी अतुल शर्मा, महंत गोविंददास, महंत राघवेन्द्र दास सहित अनेक संत व श्रद्धालु मौजूद रहे।



## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी एक संपत्ति जो कि स्थित खसरा नंबर 193 प्लाट नंबर 131, कुल क्षेत्रफल 140.00 वर्गमीटर, इंदू एक्क्लेव ग्राम शेखपुरा उर्फ कनखल, परगना ज्वालापुर तहसील व जिला हरिद्वार है से संबंधित दो असल विक्रय पत्र वास्तव में खो गये हैं। एक असल विक्रय पत्र जो कि दिनांकित 13-05-2008 को उप निबंधक कार्यालय हरिद्वार में पंजीकृत है जिसका बही संख्या -1 जिल्द संख्या-643 पेज संख्या-27-54 दस्तावेज संख्या 3154 है। इसी संपत्ति से संबंधित एक और असल विक्रय पत्र जो कि दिनांकित 26/08/2009 को उप निबंधक कार्यालय हरिद्वार में पंजीकृत है। जिसका बही संख्या-01 जिल्द संख्या-1156 पेज संख्या 35 से 62 दस्तावेज संख्या 6271 है।

उक्त वर्णित दोनों असल विक्रय पत्र काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिल रहे हैं। इस संबंध में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। उक्त वर्णित विक्रय पत्रों को कोई दुरूपयोग नहीं किया गया है और ना ही इन असल विक्रय पत्रों को किसी भी व्यक्ति/संस्था/बैंक इत्यादि में बंधक रखा गया है।

कनु कपूर पत्नी श्री चंदन तिवारी निवासी सर्वप्रिय विहार कनखल, तहसील व जिला हरिद्वार।

# प्रेमनगर आश्रम द्वारा कम्बल व वस्त्र वितरण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक एवं समाजसेवी संस्था प्रेमनगर आश्रम द्वारा परम पूज्य सतपाल महाराज की प्रेरणा से जिला कारागार रोशनाबाद में कैदियों के लिए पर्याप्त कम्बल एवं बालकुंज सलेमपुर, हरिद्वार के जरूरतमंद बच्चों के लिए वस्त्र वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रेमनगर आश्रम एक अखिल भारतीय पंजीकृत आध्यात्मिक एवं समाजसेवी संस्था है। संस्था के प्रेरणास्रोत सतपाल महाराज की प्रेरणा से श्री प्रेमनगर आश्रम समय-समय पर अनेकों समाज सेवा का कार्य करता है। जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क राशन समाग्री, वस्त्र, कम्बल, फल, औषधि वितरण तथा रक्तदान शिविर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण आदि सेवा कार्य इस संस्था द्वारा किया जाता रहा है। कोरोना काल में कोरोना पीड़ितों को निःशुल्क औषधि भोजन राशन सामाग्री एवं आवास व्यवस्था जैसे सामाजिक सेवा कार्य किये गये दिनांक 14 जनवरी 2026, को मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में सामाजिक सेवा कार्य किये गये। कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रेमनगर आश्रम, हरिद्वार के सहयोग से सचिव जिला विधिक प्राधिकरण/सीनियर सिविल जज सिमरनजीत कौर एवं मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा ने जिला कारागार रोशनाबाद में कैदियों को कम्बल एवं बालकुंज सलेमपुर, हरिद्वार के बच्चों को जरूरत के वस्त्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक मनोज आर्गा, शासकीय अधिवक्ता हरिद्वार विजयपाल सिंह, श्री प्रेमनगर आश्रम के महामंत्री महात्मा हरि सन्तोषानन्द, प्रबन्धक पवन कुमार, कैसियर हेमेन्द्र सिंह, वरिष्ठ कार्यकर्ता अनुज सिंह रावत, शंकर लाल शर्मा, नितिन कुमार सिंह, दीपक माहेश्वर, हरेन्द्र कुमार यादव, अभिनव शर्मा, राजकमल आर्या, गोपाल सैनी, सुशान्त पाल, जितेन्द्र, रविन शर्मा, ललित कुमार, कुमारी आरजू, म. पूजिता बाई, कुसुम, म. भागीरथी बाई, म. कांता बाई, जुगल किशोर, उदयवीर, तथा अनिल आदि संस्था के कार्यकर्ता मौजूद थे।



# घने कोहरे से किसान परेशान आम जन के काम काज पर पड़ा असर

सैफ सलमानी शाह टाइम्स

**हरिद्वार।** पथरी क्षेत्र में पिछले चार दिनों से ग्रामीण क्षेत्रों में घना कोहरा छाया हुआ है। जिसके चलते किसानों के कामकाज पर भारी असर देखने को मिल रहा है। बुधवार को भी घना कोहरा का असर खेती तक पर देखने को मिलने लगा है किसानों के कामकाज पर बुरा असर पड़ रहा है। किसान पवन सैनी, दीपक, सुनील, रहमान, निशार, बबलू, कुलदीप, राजकुमार, मुनेश, रमेश, सुशील का कहना है की इस वक्त मिल किसानों को गन्ने की पर्चियां दे रहा है जिसके चलते गन्ने की छिलाई का कार्य चल रहा है। लेकिन अधिक कोहरे के चलते गन्ने की छिलाई नहीं हो पा रही है। किसानों को अपनी पर्ची की पूर्ति करने के लिए मजदूरों को लगाना पड़ रहा है। अधिक कोहरा होने के कारण धीमे कार्य होने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसान रामवीर, सुशिल, नूतन, राकेश आदि कहना है कि ठंड बढ़ने के कारण मजदूर भी इतनी तेजी से काम नहीं कर पा रहे । जितना की धूप निकलने के दौरान वह कर सकते हैं। वहीं कोल्हू में भी गन्ने की पेराई तेजी से नहीं हो पा रही है। कोल्हू स्वामियों सराफत शाह का कहना है कि कोहरा बरसात की तरह बरसने के कारण ईंधन गीला हो रहा है जिस कारण रस की पकाई के लिए पर्याप्त मात्रा में सुखा ईधन नहीं मिल पा रहा है। सहायक कृषि अधिकारी साहब राज राम ने बताया कोहरे के चलते गन्ने की छिलाई पर असर पड़ेगा और आलू की खेती को नुकसान होता है।

## सार्वजनिक सूचना

मेरे पिता बशीर की मृत्यु दिनांक 13/04/1998 को मौहल्ला मातावाला हसन बाग लंढौरा में अपने घर पर ही हो गयी थी। अज्ञानता वश मेरे द्वारा अपने पिता का नाम व मृत्यु की तिथि नगर पंचायत लंढौरा के मृत्यु रजिस्टर पंजिका में दर्ज नही कराया गया है। मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए सूचना प्रकाशन कराया गया है। शमशेर पुत्र स्व0 बशीर निवासी मौहल्ला मातावाला हसन बाग लण्ढौरा थाना कोतवाली मंगलौर तहसील रुड़की जिला हरिद्वार।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम हर्ष मोहन (पुराना नाम) से बदलकर हर्ष मोहन लखेडा (नया नाम) कर लिया है, भविष्य में मुझे हर्ष मोहन लखेडा (नया नाम) पुत्र गोकुल देव लखेडा के नाम से जाना पहचाना जाए, पता 2 बी, हिमालयन कॉलोनी हरिपुर कलां देहरादून, उत्तराखंड।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
**डी. एस. वर्मा प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ**
मो.: 9411100741

# मुनि महाराज की डोली ने मचाया केदारनाथ हाईवे पर तांडव

## अगस्त्यमुनि मैदान का गोल गेट नहीं तोड़े जाने पर डोली ने नहीं किया प्रवेश, राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगा लंबा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अगस्त्यमुनि।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर केदारनाथ हाईवे पर अगस्त मुनि महाराज की डोली ने जमकर तांडव मचाया। डोली को मंदिर से रवाना होकर मुनि महाराज के मैदान अगस्त्यमुनि में जाना था, जहां सैकड़ों की संख्या में भक्त डोली का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन मैदान का गोल गेट होने से डोली ने अंदर प्रवेश नहीं किया। डोली समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि 15 सालों बाद दिवारा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसको लेकर प्रशासन को पहले ही सूचना दी गई थी, मगर प्रशासन ने मामले में कोई कार्यवाही नहीं की। जिस कारण मुनि महाराज को केदारनाथ हाईवे पर आक्रोश दिखाना पड़ा। बुधावार को वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना के पश्चात अगस्त्यमुनि स्थित अगस्त्य ऋषि मंदिर से मुनि महाराज की चल विग्रह डोली भक्तों की कुशल-क्षेम पूछने को लेकर दिवारा यात्रा पर निकली। इस ऐतिहासिक अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से सैकड़ों श्रद्धालु देव दर्शन के लिए पहुंचे। लगभग पनद्रह वर्षों के लंबे अंतराल के बाद अगस्त्यमुनि क्षेत्र के 365 गांवों के आराध्य देव मुनि महाराज की डोली यात्रा अपने प्रथम चरण के लिए मंदिर परिसर से रवाना हुई।





डोली के निकलते ही मुनि महाराज की जय के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। पहले दिन की यात्रा के दौरान जैसे ही देव डोली अगस्त्य ऋषि सैंड (क्षेत्र) की ओर बढ़ी, भारी संख्या में श्रद्धालु डोली के साथ चल पड़े। हालांकि अगस्त्य क्षेत्र के मुख्य द्वार पर लगे गोल गेट के कारण देव डोली इस मार्ग से प्रवेश नहीं कर सकी। इसके चलते हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं राहगीर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एकत्र हो गए। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों ओर लगभग तीन से चार किलोमीटर लंबा जाम लग गया। करीब तीन घंटे तक लगे इस जाम में बारात की गाड़ियां सहित सैकड़ों यात्री फंसे रहे। मरीज को ले जा रही एंबुलेंस भी कई घंटों तक जाम में फंसी रही, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रशासन की ओर से मौके पर कोई भी उपस्थित नहीं हो पाया और पांच घंटे बाद आखिरकार देव डोली वापस अगस्त ऋषि मंदिर में लौटी। वहीं क्षेत्र में इस तरह की घटना होने पर लोग अशुभ संकेत मान रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता त्रिभुवन चौहान ने कहा कि प्रशासन को पहले ही गोल गेट को तोड़ने के लिए कहा गया था, लेकिन प्रशासन स्तर से कोई कार्यवाही नहीं की गई, जिस कारण डोली ने मैदान में प्रवेश नहीं किया। उन्होंने कहा कि पांच घंटे तक कोई कार्यवाही नहीं होने से डोली वाली अगस्त ऋषि मंदिर को लौट गई। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र के अशुभ संकेत भी मान सकते हैं।

# 15 साल बाद देवप्रयाग संगम पर उतरीं मां काली

## मकर संक्रांति पर किया शाही स्नान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** धार्मिक आस्था और अटूट विश्वास का अनूठा संगम बुधवार को तीर्थनगरी देवप्रयाग में देखने को मिला, जब सुप्रसिद्ध सिद्धपीठ कालीमठ की अधिष्ठात्री देवी मां काली की देवरा यात्रा डोली ने 15 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद यहां दस्तक दी। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर मां काली की डोली ने अपने पश्वा और पवित्र निशानों के साथ अलकनंदा और भागीरथी के संगम पर आस्था की डुबकी लगाई। कड़कड़ाती ठंड की परवाह किए बिना बुधवार तड़के तीन बजे ब्रह्ममुहूर्त में मां काली ने संगम पर स्नान किया और उपस्थित जनसमूह को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस अलौकिक दृश्य के साक्षी बनने के लिए संगम तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। स्नान के उपरांत डोली अपने विश्राम स्थल तीर्थ पुरोहित श्रीकांत और सुशांत बडोला के निवास पर पहुंची, जहां विधिवत हवन-पूजन संपन्न किया गया। इसके पश्चात मां काली की डोली देवप्रयाग के आराध्य भगवान रघुनाथ के मंदिर पहुंची और उन्हें अर्घ्य अर्पित किया। मंदिर के पुजारी समीर पंचपुरी ने मां काली का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया। इसके बाद डोली ने रघुनाथ मंदिर की परिक्रमा की और मंदिर प्रांगण में बनी छत्री में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दिए। बदरीनाथ तीर्थ पुरोहित समाज ने परंपरा के अनुसार डोली का भव्य स्वागत किया। यात्रा की अगुवाई कर रही काली माई पंचगाई समिति के अध्यक्ष लखपत राणा ने बताया कि यह यात्रा उन भक्तों के लिए आयोजित की जाती है जो किसी कारणवश कालीमठ तक नहीं पहुंच पाते। ऐसे में मां स्वयं अपने भक्तों को दर्शन और आशीर्वाद देने के लिए उनके द्वार तक आती हैं। गौरतलब है कि यह देवरा यात्रा बीते 7 दिसंबर को कालीमठ से आरंभ हुई थी और 115 किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा तय कर मंगलवार शाम देवप्रयाग पहुंची। आस्था का प्रमाण यह है कि इस यात्रा में शामिल सौ से अधिक देवरी भक्त कड़ाके की ठंड में नंगे पांव चल रहे हैं और दिन में केवल एक समय ही भोजन ग्रहण करते हैं। डोली के साथ पांडव काली, भैरवनाथ के निशान और थौल देवी की प्रतिमा भी चल रही है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह यात्रा जनवरी माह के अंत तक वापस कालीमठ पहुंचेगी। इसके छह माह बाद डोली केदारनाथ और फिर बदरीनाथ धाम की यात्रा करेगी। चार वर्ष बाद पंचगाई भ्रमण, मधुगंगा-मंदाकिनी संगम में त्रिवेणी स्नान और आयुत यज्ञ के बाद मां काली पुनः अपने गर्भगृह में विराजेंगी। इस धार्मिक यात्रा में बदरीनाथ धाम के धर्माधिकारी आचार्य स्वयंवर प्रसाद सेमवाल, महामंत्री सुरेशानंद गौड़, उपाध्यक्ष सुदर्शन राणा, देवेंद्र राणा, पुजारी दिनेश चंद्र गौड़, ऋषिराम भट्ट, सतीश गौड़, चंद्रमोहन भट्ट, प्रकाश पुरोहित, जितेंद्र चमोली और दिनेश शास्त्री सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।



# चिरबिटिया-गुप्तकाशी मार्ग को वैकल्पिक केदारनाथ यात्रा मार्ग घोषित करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा को सुव्यवस्थित करने, तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा क्षेत्रीय विकास को गति देने के उद्देश्य से चिरबिटिया- मयाली- तैला- टाट- डंगवालगांव- कुड़ी- अदूली होते हुए बसुकेदार- गुप्तकाशी मोटर मार्ग को वैकल्पिक केदारनाथ यात्रा मार्ग घोषित किए जाने की मांग उठी है। इस मांग को लेकर मकर संक्रांति के पावन अवसर पर चिरबिटिया मार्केट से हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया।



अभियान का नेतृत्व भाजपा नेता कमलेश उनियाल कर रहे हैं। अभियान की शुरुआत करते हुए कमलेश उनियाल ने कहा कि केदारनाथ यात्रा उत्तराखंड की आस्था, संस्कृति और अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन वर्तमान में रुद्रप्रयाग-तिलवाड़ा-अगस्त्यमुनि-गुप्तकाशी मार्ग पर अत्यधिक दबाव के चलते यात्रा काल में जाम, दुर्घटनाओं और अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने कहा कि चिरबिटिया-गुप्तकाशी मोटरमार्ग को वैकल्पिक यात्रा मार्ग के रूप में विकसित किए जाने से इस समस्या का स्थायी समाधान संभव है। उन्होंने बताया कि यह मार्ग लगभग 78 गांवों को जोड़ता है और वर्ष 2013 की आपदा के दौरान इसी मार्ग ने वैकल्पिक संजीवनी मार्ग की भूमिका निभाग्र थी, जब इसी रास्ते से लाखों यात्रियों और स्थानीय नागरिकों की जान बचाई गई थी। इस मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से केदारनाथ यात्रा के दौरान रुद्रप्रयाग मुख्यालय सहित पूरे क्षेत्र को जाम से राहत मिलेगी। साथ ही आपदा प्रबंधन की दृष्टि से भी यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

हस्ताक्षर अभियान से जुड़े क्षेत्रवासियों ने कहा कि यदि इस मार्ग को यात्रा मार्ग घोषित किया जाता है तो स्थानीय स्तर पर रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। होटल, ढाबे, टैक्सी, होमस्टे, गाइड सेवाएं, दुकानें, हस्तशिल्प, स्थानीय उत्पाद और कृषि उपज के व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, जिससे युवाओं के पलायन पर रोक लगेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से क्षेत्रवासी, दुकानदार एवं जनप्रतिनिधि भाजपा नेता कमलेश उनियाल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री एवं शासन-प्रशासन के समक्ष सामूहिक मांग पत्र प्रस्तुत करेंगे। सभी हस्ताक्षरकर्ताओं ने जनहित और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए चिरबिटिया- बसुकेदार- गुप्तकाशी मोटर मार्ग को शीघ्र वैकल्पिक केदारनाथ यात्रा मार्ग घोषित करने तथा इसके चौड़ीकरण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराने की मांग की है।

# हरी घाट पर लगाई गई धर्म ध्वजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** लोक पंचायत जमुना तीर्थ समिति के तत्वावधान में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर हरिपुर स्थित यमुना घाट पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। लोक पंचायत जमुना तीर्थ समिति ने घाट पर एकत्र होकर हवन में आहुतियां डालीं और मकर संक्रांति की बधाई दी धार्मिक अनुष्ठान के पश्चात हरी घाट पर धर्म ध्वजा भी लगाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंडित शिवानंद उनियाल ने हरिपुर की धार्मिक महिमा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस पावन क्षेत्र की आध्यात्मिकता असीम है। आने वाले समय में यमुना घाट पर मां यमुना की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। साथ ही, विशाल धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे, जिसमें जौनसार बावर क्षेत्र की देव डोलियों को आमंत्रित किया जाएगा। यह प्रयास क्षेत्र को धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनाएगा। लोक पंचायत जमुना तीर्थ समिति के अध्यक्ष गंभीर चौहान ने बताया कि समिति पिछले 10 वर्षों से लगातार यमुना घाट पर हवन, कीर्तन और अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को इस तीर्थ स्थल के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिन्होंने हरिपुर में घाट निर्माण कराकर क्षेत्र के आध्यात्मिक जागरण को नई गति प्रदान की। चौहान ने कहा कि भविष्य में इन घाटों का विस्तार आवश्यक है, ताकि पर्वों पर स्नान करने आने वाले भक्तों को कोई असुविधा न हो। सुगम सुविधाओं से यह स्थान और समृद्ध होगा। इस मौके पर समिति के सचिव सतपाल चौहान, श्रीचंद शर्मा, पंडित शिवानंद उनियाल, पंडित नीरज भट्ट, केसर नेगी, भारत चौहान, अनिल तोमर, प्रीतम चौहान, चमन सिंह नेगी, चंचल चौहान, कुंवर सिंह, नरेश चौहान शूरवीर नेगी आदि प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।



## श्रीनगर में टूर मैनेजर प्रशिक्षण शिविर शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** पर्यटन विभाग एवं टूरिज्म एंड हास्पिटैलिटी स्किल काउंसिल (टीएचएससी) के संयुक्त तत्वावधान में उत्तराखंड में पर्यटन को नई दिशा देने और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से टूर मैनेजर प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 40 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है, जिन्हें पर्यटन क्षेत्र में व्यावहारिक एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि श्रीनगर नगर निगम महापौर आरती भंडारी ने कहा कि उत्तराखंड का पर्यटन विश्व स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। प्रशिक्षित युवाओं के माध्यम से पर्यटन को और अधिक सशक्त, व्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में भी प्रेरित करेंगे। उत्तराखंड पर्यटन की अतिरिक्त निदेशक पूनम चंद ने इस पहल को पर्यटन विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया। कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्तराखंड शासन के पर्यटन सचिव आईएएस धीरज गर्ब्याल के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से कुशल टूर मैनेजर प्रदेश में पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्रदान कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षक नरेश रावत एवं राकेश महारा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को टूर प्लानिंग, आपदा प्रबंधन, संवाद एवं व्यवहार कौशल, पर्यटक सुरक्षा, डिजिटल टूल्स के उपयोग के साथ-साथ उत्तराखंड की सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक विरासत की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

# आंतरिक मार्गों के निर्माण का शुभारंभ

## भाजपा की नीतियों से प्रभावित कई लोगों को विधायक सहदेव पुंडीर ने दिलाई सदस्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** राज्य योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र सहसपुर के ग्राम बड़ोंवाला में विधायक सहदेव सिंह पुंडीर द्वारा विभिन्न आंतरिक मार्गों के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्यों की शुरुआत कराई। इस योजना के अंतर्गत कुल 1.906 किलोमीटर लंबाई के मार्गों का निर्माण किया जाएगा। इन सभी मार्गों के निर्माण लगभग 88.92 लाख रुपये की लागत से पूर्ण किया जाएगा। विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मजबूत, टिकाऊ और गुणवत्तापूर्ण सड़कों का निर्माण कर आमजन को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराना ही जनसेवा का वास्तविक उद्देश्य है। इस दौरान विधायक सहदेव सिंह पुंडीर के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर सरोज मेहता परिवार सहित, विलास शर्मा, मनीष तोमर, नीलम तोमर, संजय कुमार, दिनेश कोठारी सहित अन्य लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने सभी नव-प्रवेशी सदस्यों का पार्टी में स्वागत करते हुए संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अंजू शर्मा, पूर्व प्रधान सुमित वर्मा, पूर्व प्रधान भूपेंद्र रतूड़ी, मंडल अध्यक्ष सुखदेव फर्षवाण, मंडल उपाध्यक्ष तनुज शर्मा, ताराचंद ठाकुर, मनोज मेहता, सरोज मेहता, भारत सिंह भंडारी, जगमोहन नेगी, पवन नेगी, नंदन सिंह कंडारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# 'कांधी मां धरली राधा, मेरा मैता का देश' पर झूमे दर्शक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** रुद्रनाथ महोत्सव की सायंकालीन सांस्कृतिक संध्या पांडवाज के नाम रही। पांडवाज के निदेशक इशान डोभाल के नेतृत्व में कलाकारों की पूरी टीम ने अपनी दमदार प्रस्तुति से देर रात तक दर्शकों को बांधे रखा। पारंपरिक लोक संस्कृति से सराबोर कार्यक्रम में ढोल-दमाऊ सहित अन्य वाद्य यंत्रों की मनमोहक धुनों ने माहौल को जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान कांधी मां धरली राधा, मेरा मैता का देश, पाना पनोली, चकोर तिले धारु बोला, कैन लगे बाडुली, धुंयाल, राधा, फुलारी, घुघुती, सकुना दे, रंचणा, बडुली सहित अनेक लोकप्रिय लोकगीतों की प्रस्तुतियों पर दर्शक झूमते नजर आए। पांडवाज की ऊर्जावान गायकी और सधे हुए वादन ने उत्तराखंडी लोक संस्कृति की समृद्ध झलक प्रस्तुत की।



इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष संतोष रावत, अधिशासी अधिकारी हरेंद्र चौहान सहित सभी सभासदों ने मंच पर पहुंचकर पांडवाज की टीम को माल्यार्पण, शाल और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। अतिथियों ने पांडवाज की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से लोक संस्कृति को संजीवनी मिलती है और युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कबीना मंत्री डॉ हरक सिहं रावत ने कहा कि रुद्रप्रयाग जिले को बनाने को लेकर संघर्ष किया गया, जिसमें बहुत लोगों का योगदान रहा। बाबा केदारनाथ के आशीर्वाद से जिले का निर्माण किया गया। कहा कि रुद्रप्रयाग को नगर पंचायत से नगर पालिका बनाने में स्वर्गीय झिंक्वाण का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कहा कि इस दौरान पालिकाधयक्ष संतोष रावत ने मेले मे सहयोग करने के पर सभी का अभार व्यक्त किया।

### महोत्सव में भी डॉ हरक सिंह रावत ने नहीं पहनी माला

**रुद्रप्रयाग।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ हरक सिंह रावत ने रुद्रनाथ महोत्सव में अपने लिए वचन को निभाया। उन्होंने यहां भी गले में फूल माला नहीं पहनी। वे मंच पर सामने से बैठे देखते रहे, लेकिन वे माला पहनने को नहीं गए। उन्होंने कहा कि जब तक उत्तराखण्ड में भाजपा का सूपड़ा साफ नहीं होता, तब तक वे माला नहीं पहनेंगे।

## रियलमी 16 प्रो सीरीज़ की पेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने आज रियलमी 16 प्रो सीरीज़ पेश की। इस सीरीज़ के साथ ही प्रीमियम मिड रेंज सेगमेंट में कंपनी की स्थिति मजबूत हुई है फ्लैगशिप ग्रेड के रियलमी 16 प्रो+ और किफायती ऑलराउंडर रियलमी 16 प्रो के साथ यह सीरीज़ परुपार्मेंस और डिज़ाइन के नए मानक स्थापित कर रही है। इसमें पोर्ट्रेट इमेजिंग का स्तर बहुत अधिक बढ़ा दिया गया है। 200 मेगापिक्सल का पोर्ट्रेट मास्टर करता है हर वाईब को सबसे बेहतर कैप्चर, रियलमी 16 प्रो सीरीज़ प्रीमियम मिड-रेंज सेगमेंट में 200 मेगापिक्सल का पोर्ट्रेट मास्टर है।

# शहीदी मेले का हुआ रंगारंग समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** कीर्तिनगर के रामलीला मैदान में आयोजित शहीद नागेंद्र सकलानी और मोलू भरदारी मेला का बुधवार को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया है। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल केंद्रीय विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह, डीन प्रदोन्नति प्रो. मोहन सिंह पंवार, देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी और नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्तिनगर डा. राकेश मोहन मैठाणी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर कुलपति श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति की पहचान हैं और इन्हें भव्यता के साथ आयोजित किया जाना चाहिए। कहा कि शहीद नागेंद्र सकलानी और मोलू भरदारी के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मौके पर सीनियर वर्ग की सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें रेनबो पब्लिक स्कूल ने प्रथम, सरस्वती विद्या मंदिर मढी चौरास ने द्वितीय और शैमफार्ड स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला कबड्डी और रस्साकशी प्रतियोगिता में गढ़वाल विवि ने प्रथम, रैवासी कीर्तिनगर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पुरूष रस्सीकस्सी प्रतियोगिता में नगर पंचायत कीर्तिनगर ने प्रथम, शिक्षा विभाग कीर्तिनगर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख देवप्रयाग विनोद बिष्ट, रिंकी लिंगवाल, मनमोहन रावत,दीपा देवी, मुकेश, राजेश सेमवाल, विनोद चौहान, सतीश बलूनी सहित आदि मौजूद थे।

## महिला क्रिकेट टीम क्वार्टरफाइनल में पहुंची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा आयोजित उत्तर क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में गढ़वाल विवि ने बेहतरीन प्रदर्शन कर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई है। गढ़वाल विश्वविद्यालय कि महिला टीम ने इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय रेवाड़ी को 9 विकेटों से परास्त किया। गढ़वाल विवि के उप खेल निदेशक डा. मोहित बिष्ट ने बताया कि गुरुवार को क्वार्टर फाइनल मैच कुमाऊँ विश्वविद्यालय के साथ खेला जायेगा। बताया कि जीतने वाली टीम अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफ़ाई होगी।

# टिहरी में बदली रीत, शराब नहीं संस्कारों के साथ गूंजी शहनाई

## नशा मुक्त विवाह करने वाले परिवार सम्मानित, मकर संक्रांति पर 'शराब नहीं संस्कार दो' मुहिम का दिखा असर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल में सामाजिक सुधार की दिशा में एक नई और सार्थक पहल रंग लाती दिखाई दे रही है। सुशील बहुगुणा द्वारा संचालित शराब नहीं संस्कार दो मुहिम के अंतर्गत हाल ही में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर आयोजित विवाह समारोहों में एक सुखद बदलाव देखने को मिला। इन समारोहों में पारंपरिक रूप से चलने वाले नशे और शराब के प्रचलन को दरकिनार करते हुए परिवारों ने पूर्णतः सात्विक और नशा मुक्त वातावरण में विवाह संपन्न कराए। समाज में एक सकारात्मक और प्रेरक संदेश देने वाले इन आयोजनों के लिए संबंधित परिवारों को मुहिम के तहत सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया गया। इस दौरान न केवल वर-वधू पक्ष, बल्कि विवाह में उपस्थित सभी स्वागतकर्ता परिवारजनों की मौजूदगी में बंधुओं का सम्मान किया गया, जिससे यह स्पष्ट संदेश गया कि नारी सम्मान और नशा-मुक्त सामाजिक परंपराएं एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी हुई हैं। इस सामाजिक बदलाव की बयार में पहाड़ की बेटियों ने भी अहम भूमिका निभाई है। जाखणीधार ब्लॉक के मैराफ गांव की निवासी दुल्हन शीतल ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि समाज का निर्माण हम सब से मिलकर होता है। जब हम कोई अच्छी शुरुआत करते हैं, तो समाज धीरे-धीरे उसे स्वीकार करना शुरू कर देता है और शराब नहीं संस्कार मुहिम इसी बदलाव का परिणाम है। वहीं, मंज्युड निवासी दुल्हन मिनाक्षी ने इस बात पर विशेष खुशी जताई कि उनके जीवन के इस महत्वपूर्ण निर्णय में उनका परिवार पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ा रहा। उन्होंने कहा कि बिना शराब के विवाह संपन्न कराना एक साहसिक कदम है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए नजीर बनेगा। मुहिम के प्रणेता सुशील बहुगुणा ने सम्मानित परिवारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विवाह जैसे पवित्र संस्कार में शराब या किसी भी प्रकार के नशे की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बिना नशे के संपन्न होने वाले विवाह न केवल पारिवारिक सौहार्द को बढ़ाते हैं, बल्कि समाज को भी एक सही और नैतिक दिशा प्रदान करते हैं। इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य विवाह, मांगलिक कार्यक्रमों और अन्य सामाजिक आयोजनों को पूरी तरह नशा-मुक्त बनाना है, ताकि भावी पीढ़ी को संस्कारों और जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि विवाह की शुरुआत ही शुद्धता और संस्कारों से होगी, तो दांपत्य जीवन भी सुखमय रहेगा। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी इस मुहिम की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। प्रधान मैराफ सरिता बिष्ट, प्रधान मंज्युड रानी नेगी और सामाजिक कार्यकर्ता सीताराम भट ने इसे समाज में व्यापक बदलाव लाने वाली एक क्रांतिकारी पहल बताया। उन्होंने कहा कि पहाड़ों में शादियों के दौरान शराब का प्रचलन एक बड़ी समस्या है, जिसे रोकने के लिए ऐसे सामूहिक प्रयासों की नितांत आवश्यकता है। कार्यक्रम और सम्मान समारोह के दौरान सुषमा बिष्ट, महावीर बिष्ट, विमला देवी, दर्शनी देवी, दौलत सिंह नेगी, कुलबीर सिंह नेगी, विक्रम सिंह नेगी सहित संस्था के कार्यकर्ता कुंभिबाला भट्ट, जगदीश बडोनी, लक्ष्मी और विजय डोभाल मौजूद रहे, जिन्होंने नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प दोहराया।



## अमसारी में पॉलीथीन उन्मूलन जागरूकता

**रुद्रप्रयाग।** माघोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को राजकीय महाविद्यालय रुद्रप्रयाग की नमामि गंगे इकाई द्वारा अमसारी में पॉलीथीन उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। साथ ही प्राकृतिक स्रोत संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान के तहत तूना रोड़ पर स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम के अंतर्गत नमामि गंगे कार्यक्रम अधिकारी डा. जगमोहन सिंह, सह कार्यक्रम अधिकारी श्रीकांत नौटियाल, डा. अंविता लसह, डा. आशीष नौटियाल, डा. गोपी प्रसाद के मार्गदर्शन में स्वयंसेवियों द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा. जगमोहन सिंह ने सभी को पालीथीन उन्मूलन के लिए कार्य करने, वहीं डा. श्रीकांत नौटियाल द्वारा सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने की बात कही। प्राचार्य डा. आशुतोष त्रिपाठी द्वारा सभी से जल संरक्षण, जीवन संरक्षण के नारे को अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवियों में अवध, शशांक, तुषार, चंद्रप्रकाश, रिया, जिया शिवानी मानसी आदि ने प्रतिभाग किया।

## सेपियंस स्कूल की आरूषि का वीरगाथा 5.0 में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सेपियंस स्कूल विकासनगर की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा आरुषि का चयन सीबीएससी द्वारा (राष्ट्रीय स्तर) आयोजित वीरगाथा 5.0 में हुआ है। स्कूल ने जानकारी देते हुए बताया यह आयोजन नवंबर माह में किया गया था। बताया प्रतियोगिता में छात्रा ने देश के लिए अपना शौर्य और बलिदान देने वाले सीडीएस विपिन रावत की पेंटिंग बनाकर आरुषि ने प्रथम स्थान पाया है। जिससे छात्रा ने विद्यालय का उत्तराखण्ड के साथ ही क्षेत्र, परिवार का नाम रोशन किया है। बताया आगामी 24 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरुषि को पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

# उत्तरायणी: सांस्कृतिक शोभायात्रा में दिखे संस्कृति के रंग

## शोभायात्रा में दिखा कुमाऊंनी संस्कृति और परंपरा का अनूठा संगम, झूमे गाते नजर आए लोग

### छोलिया दल, देवी देवताओं और कुमाऊंनी संस्कृति से जुड़ी झांकियां आर्कषण का केन्द्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी। पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच की ओर से आयोजित उत्तरायणी मेले के आठवें दिन बुधवार को मकर संक्रांति के अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकालकर (घुघुतिया त्यार) मनाया गया। शोभायात्र में कुमाऊंनी संस्कृति और परंपरा के अनूठे संगम के दर्शन हुए। ढोल, दमाऊं और हुड़के की थाप पर नाचते हुए लोगों का जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। शोभायात्रा के दौरान सात घंटे तक हल्द्वानी की सड़कों पर पर्वतीय आंचल की खुशबू महकती रही। सबसे आगे निशाण और फिर पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं का दल चल रहा था। उसके बाद एक-एक कर दो दर्जन से अधिक झांकियां अलग-अलग संदेशों के साथ कतारबद्ध थी। शोभायात्रा में छोलिया दल, देवी-देवताओं की झांकियां और कुमाऊंनी संस्कृति से जुड़ी झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही। युवाओं और महिलाओं के दल पहाड़ी धुन पर नृत्य करते नजर आए। पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच की ओर से आयोजित उत्तरायणी मेला (घुघुतिया त्यार) के मौके पर बुधवार को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में विभिन्न संगठनों और ग्राम सभाओं की झांकियों ने लोक कला व संस्कृति की अनूठी झलक बिखेरी। शोभायात्रा में कला और संस्कृति के साथ ही स्वच्छता और नशा मुक्त अभियान का संदेश भी दिया गया। शोभायात्रा को देखने के लिए लोग सड़कों पर उमड़ पड़े। वहीं विभिन्न संगठनों की ओर से जगह-जगह यात्रा पुष्पावर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। नगर निगम कार्यालय के बाहर मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। उत्थान मंच से शुरू हुई शोभायात्रा कालाढूंगी रोड से होते हुए रोडवेज चौराहा, तिकोनिया चौराहा, वर्कशॉप लाइन, रोडवेज पूर्वी गेट, भारद्वाज होटल तिराहा, ताज चौराहा, मीरा मार्ग, सिंधी चौराहा, कालाढूंगी तिराहा, जेल रोड तिराहा होते हुए वापस मंच पहुंची। महिलाओं के झोड़े के बाद झांकियों का दौर शुरू हुआ। कुमाऊंनी संस्कृति, घुघुतिया त्यार, माँ नंदा -सुनंदा, केदारनाथ, नंदा देवी, जागर, भैरव पूजा, सातूं-आठूं पर्व झांकी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। वही कुमाऊं के लोकदेवता गोल्ज्यू के अल्मोड़ा स्थित चितई मंदिर के प्रतिरूप वाली झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। सीमांत बरपटिया (ज्येष्ठरा) जनजाति उत्थान समिति मुनस्यारी की झांकी ने विशेष रूप से सभी का मन मोह लिया। इसके साथ ही रामासरे जनसमिति द्वारा पहाड़ी बरात छोलिया दल की झांकियां और कुमाऊंनी संस्कृति से जुड़ी झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही। करीब दो दर्जन से अधिक झांकियों के जरिये कुमाऊं की लोक संस्कृति और परंपरा की झलक प्रस्तुत की गई। शोभायात्रा को देखने के लिए लोग सड़कों पर उमड़ पड़े। इस दौरान मंच के संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर, अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल, विधायक सुमित हृदयेश, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, ललित जोशी, प्रदीप बिष्ट, प्रदीप नेगी, प्रदीप जनौटी, शंकर कोरंगा, राजेन्द्र सिंह बिष्ट रज्जी, लाल सिंह पंवार, महेश शर्मा, दिनेश आर्य, रंजन बर्गली, जगमोहन रौतेला, ओपी पांडे, उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, सचिव देवेंद्र तोलिया, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनोली, कैलाश जोशी, हेम भट्ट, शोभा बिष्ट, चंद्रशेखर परगाई, भुवन जोशी, नीरज बगड़वाल, ललित बिष्ट, धर्म सिंह बिष्ट, ब्रजमोहन बिष्ट, संदीप भैंसोड़ा, कमल किशोर, रितिक आर्य, तरुण नेगी, पार्षद मनोज जोशी, पार्षद शैलेंद्र दानू, रत्ना श्रीवास्तव, रेनू टंडन, पुष्पा सम्भल सहित बड़ी स्नाख्या में लोग मौजूद रहे।









**देर रात तक चला सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दौर:** उत्थान मंच में देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दौर चलता रहा। स्टार नाइट में लोकगायक सूरज प्रकाश, पवन कार्की, पुष्कर मेहरा ने अपने गीतों सुनाकर अपनी आवाज का जादू बिखेरा। विभिन्न सांस्कृतिक दलों के कलाकारों ने कुमाऊंनी लोकनृत्य और गीत प्रस्तुत कर संस्कृति की अनूठी छटा बिखेरी।

**मेयर ने पुष्पवर्षा कर शोभयात्रा का किया स्वागत:** उत्तरायणी पर्व पर शहर में निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने नगर निगम कार्यालय के बाहर पुष्पवर्षा कर मिष्ठान वितरण किया। इस मौके पर प्रताप बिष्ट, दिनेश आर्य, पूर्व मेयर डा. जोगेन्द्र रौतेला, रंजन बर्गली, पंकज अधिक. ारी, प्रताप रैक्वाल, सचिन तिवारी, बबली वर्मा, तनुजा जोशी, हेमा भट्ट, भागीरथी बिष्ट, नीरज बिष्ट, गगनदीप सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।





**शोभायात्रा में सेल्फी का भी लगा तड़का:** शोभायात्रा के दौरान मनमोहक झांकियों के साथ सेल्फी लेने व खिंचवाने को लेकर लोगों में हर बार की तरह इस बार भी खासा क्रेज देखने को मिला। हर कोई अलग-अलग झांकियों में अपनी सेल्फी लेकर फेसबुक में अपलोड़ करता रहा। वहीं यात्रा रूट पर लोग घरों और दुकानों की छत पर चढ़कर झांकियों को कैमरे में कैद कर रहे थे। छोटे बच्चों को घरों से बाहर लाकर यात्रा में शामिल कलाकारों के साथ फोटो लेने की होड़ लगी रही। जिससे पूरी शोभायात्रा में लोग सेल्फी लेते हुए नजर आए।

**जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा और जलपान:** उत्थान मंच हीरानगर से निकाली गई शोभायात्रा के दौरान मुख्य मार्ग से लेकर बाजार में भी जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा करने के साथ जलपान, बिस्कुट, केले, सेब की व्यवस्था की। हिंदू महासभा, व्यापारी नेताओं समेत अन्य सामाजिक संगठनों सहित छात्रनेताओं ने द्वारा यह व्यवस्था की गई। वहीं कहीं जगह तो लोगों द्वारा यात्रा में शामिल लोगों को खिचड़ी व आलू का प्रसाद वितरित किया गया।

**यहां जीवंत हुई संस्कृति: सौ संसार एक मुनस्यार**

शोभायात्रा के दौरान जोहार सांस्कृतिक संगठन भोटिया पड़ाव की झांकी जोहार समाज की विरासत और परंपरा का जीवंत अहसास दिला रही थी। जोहारी वेशभूषा में झांकी में शामिल महिलाएं और पुरुष परपंरागत जोहार समुदाय के रीति-रिवाजों को दर्शा रहे थे।

### मकर संक्रांति पर लगाई आस्था की डुबकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बुधवार को मकर संक्रांति के अवसर (घुघुतिया त्यार) बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सुबह कड़ाके की ठंड में भी लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। लोगों ने मकर संक्रांति पर रानीबाग गार्गी नदी में आस्था की डुबकी लगाई। सुबह से ही तीर्थों और नदी घाटों पर लोगों की भीड़ उमड़ने लगी थी। कड़ाके की ठंड पड़ने के बावजूद श्रद्धालुओं के आस्था में कमी नहीं आई। इसी के साथ मांगलिक कार्यों की भी शुरूआत हो गई है। घुघुतिया पर्व पर लोगों ने अपने-अपने घरों में घुघुते व पकवान भी बनाए। बुधवार को रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। लोगों ने गार्गी नदी में आस्था की डुबकी लगाई। सुबह से स्नान व पूजा पाठ का सिलसिला शुरू हुआ सिलसिला दोपहर बाद तक जारी रहा। लोगों ने हर हर गंगे और हर हर महादेव के उद्घोष के बीच गंगा में डुबकी लगाई। बाद में देवी देवताओं व जियारानी के शिला के चारों ओर चक्कर लगाए और मंदिरों में देवी देवताओं के दर्शन कर पूजा अर्चना भी की। लोगों ने इस मौके पर गरीब और जरूरतमंद लोगों को वस्त्र और खिचड़ी भी दान की। इस दौरान रानीबाग में 30 से 35 लोगों ने यज्ञोपवीत संस्कार भी कराया। मकर संक्रांति पर्व पर रानीबाग में सुबह से ही मेला लगा रहा। जहां पर लोगों ने जमकर खरीददारी भी की। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, पौष मास में सूर्यदेव जब धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं, तब मकर संक्रांति मनाई जाती है। सूर्य के धनु राशि से मकर राशि पर जाने का महत्व इसलिए अधिक है क्योंकि इस समय सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण हो जाता है। उत्तरायणी कौतिक पर्व देवताओं का दिन माना जाता है। इधर काठगोदाम रानीबाग स्थित शनिदेव मंदिर परिसर में खिचड़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में पहुंचे, क्षेत्रवासियों एवं गणमान्य लोगों ने स्नान किया व खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया।



**ट्रैफिक कंट्रोल को लेकर भागती रही पुलिस:** शोभायात्रा के दौरान सात घंटे तक शहर की सड़कों पर ट्रैफिक कंट्रोल को लेकर पुलिस भागती दिखी। इस दौरान एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी, एसपी क्राइम डा. जगदीश चन्द्रा, एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ अमित कुमार, कोतवाल विजय मेहता सहित सीपीयू, ट्रैफिक पुलिस के जवान यातायात व्यवस्था को लेकर जुटे रहे। इस दौरान कई जगहों पर हल्की जाम की स्थिति देखने को मिली।

**दुग्ध संघ द्वारा नि:शुल्क कुल्हड़ दूध वितरण: हल्द्वानी।** उत्तरायणी पर्व और घुघुतिया त्यौहार के अवसर पर आँचल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लालकुआं द्वारा नगर निगम के समीप पंडाल लगाकर श्रद्धालुओं और राहगीरों को निशुल्क कुल्हड़ दूध वितरित किया। इस पहल का नेतृत्व संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा ने किया। कार्यक्रम में करीब 7 हजार लोगों ने शुद्ध, गरम और पौष्टिक आँचल दूध का आनंद लिया। लोगों ने आँचल दूध की गुणवत्ता की जमकर सराहना की और इस पहल को स्थानीय दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहित करने तथा पारंपरिक कुल्हड़ संस्कृति को बढ़ावा देने के रूप में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस मौके पर मेयर गजराज बिष्ट, राजेन्द्र सिंह बिष्ट, केडी रूवाली, सुरेंद्र मोहन सहित कई लोग मौजूद रहे।

## भाषा ही हमारी पहचान, नई पीढ़ी तक विरासत पहुँचाना जरूरी: नीरज तिवारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मकर संक्रांति एवं घुघुतिया पर्व के पावन अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एवं उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी नीरज तिवारी ने कुमाऊँ की जनता से कुमाऊनी भाषा और संस्कृति के संरक्षण की अपील करते हुए कहा कि कुमाऊनी भाषा हमारी सांस्कृतिक पहचान का मूल आधार है और इसके संरक्षण के लिए समाज के हर वर्ग को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

नीरज तिवारी ने कहा कि कुमाऊनी भाषा को अधिक से अधिक दैनिक जीवन में प्रयोग किया जाना चाहिए और नई पीढ़ी को अपनी मातृभाषा सिखाने के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि केवल भाषा ही नहीं, बल्कि कुमाऊनी संस्कृति से जुड़े देवी- देवताओं, उनकी पूजा- पद्धतियों, रीति-रिवाजों, लोक कथाओं तथा उनके वास्तविक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संदर्भों को समझना और अगली पीढ़ी तक पहुँचाना भी हमारी जिम्मेदारी है। नीरज तिवारी ने कहा कि मकर संक्रांति का शुभ अवसर हम सभी को यह संकल्प लेने की प्रेरणा देता है कि हम अपनी कुमाऊनी भाषा, संस्कृति और परंपराओं को सहेजेंगे तथा उन्हें विलुप्त होने से बचाएंगे। यही इस पर्व की सच्ची भावना और हमारी सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी है।

## मकर संक्रांति पर भाजपा महानगर ने किया हवन एवं खिचड़ी वितरण

### राज्यसभा सांसद नरेश बंसल सहित, विधायक और पार्टी पदाधिकारी रहे मौजूद

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई द्वारा एक भव्य हवन एवं खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-पूजन से हुई। हवन के माध्यम से राष्ट्र की उन्नति, प्रदेश की खुशहाली और जनकल्याण की कामना की गई। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमें प्रकृति, परंपरा और परिश्रम के महत्व का बोध कराता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा और सहयोग की भावना मजबूत होती है। राजपुर विधायक खजान दास ने कार्यक्रम को सामाजिक समरसता का प्रतीक बताते हुए कहा कि खिचड़ी वितरण जैसे आयोजन जरूरतमंदों तक सेवा पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। कैंट विधायक सविता कपूर ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व समाज को जोड़ने वाला पर्व है और भाजपा द्वारा इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों से जनमानस के साथ संगठन का भावनात्मक जुड़ाव और गहरा होता है।

पूरे आयोजन में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। भाजपा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को सफल बनाया। मकर संक्रांति के इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि सामाजिक एकता और सेवा भाव का भी सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम में महामंत्री संगठन भाजपा अजेय कुमार, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट, दर्जाधारी मंत्री श्याम अग्रवाल, भगवत प्रसाद मकवाना ,नेहा शर्मा, सुनील शर्मा ,विजेंद्र थपलियाल, राजेंद्र सिंह ढिल्लों ,सुनील शर्मा, बिजेंदर थपलियाल, मोहित शर्मा ,जगदीश सेमवाल ,अक्षत जैन ,बबलू बंसल ,संकेत नौटियाल ,समीर दोवाल ,ओम कक्कड़ ,आशीष शर्मा ,सुमित पुंडीर, सुमन सिंह, हिमानी वैष्णव, नेहा शर्मा, बबली चौहान सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खिलाड़ियों को खेल किट बांटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बुधवार को खेलो इंडिया योजना के तहत एक विशेष खेल किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर खेलो इंडिया रशिका सिद्दीकी, जिला खेल अधिकारी निर्मला पंत, उप जिला खेल अधिकारी वरुण बेलवाल, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पूनम, कनिष्ठ सहायक शशि, और खेलो इंडिया कोच निलेश गुप्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम में अतिथियों ने खिलाड़ियों को खेल किट वितरित किए और उन्हें भविष्य में सफलता की शुभकामनाएँ दीं। इस पहल के माध्यम से खेलो इंडिया का उद्देश्य जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है।

## गुरु गोबिंद सिंह का जीवन संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत: आचार्य बालकृष्ण

### पतंजलि विवि में मनाया गया प्रकाश पर्व एवं लोहड़ी उत्सव

**हरिद्वार।** गुरु गोबिंद सिंह चेयर के तत्वावधान में पतंजलि विश्व. विद्यालय परिसर में गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व एवं लोहड़ी उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति आचार्य बालकृष्ण जी, प्रति-कुलपति प्रो। मयंक कुमार अग्रवाल, अधिष्ठाता, मानविकी एवं प्राच्य विद्या संकाय डॉ। साध्वी देवप्रिया एवं अधिष्ठाता, शोध एवं शिक्षण डॉ। ऋत्विक सहाय द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इस अवसर पर कुलपति आचार्य बालकृष्ण जी ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन 'संत-सिपाही' की परंपरा का प्रतीक है। उनकी शिक्षाएं संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत हैं, जो अन्याय के विरुद्ध निर्भय होकर खड़े होने तथा राष्ट्रप्रेम व चरित्र निर्माण का संदेश देती हैं।

कार्यक्रम में गुरु गोबिंद सिंह चेयर के प्रोफेसर डॉ। जीत सिंह संधू ने गुरु गोबिंद सिंह जी की ऐतिहा. सिक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने वंचित समाज को आत्मसम्मान और साहस प्रदान कर उन्हें 'सिंह' बनाया। खालसा पंथ की स्थापना एक युगांतरकारी घटना है, जो सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम में अधिष्ठाता, विज्ञान संकाय एवं परीक्षा नियंत्रक प्रो। अरविंद कुमार सिंह, अधिष्ठाता, प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान संकाय डॉ। तोरण सिंह, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण डॉ। विनय कुमार शर्मा सहित अनेक शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। चेयर की समन्वयक डॉ। निवेदिता शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात पारंपरिक लोहड़ी प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संच. ालन चेयर की सहायक समन्वयक डॉ। गुरनीत कौर द्वारा किया गया।



## 187 के चालान

**हल्द्वानी।** उत्तरायणी पर्व के मद्देनजर हल्द्वानी पुलिस ने जिलेभर में ताबड़तोड़ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 187 वाहनों के चालान काटे और 70,250 रुपए का जुर्माना वसूला। अभियान के तहत एक वाहन चालक के ड्राइविंग लाइसेंस को निरस्त करने की रिपोर्ट आरटीओ को भेजी गई। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर पुलिस ने यह अभियान चलाया।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


## किसान सुखवंत मामले की जांच आईजी ने बागेश्वर एसपी को सौंपी

**हल्द्वानी।** बीते दिनों काठगोदाम के गौलापार क्षेत्र में काशीपुर के किसान सुखवंत सिंह सुसाइड मामले में आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने मामले की जांच बागेश्वर एसपी चंद्रशेखर घोड़के को सौंपते हुए एक सप्ताह में जांच पूरी कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। किसान सुसाइड मामले में डीजीपी ने खुद दखल देते हुए कुमाऊं आईजी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए थे।

बता दें कि बीती 11 जनवरी की रात काशीपुर के ग्राम पैगा निवासी 40 वर्षीय सुखवंत सिंह ने काठगोदाम के गौलापार स्थित देवभूमि होटल में खुद से तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना से पहले सुखवंत सिंह ने फेसबुक पर लाइव आकर एक वीडियो बनाया था। आरोप लगाया था कि भू-माफियाओं ने उनसे 4 करोड़ रुपए की ठगी कर ली थी। इस मामले में उन्होंने आईटीआई थाना प्रभारी और पैगा चौकी में गुहार लगाई। उन्होंने ऊधमसिंह नगर के एसएसपी मणिकांत मिश्रा से भी फरियाद की, लेकिन जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो किसान सुखवंत इससे आहत हुआ और खुद गोली मार दी। इस मामले में आईटीआई थाना में 26 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने आईटीआई थाना प्रभारी कुंदन को सस्पेंड करते हुए पूरी पैगा चौकी को निलंबित कर दिया था। हालांकि सुखवंत ने जो वीडियो बनाया और सुसाइड नोट लिखा, उसमें एसओ कुंदन के साथ पैगा चौकी और एसएसपी पर भी आरोप लगाए थे।


**सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम प्रेम अंकित हो गया है, जबकि मेरा सही नाम प्रेम थापा है। पासपोर्ट नंबर P8607257 है। प्रेम व प्रेम थापा दोनों ही एक ही व्यक्ति हैं।

**प्रेम थापा पुत्र श्री नंदलाल ग्राम-बाडंवाला, पोस्ट ऑफिस अशोक आश्रम चिल्लियों विकास नगर देहरादून। 248125**

**सूचना**

मैं, पूनम वर्मा, पत्नी श्री आशीष वर्मा, सामान्य जन-साधारण को सूचित करना चाहती हूँ कि मेरी संपत्ति से संबंधित मूल विक्रय विलेख (Original Sale Deeds) गुम हो गए हैं, जिनका पंजीकरण निम्न विवरणानुसार उप-पंजीयक कार्यालय, देहरादून में हुआ था:

विक्रय विलेख, जो उप-पंजीयक कार्यालय, देहरादून में बुक संख्या 1, वॉल्यूम संख्या 1440, पृष्ठ 429 एवं बुक संख्या 1, वॉल्यूम संख्या 1522, पृष्ठ 671 से 689, सीरियल संख्या 6486, दिनांक 10-10-2005 को पंजीकृत था, गुम हो गया है।

एक अन्य मूल विक्रय विलेख, जो उप-पंजीयक कार्यालय, देहरादून में बुक संख्या 1, वॉल्यूम संख्या 2304, पृष्ठ 175 से 188, सीरियल संख्या 3333, दिनांक 16-07-2008 को पंजीकृत था, वह भी गुम हो गया है। उक्त विक्रय विलेख 75.24 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के भू-खंड से संबंधित हैं, जो खसरा संख्या 728 ग मिन, भूमि खाता संख्या 556, बंजारावाला माफी, जिला देहरादून में स्थित है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त विक्रय विलेख मिलते हैं, तो कृपया निम्न पते पर संपर्क करें: अधिवक्ता नवीन बगवारी मोबाइल नंबर: 9760716059

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् दुगडडा पौडी गढ़वाल**

पत्रांक 1515 / स०सा०को० / 2025-26 दिनांक: 14.01.2026

**अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् दुगडडा के द्वारा सफाई सामग्री / उपकरण क्रय किये जाने हेतु उत्तराखण्ड शासन वित ( वे०आ० - सा०नि० ) अनुभाग - 7 संख्या 47 / xxvii ( 7 ) 32 ( 1 ) /2025 देहरादून दिनांक 13.08.2025 ( उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली 2025 के नियम 3.3 के अन्तर्गत 3.3.2 ) के अनुसार दरें आपूर्तिकर्ता फर्मो / व्यक्तियों से मोहरबन्द कोटेशन फर्म के लैटर पैड पर दिनांक 21/01/26 को दोपहर 2.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो उसी दिन शांय 3:00 बजे कोटेशन समिति द्वारा खोली जायेंगी । कोटेशन तिथि को अवकाश की स्थिति मे अगला कार्य दिवस निर्धारित तिथि मानी जायेगी। कोटेशन के साथ रू० 100 / का स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट लगा व जी०एस०टी० पंजीयन पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। कोटेशन के साथ **रू0 20,000/- की धरोहर राशि** बतौर FDR/DD / CDR/NSC जो कि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् दुगडडा के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है । सशर्त एवं कालातीत कोटेशन स्वीकार नहीं की जायेंगी। कोटेशन बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। अन्य शर्ते/जानकारी कोटेशन दिवस से पूर्व कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस को ज्ञात की जा सकती है ।

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | दर ( प्रतिनग / प्रतिकिलो / कुन्तल / प्रति जोडा |
|---|---|---|
| 1 | सब्बल | |
| 2 | फिनायल ( ब्रॉन्डेड ) | |
| 3 | किंग फॉग ( फॉगिंग दवाई ) ( ब्रॉन्डेड ) | |
| 4 | चूना | |
| 5 | कपडा मास्क | |
| 6 | ग्लब्स | |
| 7 | नारियल झाडू | |
| 8 | ब्लीचिंग | |
| 9 | भूसा बैग | |
| 10 | हेन्ड वॉश ( ब्रॉन्डेड ) | |
| 11 | हाथ गाडी | |
| 12 | एल्फामीथेन ( छिडकाव दवाई ) | |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् दुगडडा**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद् दुगडडा**



# कोहली रैंकिंग में फिर नंबर-1

**विराट कोहली ने कीवियों के खिलाफ वनडे में चार विकेट की जीत के बाद आईसीसी पुरुष रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया**

**दुबई, वार्ता।** शानदार फॉर्म में चल रहे भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली फिर से ताजा आईसीसी पुरुष एकदिवसीय रैंकिंग में पहले पायदान पर पहुंच गए है। यहां अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से जारी ताजा रैंकिंग में कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय में भारत की चार विकेट की जीत के बाद आईसीसी पुरुष रैंकिंग में नंबर वन स्थान फिर से हासिल कर लिया है। इस मैच में कोहली के 91 गेंदों में 93 रनों की मदद से मेजबान टीम ने लक्ष्य का पीछा किया और वह भारत के महान सचिन तेंदुलकर के करीब पहुंच गए और ऑल-टाइम मेन्स इंटरनेशनल रन-स्कोरिंग टेबल में दूसरा स्थान हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया में 50 ओवर की सीरीज के बाद से को. हली शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने अपनी पिछली पांच पारियों में 74 नाबाद, 135, 102, 65 नाबाद और 93 रन बनाए हैं। 37 साल के कोहली जुलाई 2021 के बाद पहली बार बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर वापसी की हैं। वह 785 रेंटिग अंकों के साथ शीर्ष पर है। उन्होंने अक्टूबर 2013 में पहली बार शीर्ष रैंकिंग हासिल की थी और यह शीर्ष स्थान पर उनका 11वां अलग स्पेल है। अभी तक वह कुल 825 दिनों तक शीर्ष पर रहे हैं। यह किसी भी खिलाड़ी द्वारा 10वीं बार सबसे अधिक और किसी भी भारतीय द्वारा सबसे ज्यादा है। पूर्व कप्तान रोहित शर्मा 775 अंकों के साथ तीसरे , कप्तान शुभमन गिल 725 अंकों के साथ पांचवें। शीर्ष दस में एक अन्य भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर 682 अंकों के साथ 10वें स्थान पर है। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिशेल ने पहले वनडे में 71 गेंदों पर 84 रनों की शानदार पारी खेलकर वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर जगह बनाई और वह कोहली से सिर्फ एक रेटिग अंक पीछे है। उनका स्कोर 784 है यह उनकी अब तक की सबसे अच्छी रैंकिंग है। यह ब्लैक कैप्स खिलाड़ी शानदार फॉर्म में है। उसने अपने पिछले पांच वनडे में तीन अर्द्धशतक और वेस्टइंडीज के खिलाफ एक शतक भी बनाया है। मिशेल के टीम के साथी डेवोन कॉनवे तीन स्थान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वनडे गेंदबाजी रैंकिंग अपडेट में, मोहम्मद सिराज के शानदार प्रदर्शन की वजह से वह पांच पायदान ऊपर चढ़कर बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज के साथ 15वें स्थान पर आ गए हैं। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को भी भारत के खिलाफ चार विकेट लेने के अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद फायदा हुआ, वह 27 पायदान ऊपर चढ़कर भारत के बॉलर अर्शदीप सिंह के साथ 69वें स्थान पर आ गए हैं। एशेज सीरीज खत्म होने के बाद कई ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ताजा टेस्ट रैंकिंग में ऊपर चढ़ गए, जिसमें ट्रैविस हेड को सबसे अधिक फायदा हुआ। वह 853 अंकों के साथ दूसरे। स्टीव स्मिथ 831 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए है। दोनों बल्लेबाजों को एक-एक पायदान का फायदा हुआ है। इसमें भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 750 अंकों के साथ आठवें तथा कप्तान गिल 730 रेटिंग अंकों के साथ 10वें स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ बल्लेबाज ट्रैविस ने इंग्लैंड के खिलाफ इस बड़ी टेस्ट सीरीज में सबसे अधिक रन बनाने के बाद सात पायदान ऊपर चढ़कर तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने इस सीरीज में 62. 90 की औसत से 629 रन बनाए, जिसमें तीन शतक शामिल थे।



## डब्ल्यूपीएल में हरमनप्रीत कौर के 1000 रन पूरे

**नवी मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में 1000 रन पूरे करने की उपलब्धि हासिल कर ली है। हरमनप्रीत कौर ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ मंगलवार को डब्ल्यूपीएल मैच में नाबाद 71 बनाकर यह उपलब्धि अपने नाम की। प्लेयर ऑफ द मैच हरमन ने 43 गेंदों की अपनी पारी में सात चौके और दो छक्के लगाए। हरमन यह उपलब्धि हासिल करने वाली दूसरी बल्लेबाज बन गई हैं। उनसे पहले उनकी टीम साथी नेट शिवर ब्रंट को यह उपलब्धि हासिल थी। शिवर ब्रंट के 31 मैचों में 1101 रन और हरमन के 30 मैचों में 1016 रन हैं। यह हरमन का डब्ल्यूपीएल में 10वां अर्द्धशतक था और उनके डब्ल्यूपीएल में अब सर्वाधिक अर्द्धशतक हो गए हैं।

**खेल विशेष**

## सायरा जबीन व हुम्ना पहली बार खेलेंगी टी-20 में

**लाहौर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका दौरे पर सफेद गेंद सीरीज के लिए अनकैप्ड बल्लेबाज सायरा जबीन और दाएं हाथ की तेज गेंदबाज हुम्ना बिलाल को पाकिस्तान की महिला टी-20 टीम में पहली बार शामिल किया गया है। पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीकी दौरे के लिए घोषित सफेद गेंद टीम के लिए फातिमा सना को टीम का कप्तान बनाए रखा है। टीम जून में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व. कप की तैयारी कर रही है। चयनकर्ताओं ने टीम में आलिया रियाज, आयशा जफर, गुल फिरोजा, मुनीबा अली, नशरा संधू, नतालिया परवेज, रमीन, सादिया, सिदरा व तस्मिया को एकदिवसीय और टी-20 दोनों टीम में शामिल किया गया है।

## सीजन ओपनर में यूपी डॉमिनेटर्स से भिड़ेगी पंजाब

**नोएडा, वार्ता।** भारत की प्रमुख प्रफेंचाइज़ी-आधारित कुश्ती लीग प्रो रेसलिंग लीग गुरुवार, 15 जनवरी 2026 को अपने बहुप्रतीक्षित पांचवें सीजन के साथ वापसी करने जा रही है। उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित नोएडा इंडोर स्टेडियम में शुरू हो रहा पीडब्लूएल 2026 छह प्रफेंचाइज़ियों, ओलंपिक पदक विजेताओं, विश्व चैंपियनों और भारत के सबसे प्रतिभाशाली युवा पहलवानों के साथ एक अत्यंत प्रतिस्पर्धी और रोमांचक सीजन पेश करने के लिए तैयार है। संत. ुलन, गहराई और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता पर आधारित यह सीजन लीग के नए और सशक्त स्वरूप को दर्शाता है। सीजन का उद्घाटन मुकाबला यूपी डॉमिनेटर्स और पंजाब रॉयल्स के बीच होगा, जो पेशेवर संचालन, एथलीट-फर्स्ट संरचना और प्रतिस्पर्धात्मक निष्पक्षता पर लीग के नए फोकस की झलक देगा।

## सीनियर खो-खो नेशनल्स में सुरक्षा/पुलिस बलों के खिलाड़ी

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश की सीमाओं की बर्फीली चोटियों से लेकर शहरों की व्यस्त गलियों तक, हमारे सुरक्षा बल राष्ट्र की ढाल बनकर अनुशासन, साहस और सतत सतर्कता के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। वही समर्पण और बलिदान की भावना 58वीं सीनियर राष्ट्रीय खो खो चैंपियनशिप में खेल मैदान पर दिखाई दे रही है, जिसका आयोजन तेलंगाना के काज़ीपेट में किया जा रहा है। हमारे अर्धसैनिक और पुलिस बलों से जुड़े पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों के लिए यह प्रतियोगिता मात्रा एक खेल नहीं, बल्कि उनके दैनिक कर्तव्य का ही प्रतिबिंब है। हर दौड़, हर डाइव और हर टीम प्रयास उन मूल्यों को दर्शाता है जिन्हें वे अपने जीवन में जीते हैं। समर्पण, एकता, दृढ़ता और राष्ट्र सेवा। 58वीं सीनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप में, आईटीबीपी व एसएसबी के कर्मियों से बनी सीएपीएफ की एक संयुक्त टीम शामिल है।

## टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारी में पाकिस्तान ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगा

- **आईसीसी के अनुसार तीन मैच गद्दाफी मैदान में 29, 31 जनवरी और 1 फरवरी को होंगे**

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने लाहौर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी-20 सीरीज का शेड्यूल कन्फर्म कर दिया है, क्योंकि दोनों टीमें आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपनी यूनिट को मजबूत कर रही हैं।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के अनुसार, तीन मैच गद्दाफी स्टेडियम में चार दिनों में 29 और 31 जनवरी, और 1 फरवरी 2026 को खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया की टूरिग टीम 28 जनवरी को लाहौर पहुंचेगी। यह सीरीज दोनों टीमों के लिए कॉम्बिनेशन को फाइनल करने और भारत और श्रीलंका में होने वाले टूर्नामेंट से पहले माहौल में ढलने का एक अहम मौका है, क्योंकि दोनों टीमें चोटों से जूझ रही हैं। खास तौर पर, ऑस्ट्रेलिया के लिए, जोश हेजलवुड, पैट कमिस और टिम डेविड सभी रिकवरी पीरियड में हैं, जबकि पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी भी बिग बैश लीग में खेलते समय लगी चोट के कारण बाहर हैं। घरेलू सीरीज के कुछ ही दिनों बाद शुरू होने वाला टी-20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से शुरू होगा, जिसमें कई शहरों में 20 टीमें हिस्सा लेंगी। पाकिस्तान ग्रुप ए में है और अपने मैच श्रीलंका में खेलेगा, जबकि ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी में है। पीसीबी के सीओओ सुमैर अहमद सैयद ने इस सीरीज को पाकिस्तान के क्रिकेट फैंस के लिए एक बड़ा इवेंट बताया। उन्होंने कहा कि हम लाहौर में तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करने को लेकर उत्साहित हैं और इसका इंतजार कर रहे हैं। यह टूर पाकिस्तान क्रिकेट फैंस के लिए साल की एक जबरदस्त शुरुआत है और मैं उनसे आग्रह करता हूं कि वे सीरीज के दौरान बड़ी संख्या में आकर दोनों टीमों का समर्थन करें, क्योंकि वे अपनी टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया का यह दौरा मार्च-अप्रैल 2022 में उनके पिछले पूरे दौरे के बाद पाकिस्तान में वापसी है, जिसमें तीन टेस्ट, तीन वनडे और एक टी-20 शामिल था। अप्रैल 2022 में गद्दाफी स्टेडियम में हुआ वह अकेला टी 20 मैच ऑस्ट्रेलिया ने बहुत कम अंतर से जीता था।

# अमेरिका के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा भारत

- **टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीमों में एक इंडिया अंडर-19, क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में मैदान पर उतरेंगी**

**बुलावायो, वार्ता।** आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत एक बड़े अंतर के साथ हुई है, जिसने पहले ही क्रिकेट प्रेमियों का ध्यान खींचा है। एक पारंपरिक युवा पावरहाउस टीम एक ऐसी टीम के खिलाफ अपने खिताब की दौड़ शुरू कर रही है, जो अभी भी ग्लोबल स्टेज पर अपनी जगह बना रही है।

टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीमों में से एक, इंडिया अंडर-19, क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में मैदान पर गुरूवार को एक स्पष्ट पसंदीदा टीम के रूप में उतरेगी, जो अपने दबदबे, गहराई और काबिलियत से बनी उम्मीदों को लेकर चल रही है। दूसरी तरफ यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका अंडर-19 है, एक ऐसी टीम जिसके पास अनुभव की कमी है लेकिन महत्वाकांक्षा से भरपूर है, जो जूनियर क्रिकेट के सबसे बड़े मंच पर खुद को साबित करना चाहती है। भारत का अभियान प्रतिष्ठा के बोझ के साथ शुरू होता है। कई अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाली और हाल के एडिशन में फाइनलिस्ट रही यह टीम जिम्बाब्वे में पूरे जोश के साथ पहुंची है, जिसने अपने पिछले दस में से नौ मैच जीते हैं। स्ट्रोक बनाने वाले और मैच जिताने वाले खिलाड़ियों से भरी बल्लेबाजी लाइनअप आकर्षण का केंद्र रही है, जिसमें वैभव सूर्यवंशी टूर्नामेंट से पहले सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाले युवा प्रतिभाओं में से एक के रूप में उभरे हैं। कप्तान आयुष म्हात्रे उम्मीद करेंगे कि उनकी टीम शुरुआत में ही लय बनाए और बाकी टीमों को एक संदेश दे। अमे. रिका अंडर-19 के लिए, शुरुआती मैच एक अलग तरह की चुनौती पेश करता है।

उत्कर्ष श्रीवास्तव की कप्तानी में, टीम वर्ल्ड कप में अनुभव के अंतर से वाकिफ है, लेकिन इस मुकाबले को आगे बढ़ने के मंच के रूप में इस्तेमाल करने के लिए दृढ़ है। पाकिस्तान अंडर-19 के खिलाफ अपना आखिरी वार्म-अप मैच हारने के बाद, अमे. रिकियों को पता है कि एक अनुभवी प्रतिद्वंद्वी को परेशान करने के लिए उन्हें कुछ खास करना होगा। ओपनर अमरिदर गिल और साहिल गर्ग, एक युवा गेंदबाजी समूह के साथ, शुरुआती दबाव का सामना करने और मुकाबले में बने रहने की जिम्मेदारी संभालेंगे। वेन्यू खुद कहानी में एक और परत जोड़ता है। क्वींस स्पोर्ट्स क्लब हाल के सीजन में बल्लेबाजों के लिए अनुकूल पिच बन गया है, जो उन टीमों के पक्ष में है जो बड़ा स्कोर बना सकती हैं। इतिहास बताता है कि पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों को मजबूत फायदा होता है, इसलिए टॉस अधिक अनुभवी टीम के पक्ष में संतुलन और झुका सकता है। जैसे ही टूर्नामेंट की पहली गेंद फेंकी जाएगी, उम्मीद है कि मैच वर्ल्ड कप की व्यापक कहानी को रेखांकित करेगा।

## कीज एडिलेड में म्बोको का सामना करेंगी

- **इवेंट की मौजूदा चैंपियन ने सात डबल फॉल्ट को पार किया व पहले सेट को 49 मिनट में जीतने के लिए पांच ब्रेक पॉइंट बचाए**

**एडिलेड, वार्ता।** मैडिसन कीज अपने दूसरे राउंड के मैच में टेरेजा वैलेंटोवा के खिलाफ शुरुआत में अपने सबसे अच्छे फॉर्म में नहीं थीं,लेकिन उन्होंने खुद को संभाला और 1 घंटे और 24 मिनट में 6-4, 6-1 से जीत हासिल करके लगातार दूसरे साल एडिलेड के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।

इवेंट की मौजूदा चैंपियन ने सात डबल फॉल्ट को पार किया और पहले सेट को 49 मिनट में जीतने के लिए पांच ब्रेक पॉइंट बचाए। वैलेंटोवा मैच में बने रहने की कोशिश कर रही थीं, लेकिन कीज ने 18 साल की खिलाड़ी की दूसरी सर्व पर फोरहैंड रिटर्न विनर लगाकर दूसरे सेट में 2-0 की बढ़त बना ली। वहां से, उन्होंने आखिरी पांच गेम में से चार जीतकर एक मुश्किल जीत हासिल की। इस जीत के साथ कीज एडिलेड में अंतिम आठ में पहुंच गई हैं, जहां वह एक और टीन सेंसेशन, विक्टोरिया म्बोको का सामना करेंगी, जो डब्ल्यूटीए टूर पर उनकी पहली भिड़ंत होगी। क्रिस्टियन ने पहली बार कसातिकना को हराया। बुधवार के मैच से पहले, यह सोचना सही था कि क्या जैकलिन क्रिस्टियन को डारिया कसातकिना से कोई दिक्कत है।

उनकी दो पूरी हुई मुलाकातों में, रोमानियाई खिलाड़ी दोनों बार हार गई थी - हालांकि दोनों बार कसातकिना की रैंकिंग बहुत ज्यादा थी। इस बार, भूमिकाएं उलट गईं। क्रिस्टियन वर्ल्ड नंबर 37 के तौर पर आईं, जबकि कसातकिना हाल की मुश्किलों के बाद नंबर 48 पर थीं। और एक बार फिर, ज्यादा रैंकिंग वाली खिलाड़ी जीत गई।

## पाक मूल के चार खिलाड़ी वीजा क्लीयरेंस के इंतजार में



- **आईसीसी के सूत्रों के अनुसार सभी दस्तावेज अपॉइंटमेंट से पहले ठीक उसी तरह जमा किए गए थे जैसा कि आवश्यक था**

**कोलम्बो, वार्ता।** पाकिस्तान मूल के चार अमेरिकी क्रिकेटर अली खान, शायन जहांगीर, मोहम्मद मोहसिन और एहसान आदिल कोलंबो में भारतीय उच्चायोग में निर्धारित मुलाकातों में शामिल होने के बाद आगामी आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप को लेकर भारत यात्रा के लिए वीजा क्लीयरेंस का इंतजार कर रहे हैं। ए खिलाड़ी, जो वर्तमान में फरवरी टूर्नामेंट की तैयारी के अंतिम चरण के हिस्से के रूप में यूएसए टीम के साथ श्रीलंका में हैं, ने मंगलवार (13 जनवरी) को अपनी वीजा अपॉइंटमेंट पूरी कीं। हालांकि अपॉइंटमेंट के समय वीजा जारी नहीं किए गए, लेकिन यह समझा जाता है कि कोई औपचारिक अस्वीकृति नहीं हुई है, और अधिकारियों ने संकेत दिया है कि आवेदन स्थापित संच. ालन प्रक्रियाओं के हिस्से के रूप में समीक्षा के तहत हैं।

आईसीसी के सूत्रों के अनुसार, सभी दस्तावेज अपॉइंटमेंट से पहले ठीक उसी तरह जमा किए गए थे जैसा कि आवश्यक था। सूत्र ने कहा कि आज सुबह श्रीलंका में भारतीय दूतावास में उनकी अपॉइंटमेंट थी। उन्होंने आईसीसी द्वारा अपॉइंटमेंट से पहले मांगे गए सभी कागजात पूरे कर दिए थे। अपॉइंटमेंट के समय, खिलाड़ियों को सूचित किया गया कि इस स्तर पर वीजा प्रोसेस नहीं किए जा सकते। बाद में शाम को, यूएसए मैनेजमेंट को भारतीय दूतावास से एक कॉल आया जिसमें बताया गया कि कुछ आवश्यक जानकारी प्राप्त हो गई है, जबकि विदेश मंत्रालय से अतिरिक्त जानकारी का अभी भी इंतजार है। एक बार जब यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, तो उनसे आगे की प्रक्रिया के लिए संपर्क किया जाएगा। यही वर्तमान स्थिति है। इस मामले से परिचित अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि यह समीक्षा प्रक्रिया विशेष-श्रेणी के मामलों के लिए मानक है और भारतीय सरकार के प्रोटोकॉल के अनुसार इसे संभाला जा रहा है। यह स्थिति तब सार्वजनिक ध्यान में आई जब अली खान ने 'वीजा अस्वीकृति' का जक्रि करते हुए एक इंस्टाग्राम स्टोरी पोस्ट की, जिससे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अटकलें लगने लगीं। पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों से जुड़े वीजा समीक्षाओं में ऐतिहासिक रूप से राष्ट्रीयता या टीम संबद्धता की परवाह किए बिना अतिरिक्त प्रशासनिक परतें शामिल रही हैं। इसी तरह की प्रक्रियाएं अतीत में मोईन अली, शोएब बशीर और उस्मान ख्वाजा जैसे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटरों पर भी भारत यात्रा के दौरान लागू हुई हैं। इस प्रक्रिया से जुड़े सूत्रों ने दोहराया कि आवेदन सक्रिय हैं और विचाराधीन हैं, और ऐसे मामलों में समय-सीमा अक्सर शुरुआती अपॉइंटमेंट से आगे बढ़ जाती है। इन मामलों में आम तौर पर कई डिपार्टमेंट से क्लीयरेंस और भारत के विदेश मंत्रालय से फाइनल मंजूरी की जरूरत होती है, यह प्रोसेस स्पोर्टिंग बॉडीज या मेजबान देश के ऑर्गनाइजर से अलग काम करता है। खास बात यह है कि वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाली सभी टीमों पर यही प्रक्रिया लागू होती है।

## डेथ-ओवर्स में राहुल साबित कर रहे हैं अपना दबदबा

**राजकोट, वार्ता।** वनडे इंटरनेशनल में केएल राहुल की असली वैल्यू अब पारी के आखिरी फेज में महसूस की जा रही है, और बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ उनका नाबाद शतक इस बात का एक और सबूत था कि जब प्रेशर सबसे ज़्यादा होता है, तो वह कितने निर्णायक बन जाते हैं। राहुल ने यहां निरंजन शाह स्टेडियम में बिना किसी जल्दबाजी के 112 रन बनाकर अपना आठवां वनडे शतक पूरा किया, और एक बार फिर सबसे मुश्किल समय में टीम को संभाला। यह मील का पत्थर शानदार तरीके से हासिल हुआ, जब काइल जैमीसन ने राहुल के पैड्स पर फुल टॉस फेंकी, जिसे दाएं हाथ के बल्लेबाज ने शांति से आगे बढ़कर लॉन्ग-ऑन के ऊपर से छक्के के लिए भेज दिया। हेलमेट उतारकर और बल्ला उठाकर, राहुल ने शांत आत्मविश्वास के साथ इस पल का जश्न मनाया।

# एंटोनसन ने इंडिया ओपन से नाम वापस लिया



- **एंटोनसन ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए खुलासा किया कि दिल्ली में मौजूदा हवा क्वालिटी के कारण टूर्नामेंट से हटे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** डेनमार्क के दुनिया के नंबर 3 बैडमिंटन खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसन ने राष्ट्रीय राजधानी में गंभीर वायु प्रदूषण को लेकर चिंताओं के कारण लगातार तीसरे साल इंडिया ओपन से नाम वापस ले लिया है। एंटोनसन ने एक इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए यह खुलासा किया, जिसमें बताया कि दिल्ली में मौजूदा हवा की क्वालिटी के कारण उन्होंने बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया। एंटोनसन ने लिखा कि इस समय दिल्ली में बहुत ज्यादा प्रदूषण के कारण, मुझे नहीं लगता कि यह बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए सही जगह है। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें उम्मीद है कि गर्मियों तक हालात बेहतर हो जाएंगे, जब शहर में वर्ल्ड चैंपियनशिप होनी है। डेनमार्क के शटलर ने यह भी बताया कि बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन ने नाम वापस लेने के लिए उन पर 5,000 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया है, और कहा कि स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के बावजूद उन्हें फिर से सजा दी गई है। इंडिया ओपन से नाम वापस लेने के बावजूद, एंटोनसन ने उम्मीद जताई कि साल के आखिर में हालात बेहतर होंगे। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि उम्मीद है कि गर्मियों में जब दिल्ली में वर्ल्ड चैंपियनशिप होगी, तब हालात बेहतर होंगे। एंटोनसन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर दिल्ली में हवा की क्वालिटी का एक स्क्रीनशॉट भी शेयर किया।

## पीवी सिंधु इंडिया ओपन के पहले दौर में बाहर

**नई दिल्ली, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधु ने इंडिया ओपन से पहले अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का वादा किया था लेकिन वह बुधवार को पहले ही राउंड में वियतनाम की थुई लिन्ह एनगुएन से तीन गेमों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 22-20, 12-21, 15-21 से हार गई। सिंधु ने इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कम्पलेक्स में यह मुकाबला एक घंटे आठ मिनट में गंवाया। सिंधु का खेल देखने पहुंचे भारतीय दर्शकों को अपनी बैडमिंटन स्टार की हार से भारी निराशा का सामना करना पड़ा। अन्य मैचों में मालविका बंसोड़ चीनी ताईपे की पेई यू पो को 41 मिनट में 21-18, 21-19 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। एक अन्य मैच में मुख्य ड्रा में जगह पाने वाली तन्वी दूसरी सीड चीन की वांग झी ई से 20-22, 21-18, 13-21 से हार कर बाहर हो गई।

## हर्मन, लॉरेंस ने टीम को आखिरी गेंद पर जीत दिलाई

**पार्ल, वार्ता।** रुबिन हर्मन और डैन लॉरेंस के अर्द्धशतकों ने पार्ल रॉयल्स को डरबन सुपर जायंट्स के खिलाफ छह विकेट से आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत दिलाई, जिससे वे पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंच गए और डीएसजी की क्वालिफिकेशन की उम्मीदें अधर में लटक गईं। पूरे सीजन में मुश्किल रही पिच पर 187 रनों का पीछा करते हुए, हर्मन और लॉरेंस ने तीसरे विकेट के लिए सिर्फ 61 गेंदों में 106 रन जोड़े, जिससे मैच का रुख निर्णायक रूप से रॉयल्स के पक्ष में हो गया। यह चेज आखिरकार इस मैदान पर सबसे सफल रन-चेज बन गया। डेविड मिलर के पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद, डीएसजी को सुनील नारायण ने शुरुआती बढ़त दिलाई, जिन्होंने ओपनिग की और मुजीब उर रहमान के हाथों आउट होने से पहले 11 गेंदों में 22 रन बनाए। कप्तान एडेन मार्करम ने पारी को संभाला, 46 गेंदों में 66 रन बनाए और डेविड बेडिगम के साथ तीसरे विकेट के लिए 76 रनों की साझेदारी की। मार्करम 17वें ओवर में आउट हो गए, लेकिन हेनरिक क्लासेन और लियाम लिविगस्टोन की बदौलत डीएसजी ने मजबूत फिनिश किया। क्लासेन ने 18 गेंदों में 29 रन बनाए, जबकि लिविगस्टोन ने सिर्फ 10 गेंदों में 32 रन बनाकर देर से तेजी दिखाई, जिससे डीएसजी का स्कोर 186/5 हो गया, जो इस सीजन में इस मैदान पर सबसे बड़ा टोटल है। रॉयल्स ने ओपनर आसा ट्राइब और लुआन-ड्रे प्रिटोरियस को जल्दी खो दिया, लेकिन हर्मन ने जवाबी हमला किया, पावरप्ले की आखिरी गेंद पर साइमन हार्मर को एक लंबा छक्का लगाकर वार्म-अप किया। लॉरेंस के साथ, उन्होंने बीच के ओवरों में स्पिनरों के खिलाफ धीरे-धीरे पारी को आगे बढ़ाया।

### सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने गंगनहर घाट पर किया सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा का अनावरण

# उधमसिंह नगर की घटना पुलिस की नाकामी : टीएसआर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने गंगनहर किनारा स्थित घाट पर सम्राट पृथ्वी राज चौहान की स्थापित प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उधमसिंह नगर के काशीपुर में किसान की आत्महत्या मामले को उन्होंने पुलिस की नाकामी बताया।

पृथ्वीराज चौहान क्षत्रिय विकास महासभा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा क्षत्रियों का इतिहास देश के लिए बलिदान देने का रहा है। क्षत्रिय राजाओं ने लगातार पांच सौ साल मुगलों का सामना किया अगर यह क्षत्रिय न होते तो आज देश के क्या हालात होते यह सोचने वाली बात है। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज इसलिए पूज्य है क्योंकि उन्होंने बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि जो राष्ट्र त्याग और बलिदान को भूल



जाता है वह राष्ट्र आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान ने केवल एक समाज नहीं बल्कि सर्वसमाज के लिए बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि वीरों का इतिहास पढ़ाया जाना चाहिए। आज तक मुगलों का इतिहास पढ़ाया गया जो समाज में गंद घोलने का काम करता है लेकिन अब नई शिक्षा नीति वीरों का इतिहास आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाने का काम करेगी।

रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि एकजुटता में शक्ति है इसलिए अपने समाज को ही नहीं बल्कि सर्वसमाज को साथ लेकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज ने राष्ट्रभक्ति की एक मिशाल के रूप में कार्य किया है। मेयर अनीता अग्रवाल ने कहा रुड़की के लिए यह ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण अवसर है कि रुड़की में सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा स्थापित हुई है। उन्होंने देश के लिए अपना बलिदान दिया यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ी को देश के वीरों की गौरवगाथा को याद दिलवाएगी। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप सिंह तंवर ने कहा कि क्षत्रिय समाज का इतिहास गौरवशाली था है। इस समाज ने सदैव देश के लिए अपना बलिदान दिया है। उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि सर्वसमाज को साथ लेकर आगे बढ़ें। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन अध्यक्ष यशवंत सिंह चौहान एवं संचालन अरविंद राजपूत ने किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री डॉक्टर जयपाल सिंह चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता मयंक गुप्ता,प्रणय प्रताप सिंह,ललित मोहन अग्रवाल,अक्षय प्रताप सिंह,देवी सिंह राणा,तेज सिंह राणा,अशोक राणा,नितिन गोयल,सोहन सिंह राणा,विशाल



राणा,शुभम चौहान,मूला सिंह चौहान,मोनू चौहान,रोमा सैनी आदि उपस्थित रहे। **काशीपुर की घटना पुलिस की नाकामी..**उधमसिंह नगर के काशीपुर में किसान द्वारा आत्महत्या किए जाने के बारे में पूछे जाने पर सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि घटना निंदनीय है और यह सीधे तौर पर पुलिस की नाकामी है।

## शराब पीकर हुड़दंग मचाने वाले का शांतिभंग में चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** पुलिस द्वारा मंगलवार देर शाम कस्बे के एक मोहल्ले में शराब पीकर वहां से आने जाने वालों को गाली गलौज कर झगड़ा कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई की गई है। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि मंगलवार देर शाम सूचना मिली कि कस्बा के मोहल्ला कुमहारान में कस्बा निवासी विशाल कुमार शराब पीकर वहां से आने जाने वाले लोगों के साथ गाली गलौज कर हुड़दंग मचा रहा है। सुचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा हुडदंग मचा रहे व्यक्ति को समझाने का प्रयास किया गया नहीं मानने पर उक्त को थाने लाया गया। उक्त के खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई करते हुए बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया है।

# हाड-कांपती ठंड व शीतलहर से अवाम बेहाल

## घना कोहरा व कड़ाके की ठंड से ट्रेन भी चल रही लेट, तो बसों में भी यात्रियों का टोटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी/लक्सर।** घना कोहरा व हाड कांपती ठंड ने लोगों को बेहाल कर दिया है। सूरज ने जहां शक्ल दिखानी बंद कर दी है तो कडकडाती ठंड ने लोगों को घरों में रहने को मजबूर कर दिया है। बाजारों में जहां ग्राहकों का टोटा है तो बसों में भी यात्री सफर करने हिम्मत नहीं कर पा रहे हैं। ट्रेन भी जहां अपने वक्त से काफी लेट चल रही हैं तो इस ठंड ने आमजन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है।

रूडकी व देहात क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से हाड कांपती हुई सर्दी पड रही है। ठंड का आलम यह है कि लोग अपनी दुकानों पर भी जाने से कतरा रहे हैं तो दफ्तरों में भी कर्मचारी वक्त से लेट पहुंच रहे हैं और हीटर अंगीठी के आगे हाथ सेंक कर काम चलाया जा रहा है। सरकारी दफतरों में कर्मचारी हीटर पास रख कर काम करने की हिम्मत जुटा पा रहे हैं तो मजदूर तपका भी ठंड की वजह से बाहर नहीं निकल पा रहा है। लोग अपने घरों में कैद रहने के लिए मजबूर हैं। किसान भी अपने खेतों पर जाने से कतरा रहे हैं। आवाज के अलावा जानवर भी ठंड की चपेट में आकर बीमार पड रहे हैं।

नगर निगम व नगर पंचायतों ने इस कडाके की ठंड में आवाम को राहत पहुंचाने के लिए अलाव जलाने की व्यवस्था जरूर की है लेकिन उससे भी लोगों को ठंड से राहत



नहीं मिल पा रही है। क्योंकि टैपरेचर दिन में जहां 9-10 डिग्री तक है तो रात में पारा माइनस में जा रहा है। लक्सर क्षेत्र की नगर पालिका परिषद में बढ़ती हुई ठंड लोगों को आग के सामने बैठने पर मजबूर कर रही है। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि इस बार तो ठंड ने रिकॉर्ड तोड़ दिया और लगातार ठंड बढ़ती जा रही है जिससे आम जनता का घर

**❖ट्रेन भी वक्त से चल रही लेट, बसों में भी यात्रियों का टोटा, घर से सफर के लिए निकलने की हिम्मत नहीं कर पा रहे लोग**

**❖सूरज के भी नहीं हो रहे दर्शन, बाजारों में भी ग्राहकों का टोटा, ठंड की वजह से दोपहर तक दुकानों पर पहुंच रहे कारोबारी**

से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है उन्होंने कहा अब कपड़ों से भी काम नहीं चलता बगैर आग के सामने बैठे हुए लोगों को ठंड परेशान कर रही है उन्होंने यह भी कहा कि सभी को ठंड से बच के रहना चाहिए जिससे कोई बीमारी ना हो जाए वही अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लक्सर मोहम्मद कामिल ने कहा कि सर्दी बढ़ने के वजह से जगह-जगह अलाव जलाये जा रहा है जिससे लोगों को ठंड से बचाया जा सके उन्होंने भी यही कहा कि यह ठंड बहुत नुकसानदेह है सभी इस ठंड से बच के रहे और अपने बच्चों को भी ठंड से बचा कर रखें क्योंकि यह ठंड बहुत ज्यादा लोगों को परेशान कर रही है और इस वर्ष मौसम भी ज्यादा ठंडा हो रहा है।

## चार लोगों पर की गुंडा की कार्रवाई

**झबरेड़ा।** पुलिस द्वारा बुधवार को थाना क्षेत्र के दो गांव के चार लोगों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार कर चालान करते हुए न्यायालय में पेश किए गए हैं। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि लगातार गोकशी के मामलों में सक्रिय रहने वाले चार लोग जिनमे नवाज खाँ उर्फ अली नवाज पुत्र गुल सननवर निवासी ग्राम पाडली गेंदा तथा नदीम पुत्र सलीम पदविंदर पुत्र रामदास व लाला अहमद पुत्र इसरार हसन निवासी गण ग्राम लाठर देवा शेख के खिलाफ गुंडा एक्ट अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि उक्त चारों के खिलाफ थाना झबरेड़ा व अन्य थानों में भी गोकशी के कई मामले दर्ज है। उक्त चारों के खिलाफ गुंडा एक्ट में कार्रवाई करते हुए चालान कर न्यायालय में पेश किए गए हैं।

# रुड़की में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया लोहड़ी पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शहर में लोहड़ी का पर्व हर्षौल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने लोहड़ी प्रज्वलित कर उसमें रेवड़ी,मूफली का प्रसाद चढ़ाया और सुख समृद्धि की कामना की।इस दौरान लोहड़ी के गीतों पर लोग जमकर झूमते नजर आए।

रामनगर स्थित श्री राम मंदिर में श्री सनातन धर्म सभा कमेटी द्वारा मंगलवार को लोहड़ी का पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य लोगों ने शिरकत की और पवित्र अग्नि के इर्द-गिर्द पारंपरिक उत्साह साझा किया। मुख्य अतिथि अनीता अग्रवाल का कमेटी के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। मुख्य अतिथि और कमेटी के प्रधान रामजी भटेजा ने संयुक्त रूप से लोहड़ी प्रज्वलित की। अनीता अग्रवाल ने उपस्थित जनसमूह को पर्व की बधाई देते हुए अग्नि देव से समाज की खुशहाली की प्रार्थना की। उन्होंने सभी के साथ मिलकर मूंगफली और रेवड़ी का प्रसाद ग्रहण किया और कहा कि ऐसे पर्व हमारी सांस्कृतिक एकता को मजबूती प्रदान करते हैं। इस अवसर पर सतीश कालरा, धर्मपाल लखानी, संजीव अरोड़ा,



गुलशन अनेजा, जगदीश मेहंदीरत्ता, हैप्पी मेहंदीरत्ता, रवि भटेजा, संचित भाटिया और मन्नू मेहंदीरत्ता सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। भाजपा मंडल **उपाध्यक्ष के आवास पर मनाई गई लोहड़ी..**सिविल लाइंस में वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष सरीन के आवास पर लोहड़ी पर्व हर्षौल्लास के साथ मनाया गया। पारंपरिक गीतों के साथ लोहड़ी प्रज्वलित की। और मूली,रेवड़ी मूंगफली आदि का प्रसाद चढ़ाया गया। भाजपा सिविल लाइंस मंडल के उपाध्यक्ष गगन सरीन ने सभी को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी उन्होंने सभी के घर में सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर दमन सरीन,प्रयास सरीन,कामना सरीन,ममता आदि मौजूद रहे। रामनगर के साथ-साथ रुड़की नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी लोहड़ी की भारी धूम रही। लोगों ने अपने घरों, मोहल्लों और बैंक्वेट हॉलों में एकत्र होकर त्योहार मनाया। विशेष रूप से पंजाबी समाज में उन घरों में उत्सव का दोगुना उत्साह देखा गया, जहाँ हाल ही में विवाह हुए हैं या बच्चों का जन्म हुआ है। देर रात तक ढोल की थाप पर गिद्धा और भंगड़ा चलता रहा और लोगों ने एक-दूसरे का मुँह मीठा कराकर पर्व की बधाई दी।

# मरीजों के इलाज की छीना झपटी में जमकर मारपीट, फूटे सिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मानवता को शर्मसार करने वाली एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने चिकित्सा जगत की शुचिता पर गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। जिन अस्पतालों को मरीजों के लिए 'मसीहा' और जीवन बचाने वाला स्थान माना जाता है, वे अब व्यापारिक प्रतिद्वंद्विता के चलते हिंसक अखाड़े में तब्दील हो चुके हैं। रुड़की के दो निजी अस्पतालों के संचालकों के बीच मरीजों को अपने पास लाने को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। यह विवाद तब और गहरा गया जब दोनों पक्षों के बीच सरेआम मारपीट शुरू हो गई। देखते ही देखते अस्पताल का शांत वातावरण चीख-पुकार और हिंसा में बदल गया। सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई यह वारदात इतनी खौफनाक है कि किसी की भी रूह कांप जाए। वीडियो में अस्पताल के कर्मचारी और संचालक एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला करते नजर आ रहे हैं। वहीं इस घटना ने कई अहम सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह है कि क्या सेवा का संकल्प अब पूरी तरह व्यावसायीकरण की भेंट चढ़ चुका है? जब अस्पताल के रक्षक ही भक्षक बन जाएं, तो मरीज खुद को सुरक्षित कैसे महसूस करेगा? पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन इस घटना ने चिकित्सा पेशे की नैतिकता को समाज की नजरों में काफी नीचे गिरा दिया है। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि तहरीर नहीं आई हैं। तहरीर आने पर अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# सरकारी रास्ते पर गड्ढे खोदने का किसानों का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** बुधवार को सरकारी रास्ते पर सेफ्टी टैंक दबाने के लिए खोदे जा रहे गड्ढों का किसानों ने जमकर विरोध किया। पुलिस के पहुंचने के बाद खोदे गए गढ्ढो को बंद कर दिया गया।

नगला इमरती अंडर पास से मंगलौर साइड हाइवे के पास रुड़की क्षेत्र के एक जनप्रतिनिधि ने स्कूल का निर्माण कराया है। स्कूल के पीछे की साइड चौदवे फीट चौड़ी सरकारी चकरोड है। उक्त चकरोड खेतो के पास से होते हुए सरकारी नलकूप पर जा रही है। किसानों का आरोप है कि स्कूल मालिक



जेसीबी मशीन से सरकारी चकरोड पर गड्ढे खुदवा कर सेफ्टी टैंक लगवा रहा था। किसानों का कहना है कि सरकारी रास्ते पर सरकारी नलकूप से खेतों में पानी देने को लेकर पाइप लाइन बिछी हुई है। आरोप है कि गढ्ढे खोदने से पाइप लाइन भी तोड़ दी गई। किसानों के विरोध के चलते पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। किसानों के विरोध के चलते खोदे गए गड्ढों को मिट्टी डाल कर बंद करा दिया गया। किसानों का आरोप है कि स्कूल मालिक राजनीतिक ऊंची पहुंच होने के रोब देते हुए दोबारा सरकारी रास्ते पर सेफ्टी टैंक लगाने की धमकी दे रहा है। मामले की जानकारी मिलने मंगलौर कोतवाली एसएसआई रफत अली ने घटना स्थल का मुआयना किया। एसएसआई का कहना है कि रास्ते पर खोदे गए गढ्ढो को बंद करा दिया गया है। विरोध करने वाले किसानों में जुल्फकार, बिलाल, इरशाद, नूर आलम, कामिल, माना, फुरकान, मुर्तजा, नुर्शीद आदि किसान शामिल रहे।

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम मीर हसन कुछ दस्तावेजों में अमीर हसन दर्ज है जो दोनों ही नाम मेरे है मुझे मीर हसन उर्फ अमीर हसन के नाम से ही जाना पहचाना समझा पढ़ा लिखा जाए।

**मीर हसन उर्फ अमीर हसन पुत्र स्व. मो. उमर नि. नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर तहसील लक्सर, हरिद्वार।**

# नर्सिंग कालेज में उल्लास से मनाया गया लोहड़ी व मकरसंक्रांति का पर्व

शाह टाइम्स संवाददाता

रुड़की। एक नर्सिंग कालेज में लोहड़ी और मकरसंक्रांति का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया । इस महोत्सव में सरंक्षक डॉ संध्या भटनागर ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता हम सब देशवासियों के लिए गर्व का अनुभव कराती है ।डॉ जग मोहन भटनागर ने कहा कि सभी धर्मो और समुदाय के छात्रों ने मिलकर जो आज पर्व मनाया है वह हमारे देश की मिलीजुली संस्कृति का बोध कराती है जो सदियों से चली आ रही है । भटनागर कॉलेज इंस्टिट्यूट के अध्यक्ष डॉ सौरभ भटनागर ने बताया यह कालेज बच्चो के लिए अत्यंत शुद्ध वातावरण में , विशेष रूप से ग्रामीण युवाओं के लिए यह एक वरदान है और इस शिक्षा के पश्चात उन्हें अच्छे हॉस्पिटल्स में काम के अवसर प्राप्त होंगे उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा के साथ साथ अपनी संस्कृति से परिचित कराना भी इस प्रशासन कॉलेज का उद्देश्य है। इसके बाद प्रार्थना, राष्ट्रगान हुए। लोहरी के अवसर पर ढोल का आयोजन था , लोक नृत्य प्रस्तुत कर छात्र-छात्राओं ने समां बांध दिया । कॉलेज मैं आसपास के गांव के गणमान्य व्यक्तियों ने भी शिरकत की कॉलेज के महोत्सव में लोहड़ी के महोत्सव पर रेवाड़ी गजक व मूंगफली बांटी गई।इस महोत्सव पर डॉक्टर अभिषेक भटनागर डॉक्टर मनस्वी ,डॉक्टर छवि , डॉक्टर डॉक्टर दीपक तथा नर्सिंग अध्यापक डॉ सैनी , शाहनूर , करम सिंह , सुमित सिरोही ,अनेक विद्यार्थी मौजूद थे।

### भगवानपुर विधायक ने किया सड़क का उद्घाटन

# क्षेत्र का विकास ही प्राथमिकता : ममता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर विधायक ममता राकेश ने कलालटी व किशनपुर जमालपुर मे सडक का उदघाटन करते हुए कहा कि अपने विधानसभा क्षेत्र का बुनियादी विकास कराना ही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक ममता राकेश का जोरदार स्वागत करते हुए कहा कि विधायक द्वारा उनके क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कराये जा रहे हैं जिसके लिए वे विधायक के आभारी हैं।

इस अवसर पर विधायक ममता राकेश ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बुनियादी विकास कराना उनकी प्राथमिकता मे शामिल हैं और वह अपने विधानसभा क्षेत्र के तमाम इलाको में बिना भेदभाव विकास करा रही हैं और सबके सुख दुख में साथ निभाने का प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में जहां विकास नहीं हुआ था वह उसे प्राथमिकता से करवा रही हैं। उनके विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में हर तबके में ईमानदारी जिम्मेदारी से विकास कार्य कराये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सडक बिजली पानी अन्य मूलभूत सुविधाओ के लिए वह प्रयास कर रही हैं। और आगे भी करती रहेगी। उनका यही प्रयास है कि उनका विधानसभा क्षेत्र



राज्य का सबसे विकास वाला क्षेत्र कहलाये। उनके विस क्षेत्र में लगातार बुनियादी विकास कराये जा रहे है। कस्बों से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में हर घर तक सडकों का जाल बिछाया गया है। इस अवसर पर बडी तादाद में ग्रामीण मौजूद रहे।

# अभिनेता बृजेंद्र काला ने किया द मैनर रिसॉर्ट्स का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की-हरिद्वार हाईवे पर नवनिर्मित और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 'द मैनर रिसॉर्ट्स' का उद्घाटन बुधवार देर शाम प्रसिद्ध फिल्म एवं टीवी अभिनेता बृजेंद्र काला ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर ' द मैनर रिजॉर्ट्स के फाउंडर और गैलेक्सी इवेंट्स के फाउंडर एवं सेलिब्रिटी मैनेजर कुंवर शाहिद के आमंत्रणपर अभिनेता बृजेंद्र काला पर मुंबई से रुड़की पहुंचे। रिसॉर्ट पहुंचने पर मुजीब मालिक और शोएब मालिक ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर पारंपरिक तरीके से स्वागत किया और उनके आगमन पर खुशी जताई। इसके बाद रिसॉर्ट प्रबंधन की ओर से उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

समाजसेवी एवं रोटेरियन मुजीब मालिक ने कहा कि गैलेक्सी इवेंट्स के फाउंडर कुंवर शाहिद हमेशा कुछ नया और अलग करने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने पूर्व में भी कई सफल आयोजनों के माध्यम से माइलस्टोन स्थापित किए हैं और उन्हें पूरा विश्वास है कि 'द मैनर रिसॉर्ट्स' रुड़की के लोगों को एक प्रीमियम और यादगार अनुभव प्रदान करेगा। वहीं शोएब मालिक ने



कहा कि अब तक शहरवासियों को फैमिली टाइम और निजी समारोहों के लिए हरिद्वार, ऋषिकेश या मसूरी जाना पड़ता था, जिसमें समय और खर्च दोनों अधिक होते थे। लेकिन अब 'द मैनर रिसॉर्ट्स' के खुलने से रुड़की के लोगों को अपने ही शहर में यह सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने इस नए प्रोजेक्ट के लिए कुंवर शाहिद को दिल से मुबारकबाद दी।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय


गुरुवार, 15 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ईरान के बिगड़ते हालात

ईरान में दो सप्ताह से भी अधिक समय से हिंसा और विरोध प्रदर्शन जारी है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की मानें, तो बुधवार तक 2572 लोगों की जान अब तक जा चुकी है, जोकि निश्चित रूप से बड़ा आंकड़ा है और जो यह बताने के लिए काफी है कि ईरान में हालात बद से बदतर की ओर जा रहे हैं। हालात के नाजुकपन को देखते हुए भारत ने भी अपने नागरिकों को तुरंत ईरान छोड़ने के लिए कहा है। विदेश मंत्रालय ने जारी अपनी एडवाइजरी में भारतीय लोगों से ईरान में बदलती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए जल्द से जल्द ईरान छोड़ने की सलाह दी है। बताते चलें कि ईरान में विरोध प्रदर्शन पिछले महीने आखिर में तब शुरू हुए थे जब ईरानी मुद्रा रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई थी और जैसे अब वहां से समाचार आ रहे हैं, वहां हिंसा और प्रदर्शन की वारदातें देश के सभी 31 प्रांतों तक फैल गई हैं। भारत सरकार ने अपने नागरिकों को भरोसा दिलाया कि जरूरत पड़ने पर उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी और यह भी कि भारतीय नागरिक तेहरान स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क कर सकते हैं। 1979 की इस्लामी क्रांति की फैली अराजकता की याद ये हिंसक प्रदर्शन दिला रहे हैं, क्योंकि ऐसी अराज. कता इस बीच में नहीं देखी गई। ईरान का कहना रहा है कि अमेरिका व पश्चिमी देश मिलकर ईरान में हिंसक प्रदर्शनों को हवा दे रहे हैं। इन प्रदर्शनकारियों में विदेशी अराजक तत्व घुसे हुए हैं। जो सैनिकों, बसों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर हमले कर रहे हैं और उन्हें भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। अमेरिका सहित तमाम पश्चिमी देश जिस तरह का रवैया दिखा रहे हैं और ईरान को चेता रहे हैं, उससे ईरान का यह दावा गलत भी नहीं लगता। ईरान के लीडर आयतुल्ला खामेनेई ने अमे. रिका-इजरायल को सीधे चेतावनी दे दी है कि वह उसके मामले में हस्तक्षेप न करें। साथ ही आंदोलनकारियों से सीधे सख्ती से निपटने की बात भी उन्होंने कही है। मौतों का बढ़ता आंकड़ा भी इस ओर इशारा कर रहा है कि उनकी चेतावनी का असर जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहा है। इसमें कोई दोराय नहीं कि ईरान में जो कुछ हो रहा है, उसके पीछे अमेरिका इजरायल मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प तो सीधे ईरान को यह कहकर चुनौती दे रहे हैं कि यदि वह प्रदर्शनकारियों के साथ बल का प्रयोग करता है, तो अमेरिका उसके विरुद्ध सीधी सैन्य कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकेगा। वह प्रदर्शनकारियों के साथ हमदर्दी दिखाते हुए कह रहा है कि तुम डटे रहो, अमेरिका उनके साथ खड़ा है। अब कहने के लिए ज्यादा क्या रह जाता है। जहां तक बात ईरान की है, ईरान अमेरिका व इजरायल जैसे देशों के सामने झुकने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं दिखाई दे रहा है। बल्कि उसने स्पष्ट कर दिया है कि जहां ईरान प्रदर्शनकारियों से सख्ती से निपटेगा वहीं यदि किसी ने ईरान पर हमला करने की कोशिश की तो उसका करारा जवाब देगा।

## पूर्व सैनिकों का अनुभव अमूल्य संपत्ति



भारत तेजी से सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है और ऐसे समय में पूर्व सैनिकों का अनुभव, नेतृत्व और मूल्य देश के लिए अमूल्य संपत्ति हैं। उन्होंने ऑपरेशन पवन में भाग लेने वाले पूर्व सैनिकों के साहस और बलिदान को पहले वह सम्मान नहीं मिल पाया, जिसके वे हकदार थे, सरकार ने भारतीय शांति सेना के सैनिकों के योगदान को खुले तौर पर स्वीकार किया है तथा राष्ट्रीय युद्ध स्मारक सहित विभिन्न स्तरों पर उन्हें सम्मान दिया जा रहा है, एक रैंक एक पेंशन, भूतपूर्व सैनिक अंशदाई स्वास्थ्य योजना के सुदृढ़ीकरण, दूरदराज के क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और टेलीमेडिसिन को बढ़ावा देने जैसे कदम उठाए गए हैं।

-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

# गले पड़े पुरस्कार का हो गया तिरस्कार






निर्मल रानी

**गौरतलब है कि शशि थरूर इस समय तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद हैं। उन्होंने मीडिया से पूछने पर स्वयं यह स्पष्ट किया कि था कि वे इस पुरस्कार के बारे में नहीं जानते थे और न ही इसे स्वीकार करने की सहमति जताई थी । सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ग पर पोस्ट करके भी उन्होंने यही कहा कि मैं न तो इस पुरस्कार के बारे में जानता था और न ही इसे स्वीकार किया था। आयोजकों द्वारा मेरी सहमति के बिना मेरे नाम की घोषणा करना गैर-जिम्मेदाराना है।**

प्रसिद्ध हिंदी लेखक, पत्रकार और पटकथा लेखक कमलेश्वर ने सम्मान, एवार्ड अथवा पुरस्कार के विषय पर बातचीत करते हुए एक बार बहुत ही महत्वपूर्ण टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि कोई भी सम्मान ग्रहण करने से पहले यह जरूर देखना चाहिए कि सम्मानित करने वाली संस्था या व्यक्ति का स्वयं अपना कितना सम्मान है। ऐसा उन्होंने इसीलिए कहा था कि तमाम लोग व संस्थाएं विशिष्ट लोगों को सम्मानित करने के नाम पर या इसी के बहाने खुद अपनी छवि चमक. ाने या स्वयं की प्रसिद्धि की खातिर तरह तरह के सम्मान समारोह आयोजित करती रहती हैं।

ऐसे में सम्मान या पुरस्कार प्राप्त करने के लिए लालायित रहने वाले लोग तो किसी भी ऐरे गैरे नत्थू खैरे से कोई भी सम्मान लेने पहुंच जाते हैं। यहां तक कि सम्मान हासिल करने के लिए तरह तरह की जुगाड़बाजियां भी करते हैं। परन्तु स्वाभिमानी लोग या ऐसे सम्मान की वास्तविकता को समझने वाले लोग इसतरह के कथित पुरस्कारों व सम्मानों से दूर रहना ही पसंद करते हैं।

कुछ ऐसा ही दृश्य पिछले दिनों उस समय देखने को मिला जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा कांग्रेस नेता शशि थरूर को सावरकर के नाम का एक अवार्ड देने की कोशिश की गई परन्तु शशि थरूर ने इसे लेने से इंकार कर दिया। गौर तलब है कि केरल की हाई रेंज रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी नाम के एक एनजीओ ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर को वीर सावरकर इंटरनेशनल इम्पैक्ट अवॉर्ड 2025 का पहला अवार्ड देने की कोशिश की थी। HRDS इंडिया को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) या संघ परिवार से संबद्ध माना जाता है। बात बीते वर्ष दिसम्बर माह की है, जब केरल-आधारित इस एनजीओ ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर को वीर सावरकर इंटरनेशनल इम्पैक्ट अवॉर्ड 2025 का पहला प्राप्तकर्ता घोषित किया। HRDS इंडिया के अनुसार यह पुरस्कार राष्ट्रीय विकास, सामाजिक सुधार और मानवीय कार्यों के लिए दिया जाता है और इसका नाम विनायक दामोदर सावरकर (वीर सावरकर) के नाम पर रखा गया है, जो भाजपा और संघ परिवार द्वारा सम्मानित व आदर्श पुरुष माने जाते हैं। जबकि कांग्रेस, उदारवादियों और वामपंथी दलों द्वारा उनकी स्वतंत्रता संग्राम में कथित नकारात्मक भूमिका पर सवाल उठाए जाते हैं। यह पुरस्कार सम्मान समारोह 10 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन हॉल में आयोजित होना प्रस्तावित था। इस आयोजन का उद्घाटन भी भाजपा के वरिष्ठ नेता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा किया जाना था। संस्था द्वारा इस पुरस्कार हेतु थरूर का नाम उनके राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर हस्तक्षेप और प्रभाव के लिए चुना गया था। परन्तु थरूर ने इस पुरस्कार को स्वीकार करने से यह कहते हुए इंकार कर दिया कि उन्हें इस पुरस्कार की जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स से मिली थी न कि आयोजकों से।

गौरतलब है कि शशि थरूर इस समय तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद हैं। उन्होंने मीडिया से पूछने पर स्वयं यह स्पष्ट किया कि था कि वे इस पुरस्कार के बारे में नहीं जानते थे और न ही इसे स्वीकार करने की सहमति जताई थी । सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ग पर पोस्ट करके भी उन्होंने यही कहा कि मैं न तो इस पुरस्कार के बारे में जानता था और न ही इसे स्वीकार किया था। आयोजकों द्वारा मेरी सहमति के बिना मेरे नाम की घोषणा करना गैर-जिम्मेदाराना है। पुरस्कार की प्रकृति, प्रस्तुत करने वाली संस्था या अन्य संदर्भों के बारे में स्पष्टता न होने पर, मैं न तो कार्यक्रम में भाग लूंगा और न ही पुरस्कार स्वीकार करूंगा। थरूर ने सावरकर के व्यक्तित्व पर सीधे टिप्पणी नहीं की, लेकिन उनका इनकार कांग्रेस की वैचारिक स्थिति से जुड़ा माना जा रहा है। कांग्रेस में उनके सहयोगियों का मानना था कि सावरकर के नाम पर पुरस्कार स्वीकार करना पार्टी का अपमान होगा व ऐसा करना पार्टी को शर्मिंदा करेगा। थरूर पहले सावरकर पर किताब लिख चुके हैं और उनका कहना है कि सावरकर का अध्ययन जरूरी है, लेकिन आलोचनात्मक रूप से। उधर HRDS इंडिया के आयोजकों ने इस विषय पर यह दावा किया था कि थरूर को इस पुरस्कार के बारे में पहले से जानकारी दी गई थी और उन्होंने अपनी सहमति भी जताई थी। परन्तु थरूर ने संस्था के इस दावे को पूरी तरह खारिज कर दिया। आखिरकार यह विवाद इतना बढ़ा कि विवाद के बाद न तो सम्मान प्राप्तकर्ता के रूप में शशि थरूर ने कार्यक्रम में शिरकत की ना ही सम्मान देने हेतु रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समारोह में पधारे। परन्तु इस घटना के बाद सावरकर के नाम को लेकर एक बार फिर उनके विवादित व्यक्तित्व को लेकर बहस जरूर छिड़ गई। गौरतलब है कि संघ व भाजपा सावरकर को श्वीर सावरकर श कहकर बुलाती है और एक स्वतंत्रता सेनानी के रूप में उन्हें सम्मान देती है। जबकि कांग्रेस उन्हें ब्रिटिश हुकूमत से मुआफी मांगने वाला व्यक्ति मानती है। निश्चित रूप से शशि थरूर का सावरकर सम्मान लेने से इन्कार करना न केवल कांग्रेस में उनकी स्थिति को मजबूत करता है बल्कि वैचारिक रूप से सावरकर की हिंदूवादी राजनीति को भी खारिज करता है।

इस घटना ने संघ व भाजपा परिवार की उस चतुराई को भी एक बार फिर उजागर कर दिया है जिसके तहत वह कांग्रेस अथवा अन्य धर्मनिरपेक्ष व उदारवादी नेताओं को किसी न किसी बहाने अपने साथ खड़ा हुआ दिखाने की कोशिश करती रहती है। साथ ही ऐसा कर उन्हें कांग्रेस में भी वैचारिक रूप से असहज करने का प्रयास करती है। हालांकि संघ व भाजपा की इस नीति से यह सन्देश भी जाता है कि उनके पास इस स्तर के अपनी विचारधारा रखने वाले नेताओं की भी कमी है। चाहे वह महात्मा गांधी की हत्या के बाद संघ पर प्रतिबंध लगाने वाले कांग्रेस नेता सरदार वल्लभ भाई पटेल की गुजरात में विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा बनाना हो या फिर जून 2018 में कांग्रेस नेता व पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को संघ के तृतीय वर्ष शिक्षा वर्ग समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नागपुर में आमंत्रित करना।


इसी सिलसिले की एक कड़ी के रूप में शशि थरूर को सावरकर सम्मान के नाम पर दिया गया कथित निमंत्रण भी उन्हें कांग्रेस में असहज करने व वैचारिक रूप से उन्हें अपने पक्ष में खड़ा दिखाने का प्रयास था परन्तु यह प्रयास तब उल्टा पड़ गया जब शशि थरूर ने स्वयं इस श्गले पड़ेश पुरस्कार को लेने से इंकार कर उल्टे इस पुरस्कार का ही तिरस्कार कर दिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मध्य प्रदेश में उठाएं समुद्री बीच का मजा

**हनुवंतिया बीच मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा वाटर एक्टिविटी के लिए जाना जाता है। यहां पर कई सैलानी सिर्फ मोटरबोटिंग, गोताखोरी, जेट स्कीइंग, सर्फिंग और जोरबिंग के अलावा हॉट एयर बैलूनिंग और पैरा एक्टिविटीज जैसी शानदार और मजेदार एक्टिविटी के लिए पहुंचते हैं। हर साल हनुवंतिया आइलैंड में जल महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस महोत्सव में शामिल होने के लिए हर साल हजारों की संख्या में पर्यटक शामिल होते हैं।**

मध्य प्रदेश का गठन साल 1956 में हुआ था। यह देश के सबसे बड़े राज्यों में शामिल एक खूबसूरत और प्रमुख राज्य भी है। देश के मध्य में स्थित मध्य प्रदेश में कई ऐसी खूबसूरत और शानदार जगहें मौजूद हैं, जहां पर सिर्फ देशी ही नहीं बल्कि विदेशी पर्यटक भी घूमने के लिए पहुंचते रहते हैं। मध्य प्रदेश में भोपाल से लेकर इंदौर तक, ग्वालियर, मांडू, ओरछा और जबलपुर जैसी कई ऐतिहासिक जगहें हैं, जिनके बारे में लगभग हर कोई जानता है। वहीं मध्य प्रदेश में हनुवंतिया एक ऐसी जगह है, जहां पर आप बीच का लुत्फ उठा सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हनुवंतिया की खूबसूरती और इसकी खासियत के बारे में बताने जा रहे हैं।



**हनुवंतिया**

मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में इंदिरा सागर बांध के पास हनुवंतिया स्थित है। यह खंडवा शहर से करीब 45 किमी दूरी पर मौजूद है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से हनुवंतिया करीब 233 किलोमीटर दूर है। वहीं इंदौर से करीब 138 किमी, देवास से करीब 195 किमी और उज्जैन से 197 किमी दूर है।

**इस जगह की खासियत**

बता दें कि इंदिरा सागर बांध के बैकवाटर में स्थित हनुवंतिया मध्य प्रदेश की एक मनमोहक जगह है। हनुवंतिया को कई लोग आइलैंड या हनुवंतिया टापू के नाम से भी जानते हैं। इस जगह की खूबसूरती इस कदर प्रचलित है कि लोग इसको एमपी का श्मिनी गोवाश भी कहते हैं।

यह जगह अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ एक फेमस पर्यटन स्थल माना जाता है। यहां पर गर्मियों में भारी संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। हनुवंतिया टापू नीले रंग के पानी और खूबसूरती के कारण गोवा की याद दिलाता है। वहीं मानसून में हनुवंतिया की खूबसूरती अपने चरम पर होती है।

**सैलानियों के लिए क्यों है खास**

गर्मियों में हनुवंतिया को मध्य प्रदेश को एक परफेक्ट पॉइंट माना जाता है। खासकर वीकेंड में भारी संख्या में पर्यटक घूमने और पिकनिक मनाने के लिए पहुंचते हैं। हनुवंतिया का शांत और शुद्ध वातावरण पर्यटकों को खूब आकर्षित करता है। यह जगह अपनी खूबसूरती के अलावा एडवेंचर एक्टिविटी के लिए जाना जात है। यहां पर कई लोग सिर्फ एडवेंचर एक्टिविटी करने के लिए पहुंचते हैं।

**वॉटर स्पोर्ट्स के लिए है फेमस**

बता दें कि हनुवंतिया बीच मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा वाटर एक्टिविटी के लिए जाना जाता है। यहां पर कई सैलानी सिर्फ मोटरबोटिंग, गोताखोरी, जेट स्कीइंग, सर्फिंग और जोरबिंग के अलावा हॉट एयर बैलूनिंग और पैरा एक्टिविटीज जैसी शानदार और मजेदार एक्टिविटी के लिए पहुंचते हैं। हर साल हनुवंतिया आइलैंड में जल महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस महोत्सव में शामिल होने के लिए हर साल हजारों की संख्या में पर्यटक शामिल होते हैं।

**आसपास घूमने की जगहें**

बता दें कि हनुवंतिया के आसपास कई शानदार और खूबसूरत जगहें मौजूद हैं। जिनको आप ट्रिप के दौरान एक्सप्लोर कर सकते हैं। जैसे इंदिरा सागर बांध, घंटाघर, गौरी कुंज, नागचून बांध खंडवा, तुलजा भवानी माता मंदिर को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

...साभार प्रभ.

# भारतीय सेना युद्धभूमि में अडिग, संकट में राष्ट्र का संबल



योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष 15 जनवरी को भारतीय सेना दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष हम 78वां सेना दिवस मना रहे हैं। सेना दिवस के अवसर पर पूरा देश थलसेना के अदम्य साहस, जांबाज सैनिकों की वीरता, शौर्य और उसकी शहादत को याद करता है। इस विशेष अवसर पर जवानों के दस्ते और अलग-अलग रेजीमेंट की परेड के अलावा झांकियां भी निकाली जाती हैं और उन सभी बहादुर सेनानियों को सलामी दी जाती है, जिन्होंने देश और लोगों की सलामती के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। 15 जनवरी को ही यह दिवस मनाए जाने का विशेष कारण यही है कि 1899 में कर्नाटक के कुर्ग में जन्मे लेफ्टिनेंट जनरल केएम करियप्पा आज ही के दिन वर्ष 1949 में भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ बने थे। उन्होंने 15 जनवरी 1949 को ब्रिटिश जनरल फांसिस बुचर से भारतीय सेना की कमान संभाली थी। जनरल फांसिस बुचर भारत के आखिरी ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ थे।1953 में वे भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए और 94 वर्ष की आयु में 1993 में उनका निधन हुआ। केएम करियप्पा दूसरे ऐसे सेना अधिकारी थे, जिन्हें फील्ड मार्शल की उपाधि दी गई थी।



भारतीय थल सेना का गठन ईस्ट इंडिया कम्पनी की सैन्य टुकड़ी के रूप में कोलकाता में 1776 में हुआ था, जो बाद में ब्रिटिश भारतीय सेना बनी और देश की आजादी के बाद इसे 'भारतीय थल सेना' नाम दिया गया। भारतीय सेना की 53 छावनियां और 9 आर्मी बेस हैं और चीन तथा अमेरिका के साथ भारतीय सेना दुनिया की तीन सबसे बड़ी सेनाओं में शामिल है। हमारी सेना संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में सबसे बड़ी योगदानकर्ताओं में से एक है। यह दुनिया की कुछेक ऐसी सेनाओं में से एक है, जिसने कभी भी अपनी ओर से युद्ध की शुरूआत नहीं की। भारतीय सेना के ध्वज का बैकग्राउंड लाल रंग का है, ऊपर बाईं ओर तिरंगा झंडा, दाईं ओर भारत का राष्ट्रीय चिह्न और तलवार हैं। सेना दिवस के अवसर पर सेना प्रमुख को सलामी दी जाती रही है लेकिन 2020 में पहली बार सेना प्रमुख के स्थान पर देश के प्रथम सीडीएस बने जनरल बिपिन रावत को सलामी दी गई थी।

देश की आजादी के बाद भारतीय सेना पांच बड़े युद्ध लड़ चुकी है, जिनमें चार पाकिस्तान के खिलाफ और एक चीन के साथ लड़ा था। देश की आजादी के बाद 1947-48 में हुए भारत-पाक युद्ध को 'कश्मीर युद्ध' नाम से भी जाना जाता है, जिसके बाद कश्मीर का भारत में विलय हुआ था। 1962 में चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा धोखे से थाग-ला-रिज पर भारतीय सेना पर हमला बोल दिया गया था। उस जमाने में भातीय सेना के पास स्वचालित और आधुनिक हथियार नहीं होते थे, इसलिए चीन को रणनीतिक बढ़त मिली थी। 1965 के भारत-पाक युद्ध के बाद 1971 में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी। 13 दिनों तक चले उस युद्ध के बाद ही पाकिस्तान के टुकड़े कर बांग्लादेश का जन्म हुआ और पाकिस्तानी जनरल नियाजी के साथ 90 हजार पाक सैनिकों ने जांबाज भारतीय सेना के समक्ष हथियार डाल दिए थे। मई से जुलाई 1999 तक चले कारगिल युद्ध में तो भारतीय सेना ने पाकिस्तान को छठी का दूध याद दिला दिया था। आज पूरी दुनिया भारतीय सेना का लोहा मानती है। आधुनिक हथियारों और प्रौद्योगिकी के साथ भारतीय सेना एक विश्वस्तरीय सेना है। सेना दिवस के महत्वपूर्ण अवसर पर चीन द्वारा वर्तमान में लगातार पेश की जा रही चुनौतियों के दौर में भारतीय सेना की निरन्तर बढ़ती ताकत का उल्लेख करना बेहद जरूरी है। 2025 की 'ग्लोबल फायरपावर रिपोर्ट' के अनुसार भारतीय सेना की गिनती दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेनाओं में की जाती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय थल सेना के जखीरे में कई तरह के आधुनिक हथियार शामिल हैं, जिनमें आधुनिक टैंकों के साथ बैलिस्टिक मिसाइलें भी हैं। भारत की थल सेना के पास चार हजार से अधिक टैंक हैं। इसके अलावा भारतीय सेना के जखीरे में एक लाख से अधिक आर्म्ड व्हीकल भी शामिल हैं। थल सेना के पास 100 सेल्फ प्रोपेल्ड आर्टिलिरी, 3300 हल्की आर्टिलिरी भी हैं तथा थल सेना के बेड़े में करीब 1500 रॉकेट आर्टिलरी भी शामिल हैं।

भारतीय सैन्यबल में 14।45 लाख सक्रिय सैन्यकर्मी हैं, जो दुनिया में दूसरे नंबर पर है। सेना में 12 लाख से ज्यादा आरक्षित बल तथा बीस लाख अर्धसैनिक बल हैं। भारतीय थलसेना में 4600 से ज्यादा टैंक टी-72, टी-90, अर्जुन एमके-1, अर्जुन एमके-2 इत्यादि टैंक, 5 हजार से ज्यादा तोपें, 290 स्वचालित तोपें, 290 से ज्यादा रॉकेट तोपें तथा 8600 बख्तरबंद वाहन शामिल हैं। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय थलसेना हर परिस्थिति में चीनी सेना से बेहतर और अनुभवी है, जिसके पास युद्ध का बड़ा अनुभव है, जो कि विश्व में शायद ही किसी अन्य देश के पास हो। भले ही चीन के पास भारत से ज्यादा बड़ी सेना और सैन्य साजो-सामान है लेकिन आज के परिप्रेक्ष्य में दुनिया में किसी के लिए भी इस तथ्य को नजरअंदाज करना संभव नहीं हो सकता कि भारत की सेना को अब धरती पर दुनिया की सबसे खतरनाक सेना माना जाता है और सेना के विभिन्न अंगों के पास ऐसे-ऐसे खतरनाक हथियार हैं, जो चीनी सेना के पास भी नहीं हैं। धरती पर लड़ी जाने वाली लड़ाईयों के लिए भारतीय सेना की गिनती दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में होती है और कहा जाता है कि अगर किसी सेना में अंग्रेज अधिकारी, अमे. रिकी हथियार और भारतीय सैनिक हों तो उस सेना को युद्ध के मैदान में हराना असंभव होगा।

जापान के एक आकलन के मुताबिक भारतीय थलसेना चीन के मुकाबले ज्यादा मजबूत है। इस रिपोर्ट के अनुसार हिन्द महासागर के मध्य में होने के कारण भारत की रणनीतिक स्थिति बेहद महत्वपूर्ण है और दक्षिण एशिया में अब भारत का काफी प्रभाव है। अमे. रिकी न्यूज वेबसाइट सीएनएन की एक रिपोर्ट में भी दावा किया जा चुका है कि भारत की ताकत पहले के मुकाबले बहुत ज्यादा बढ़ गई है और युद्ध की स्थिति में भारत का पलड़ा भारी रह सकता है। बोस्टन में हार्वर्ड केनेडी स्कूल के बेलफर सेंटर फॉर साइंस एंड इंटरनेशनल अफेयर्स तथा वाशिंगटन के एक अमेरिकी सुरक्षा केन्द्र के अध्ययन में कहा जा चुका है कि भारतीय सेना उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में लड़ाई के मामले में माहिर है और चीनी सेना इसके आसपास भी नहीं फटकती।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बरेली-बदायूं में शाहनवाज राना को मिला अधिवक्ताओं का समर्थन

## यूपी बार काउंसिल सदस्य पद के प्रत्याशी शाहनवाज़ ने की अधिवक्ताओं से अपने लिए वोट व स्पोर्ट की अपील, दोनों जनपदों में हुई मीटिंग

■ यूपी बार काउंसिल के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शाहनवाज़ राना उ.प्र. बार काउंसिल चुनाव में दूसरी बार चुनावी मैदान में हैं जिनका क्रमांक संख्या 266 है, इससे पहले भी श्री राना 7 मई 2006 में अपने पहले चुनाव में सदस्य पद का चुनाव जीतकर सबसे कम आयु में उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे, जो अपने आप में अभी तक उ.प्र. बार काउंसिल में इतिहास है









## बरेली: हजारों की संख्या में मीटिंग में आए अधिवक्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उ.प्र. बार काउंसिल चुनाव में एक दिन का ही समय बचा है जिसका प्रथम चरण 16-17 जनवरी से शुरू हो रहा है। इसी क्रम में बुधवार को यूपी बार काउंसिल सदस्य पद के प्रत्याशी शाहनवाज़ राना पहले करीब 11 बजे बरेली कलक्ट्रेट पहुंचे और अधिवक्ताओं से मिलकर अपने लिए प्रथम वरीयता का मत एवं समर्थन मांगा उसके बाद सीजेएम कोर्ट के सामने ग्राउंड पंडाल में अधिवक्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण मीटिंग की जिसमें सैकड़ो अधिवक्तओं ने उपस्थित होकर उनका हार्दिक अभिनंदन किया। मीटिंग में उपस्थित अधिवक्ताओं ने अश्वस्त किया कि पूर्ण समर्थन देकर आपको विजय बनाएंगे। अधिवक्ताओं की उपस्थिति को देखकर शाहनवाज राना गदगद नजर आए। साथ ही उन्होंने कहा की अधिवक्ताओं के सम्मान और प्रतिष्ठा की खातिर हर वक्त में अपने अधिवक्ता भाईयों के साथ खड़ा रहूंगा।

बरेली बार एसोसिएशन के सचिव मनोज हरित की अगुवाई में इमारत हुसैन अंसारी, वसी अहमद, मुश्ताक नसीमुल्लाह, संजीव शंखधर, अनिल अग्रवाल, शशिकांत तिवारी आदि वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ मीटिंग में पहुंचे इससे पहले कलक्ट्रेट में भी श्री राना ने अधिवक्ताओं से मिलकर वोट मांगे बैठक में अधिवक्ताओं से जुड़े मुद्दों, बार काउंसिल चुनाव और संगठनात्मक मजबूती पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक के बाद सभी अधिवक्ताओं ने साथ बैठकर सौहार्दपूर्ण माहौल में लंच भी किया, जिससे आपसी एकता और सहयोग का संदेश दिया गया। इस दौरान शाहनवाज़ राना ने अधिवक्ताओं से संवाद कर समर्थन और सहयोग की अपील की, जिस पर कचहरी परिसर में सकारात्मक माहौल देखने को मिला। इस दौरान मो. इरफान मुनीम, मुमताज़ अली, जफरूद्दीन मंसूरी, मयूर तलवार, मौ. सुहैल एडवोकेट, अहसान हुसैन एडवोकेट, नदीम अहमद एडवोकेट, नसीम अहमद सिद्दीकी, वरूण कुमार, अमित सिंह, राहुल एडवोकेट, ऋषभ मिश्रा, आदर्श दिवाकर, मुनीब जैदी समेत हजारों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। और उनका भरपूर समर्थन मिला।

## बदायूं में भी अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** बरेली में अधिवक्ताओं से मुलाकात के बाद शाहनवाज राना सीधे बदायूं कलक्ट्रेट पहुंचे जहां पर अधिवक्ताओं ने उनका दिल खोलकर स्वागत किया और उनको प्रथम वरीयता का मत देने का भी भरोसा दिलाया जिसके बाद यूपी बार काउंसिल चुनाव के मद्देनजर एडवोकेट शाहनवाज राना ने एक अहम मीटिंग सीटी मॉल में आयोजित की गई जहां पर सैकड़ों अधिवक्ताओं ने शिरकत की। जिनमें मुख्य रूप से परवेज खान एडवोकेट, देवेश कुमार, अनिल कुमार, मनोज कुमार, श्याम कुमार दिवाकर, मो. मजरूद्दीन, बदरूल हसन खान, सलीमुद्दीन, फैजान सलीम, मो. शीराज आलम, दिवाकर भारती, सुनीता कुमारी, करन कुमार, नाजीमा, इशरत खातून, रिजवान, शब्बीर, प्रदीप शर्मा, कोकब अहमद, आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।





# लश्कर के आतंकी की हिंदुओं का गला काटने की धमकी

## वायरल वीडियो में कहा: कश्मीर को आजादी भीख मांगने से नहीं, हमे जिहाद का झंडा उठाना होगा

**इस्लामाबाद।** आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी अबू मूसा कश्मीरी ने हिंदुओं की गर्दन काटने की धमकी दी है। उसने यह बयान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में दिया। इसका वीडियो भी सामने आया है, हालांकि ये कब का है इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

वीडियो में अबू मूसा कहता है: कश्मीर मुद्दे का हल सिर्फ आतंकवाद और जिहाद से ही हो सकता है। आजादी भीख मांगने से नहीं, हिंदुओं की गर्दन काटने से मिलेगी। हमें जिहाद का झंडा उठाना होगा। अबू मूसा कश्मीरी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन जम्मू कश्मीर यूनाइटेड मूवमेंट का मेंबर है। उसका नाम अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकी हमले से भी जुड़ा था। अपने भाषण में अबू मूसा ने पाकिस्तानी नेताओं पर भी गंभीर आरोप लगाए। उसने कहा कि पाकिस्तान के नेता इस्लामी सिद्धांतों से भटक चुके हैं और जिहाद के रास्ते पर नहीं चल रहे हैं। उसने कहा जो नेता जिहाद के लिए प्रतिबद्ध नहीं है, उसे पाकिस्तान पर हुकूमत करने का कोई अधिकार नहीं है। मूसा ने दावा किया कि वह पहले भी ऐसे ही बयान मुजफ्फराबाद में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ हुई एक बैठक में दे चुका है। अबू मूसा पिछले साल 22 अप्रैल में हुए पहलगाम हमले में भी शामिल था। दैनिक भास्कर ने तब पड़ताल की थी कि आखिर पहलगाम अटैक के दौरान पाकिस्तान से आतंकियों को कौन आदेश दे रहा था। इस दौरान दो पाकिस्तानी हैंडलर के नाम मिले थे। पहला अबू मूसा और दूसरा रिजवान हनीफ। दोनों पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में लश्कर-ए-तैयबा के आपरेटिंग कमांडर हैं। इन्हीं दोनों ने मुरीदके में अफगान को ट्रेनिंग भी दी थी। हालांकि, सूत्रों का दावा था कि पहलगाम अटैक का मास्टरमाइंड अबू मूसा ही है। ये सैफुल्लाह कसूरी का करीबी भी है। पहलगाम हमले से 4 दिन पहले 18 अप्रैल को लश्कर के एक कार्यक्रम में अबू मूसा ने कश्मीर में हिंदुओं को मारने का जिक्र किया था।

■ **पाक नेताओं पर इस्लामी सिद्धांतों से भटकने का आरोप, पहलगाम हमले में भी शामिल था अबू मूसा**

## अमेरिका, त्रिनिदाद-टौबेगो, ऑस्ट्रिया के राजनयिकों के परिचय पत्र स्वीकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत में अमेरिका तथा ऑस्ट्रिया के नवनियुक्त राजदूतों और त्रिनिदाद-टोबैगो के नवनियुक्त उच्चायुक्त के परिचय-पत्र बुधवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में स्वीकार किए। अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर, त्रिनिदाद-टोबैगो के उच्चायुक्त चंद्रदत्त सिंह, ऑस्ट्रिया के राजदूत रॉबर्ट जशिग ने राष्ट्रपति से समारोह पूर्वक भेंट कर उन्हें अपने परिचय-पत्र सौंपे। राष्ट्रपति सचिवालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह समारोह भारत और इन देशों के बीच राजनयिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण अवसर है।

# इसरो का रॉकेट फेल, फिर भी स्पेनिश सैटेलाइट एक्टिव

## स्पेस से सिग्नल भेजा, सैटेलाइट भेजने वाली स्पेन की कंपनी बोली: किस रास्ते से पहुंचा, पता लगा रहे



**नई दिल्ली।** इसरो का पीएसएलवी-सी-62 मिशन सोमवार को फेल हो गया। उड़ान भरने के 8 मिनट बाद पीएसएलवी राकेट तय रास्ते से भटक गया। इसी राकेट से एक सैटेलाइट भेजने वाली स्पेन की कंपनी ने मंगलवार को कहा है कि उसे इसका सिग्नल मिला है। स्पेन की स्टार्टअप कंपनी आर्बिटल पैराडाइम ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि तकनीकी गड़बड़ी से पहले ही उनका केआईडी (केस्ट्रेल इनिशियल डेमोंस्ट्रेटर) सैटेलाइट राकेट से अलग हो चुका था। इसी वजह से उसे कोई नुकसान नहीं पहुंचा। आर्बिटल पैराडाइम ने यह भी बताया कि अब यह पता लगाया जा रहा है कि सैटेलाइट किस रास्ते से अंतरिक्ष में पहुंचा। उसके ट्रैजेक्ट्री से जुड़े पूरे तकनीकी आंकड़े और विश्लेषण बाद में एक विस्तृत रिपोर्ट के रूप में जारी किए जाएंगे। मिशन फेल होने के बावजूद कैप्सूल का सक्रिय हो जाना स्पेनिश कंपनी के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। यह एक टेस्ट और डेमोंस्ट्रेशन मिशन है, जिसका मकसद भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए तकनीक को परखना था। कंपनी के मुताबिक, केआईडी कैप्सूल का मकसद अंतरिक्ष में कुछ समय तक सक्रिय रहकर सिग्नल और तकनीकी डेटा भेजना था। इसके बाद योजना यह थी कि कैप्सूल धरती के वायुमंडल में दोबारा प्रवेश करे, इस दौरान बनने वाली तेज गर्मी (हीट) को झेले और अंत में समुद्र में गिरकर (स्प्लैशडाउन) अपना मिशन पूरा करे। हालांकि फिलहाल कैप्सूल अंतरिक्ष में ही सक्रिय है। इसरो के मुताबिक पीएसएलवी-सी-62 मिशन थर्ड स्टेज के आखिर में गड़बड़ हुआ। टेलीमेट्री डेटा में पता चला कि राकेट के रोल रेट (घूमने की गति/कंट्रोल) में डिस्टर्बेंस आ गई, यानी राकेट अनियंत्रित होकर घूमने लगा और अपना तय फ्लाइट पाथ छोड़कर भटक गया। इसरो चीफ वी. नारायणन ने कहा कि तीसरे स्टेज के अंत तक प्रदर्शन सामान्य था, उसके बाद रोल रेट में गड़बड़ी और फ्लाइट पाथ में डेविएशन दिखा। फिलहाल इसरो डेटा एनालिसिस कर रहा है।

# ट्रम्प की सैन्य शक्ति को सीमित करने की कवायद तेज

## अमेरिका के सांसदों ने पेश किया सीनेट में विधेयक, ग्रीनलैंड पर हमले के लिए धन नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सांसदों (सीनेटर) ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ग्रीनलैंड सहित किसी भी नाटो सदस्य देश या क्षेत्र पर हमला करने या कब्जा करने से रोकने के लिए एक विधेयक पेश किया है। पेश किया गया 'नाटो यूनिटी प्रोटेक्शन एक्ट' विधेयक रक्षा विभाग और विदेश विभाग को किसी भी नाटो सदस्य देश के क्षेत्र की 'नाकेबंदी करने, कब्जा करने, विलय करने या नियंत्रण स्थापित करने' के लिए धन के उपयोग पर रोक लगाने का प्रावधान करता है। इसके अलावा, रिपब्लिकन पार्टी के सीनेटर डॉन बेकन ने डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों के साथ मिलकर एक ऐसा विधेयक पेश किया है, जो राष्ट्रपति को ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के लिए सैन्य बल का उपयोग करने से पहले ही रोकने का प्रयास करता है। बेकन ने एक बयान में लिखा कि सोमवार को पेश किया गया 'नो फंड्स फॉर नाटो इन्वेघ्न एक्ट' विधेयक किसी भी नाटो सदस्य देश या नाटो-संरक्षित क्षेत्र पर आक्रमण के लिए संघीय धन के उपयोग को प्रतिबंधित करेगा। सांसदों ने 80 साल पुराने नाटो गठबंधन को अमेरिका और यूरोपीय सहयोगियों के बीच शांति और सहयोग की नींव बताया और कहा कि इससे आर्थिक अवसर बढ़े हैं, सुरक्षा बेहतर हुई है और सहयोगियों के साथ शांति स्थापित हुई है।



सांसदों ने एक बयान में कहा कि हमें भड़काऊ बयानबाजी बंद करनी चाहिए, अपने साझा अवसरों का लाभ उठाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन लोगों के वास्तविक खतरों का मुकाबला करना चाहिए, जो हमारे मूल्यों को साझा नहीं करते हैं। बिल कीटिग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि आज शाम मैंने द्विदलीय 'नो फंड्स फॉर नाटो इन्वेन एक्ट' विधेयक पेश किया, जो ट्रम्प प्रशासन को किसी भी नाटो सहयोगी के क्षेत्रों पर आक्रमण करने से रोकता है। नाटो लगभग 80 वर्षों से अमेरिका और यूरोप के बीच शांति की नींव रहा है और इसने अमेरिकियों को सुरक्षित बनाया है। हमें नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ हमारी रक्षा को मजबूत किया है। मैं अपने सहयोगियों के समर्थन की सराहना करता हूं, क्योंकि हम इस विधेयक को आगे बढ़ा रहे हैं।

### राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज बना रही है अमेरिका में दूत भेजने की योजन

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज इस हफ्ते वाशिंगटन में एक दूत भेजने की योजना बना रही हैं, क्योंकि डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन तेल से समृद्ध इस दक्षिण अमेरिकी देश में अपना दूतावास फिर से खोलने की संभावना पर विचार कर रहा है। ब्लूमबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि ब्रिटेन में वेनेजुएला के राजदूत और पूर्व विदेश मंत्री फेलिक्स प्लासेंसिया श्रीमती रोड्रिग्ज के कहने पर वाशिंगटन में वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों से मिलने की योजना बना रहे हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना®

गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरूष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
Google Justdial :-
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर